आज का
तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 29°C | 13°C |

इनसाइड न्यूज

मान सरोवर के दीप शिखा अपार्टमेंट में महाशिवरात्रि पर भव्य आयोजन...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

मंगलवार 17 फरवरी, 2026 / पेज: 12 / मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 127 www.janexpresslive.com/epaper



राहुल को संसद चलाने में रूचि नहीं: रिजिजू 12

# राजस्थान की केमिकल फैक्ट्री में धमाका, 8 लोग जिंदा जले

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अलवर

भिवाड़ी खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार सुबह एक फैक्टरी में तेज धमाके के बाद भीषण आग लग गई। आग ने फैक्ट्री परिसर को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। घटना में आठ लोग जिंदा जल गए, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही आसपास की फैक्ट्रियों में काम कर रहे मजदूर और कर्मचारी बाहर निकल आए। पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।



### फैक्टरी में बंद होने के बावजूद भारी नुकसान

दमकल इंचार्ज राजू खान ने बताया कि यह हादसा औद्योगिक क्षेत्र के प्लॉट नंबर त्न-1, 118 में हुई। शुरुआती जांच में पता चला कि यह फैक्टरी कई महीनों से बंद थी, लेकिन आग लगने के समय परिसर में बड़ी मात्रा में गत्ते का स्टॉक रखा हुआ था। सुबह करीब 10 बजे अचानक फैक्टरी के अंदर धुआं उठता दिखाई दिया और कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने के दौरान 3-4 बार जोरदार धमाके हुए, जिससे आसपास के लोग दहशत में आ गए। धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनी गई। प्राथमिक अंदेशा है कि फैक्ट्री में रखे गैस सिलेंडर फटने से यह तेज धमाके हुए।

### मंत्री बोले-गैरकानूनी तरीके से बनाए जा रहे थे पटाखे

मंत्री संजय शर्मा ने कहा-यह गारमेंट जोन है, यहां दूसरा व्यवसाय नहीं हो सकता, लेकिन गैरकानूनी तरीके से पटाखे बनाने का काम गेट पर ताले लगाकर किया जा रहा था। मृतकों की पहचान डीएनए से कराई जा रही है। अधिकतर मजदूर बिहार के बताए जा रहे हैं। खैरथल-तिजारा जिला कलेक्टर बिहार के मोतिहारी जिले के कलेक्टर से लगातार संपर्क में हैं। राज्य सरकार ने एक कमेटी गठित की है। जिला प्रशासन, खासकर रीको को निर्देशित किया गया है। पूरे भिवाड़ी और खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया जाएगा। फैक्ट्री जिस काम के लिए रजिस्टर्ड है, उसके अलावा कोई अन्य काम होता पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी।

### फैक्ट्री मैनेजर हिरासत में

पुलिस सुबह से फैक्ट्री मालिक और मैनेजर से संपर्क करने की कोशिश कर रही थी। काफी कोशिश के बाद फैक्ट्री के मैनेजर अभिनंदन से फोन पर बात हो पाई। अब पुलिस ने उसे थाने बुलाने के बाद हिरासत में ले लिया है। पुलिस फैक्ट्री मैनेजर से पूछताछ कर रही है।

### दमकल और प्रशासन की कार्रवाई

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की करीब आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग बुझाने के लिए दमकल कर्मियों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी, क्योंकि फैक्टरी में रखा गत्ता तेजी से जल रहा था। आग पर काबू पाने के लिए घंटों मशक्कत करनी पड़ी। एहतियात के तौर पर आसपास की अन्य फैक्ट्रियों को खाली कराया गया और बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद कर दी गई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। शुरुआती अनुमान के अनुसार लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

### राहत और बचाव कार्य

भिवाड़ी, तिजारा, धारूहेड़ा, रेवाड़ी सहित कई जगहों से दमकल की टीमें मौके पर पहुंचीं। प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिला प्रशासन को राहत और बचाव कार्य के लिए निर्देशित किया। वन और पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा विधानसभा जयपुर से मौके के लिए रवाना हुए और जिला प्रशासन से पल-पल की जानकारी ले रहे हैं।

### जांच जारी

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट, धमाके या किसी अन्य कारण से लगी। प्रशासन ने औद्योगिक क्षेत्र की अन्य इकाइयों को सुरक्षा मानकों की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## फरीदाबाद में बड़ा हादसा: फैक्टरी में फटे कई केमिकल ड्रम, 30 से अधिक मजदूर झुलसे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। फरीदाबाद

फरीदाबाद हरियाणा के फरीदाबाद स्थित मुजेसर इलाके में एक निजी कंपनी में सोमवार शाम को हुए एक भीषण हादसे में 30 से अधिक कर्मचारी झुलस गए। कंपनी में मेटल शीट कटिंग का काम होता है, जिसके लिए सीएनसी मशीनें लगी हैं। शाम के समय जब कर्मचारी काम कर रहे थे, तभी वहां रखे एक केमिकल ड्रम में अचानक धमाका हो गया। इसके बाद एक के बाद एक कई ड्रम फटते चले गए, जिससे आग लग गई और कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई।



### हादसे का विवरण और बचाव कार्य

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम को कंपनी में कर्मचारी अपना काम कर रहे थे। इसी दौरान, अचानक एक ड्रम में विस्फोट हुआ। इस विस्फोट ने आस-पास रखे अन्य ड्रमों को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे कई और ड्रम फट गए। इस धमाके और आग की चपेट में आकर 30 से अधिक कर्मचारी झुलस गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। बचाव कार्य शुरू कर दिया गया और घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल और आसपास के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि आखिर किस कारण से यह धमाका हुआ।



### 20 से 25 ड्रम फटे

मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि करीब 20-25 ड्रम थे, जो एक बाद एक विस्फोट हो रहे थे। इस विस्फोट से करीब 100 मीटर में खड़े वाहन दुपहिया व कार जल के राख हो गए।

### दमकल और पुलिस कर्मी भी आए चपेट में

घटना स्थल पर करीब 20 एम्बुलेंस पहुंची हैं। एक एम्बुलेंस चालक रवि ने बताया कि इसमें पुलिस कर्मचारी व दमकल विभाग के कर्मचारी भी जख्मी हुए हैं। सभी का बीके अस्पताल में उपचार चल रहा है। इनमें से कई गंभीर घायल हैं।

### मजदूर ही नहीं अन्य लोग भी आए चपेट में

घायल विपिन ने बताया कि वह धमाके वाली जगह से 500 मीटर दूर सड़क पर थे, उनके साथ अन्य राहगीर लोग भी इसकी चपेट में आए हैं। कंपनी के आसपास खुली दुकान संचालक भी इसकी चपेट में आ गए हैं।

### जगमेश ने पेश की बहादुरी की मिसाल

दमकल विभाग के कर्मचारी जगमेश भी इस हादसे की चपेट में गंभीर रूप से झुलस गए। उसके बावजूद घायल अवस्था में पांच लोगों को साथ लेकर वाहन चलाते हुए अस्पताल पहुंचे। यहां घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है, उनका उपचार किया जा रहा है, जिसके चलते परिजनों को भी मिलने नहीं दिया जा रहा। कई घायल 70 से 80 फीसदी तक झुलसे हुए हैं।

### जांच और सुरक्षा पर सवाल

यह घटना औद्योगिक सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े करती है। जिस तरह से एक के बाद एक कई ड्रम फटे, उससे लगता है कि कंपनी में सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी खामियां थीं। मेटल शीट कटिंग के काम में इस्तेमाल होने वाले रसायनों के भंडारण और उनकी सुरक्षा को लेकर बरती गई लापरवाही इस हादसे का कारण हो सकती है।

### दिए गए जांच के आदेश

प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। कंपनी प्रबंधन से भी जवाब मांगा गया है। प्रशासन का कहना है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे और सभी औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा जांच की जाएगी। घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए गए हैं।

# भारत में रहेंगे, लेकिन वंदे मातरम नहीं गाएंगे, ये नहीं चलेगा : योगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी विधान परिषद में सीएम योगी ने राज्यपाल के अभिभाषण पर कहा, विपक्ष से किसी तरह की उम्मीद करना बेवकूफी है। पहले की सरकारों ने यूपी को अपराध का गढ़ बना दिया था। कर्फ्यू यहां की पहचान बन गई थी। वंदे मातरम् का 150वां साल चल रहा। मैं पूछता हूं, सपा-कांग्रेस आखिर इसका विरोध क्यों कर रहे? इस देश में रहोगे और यहां के राष्ट्रीय गीत पर खड़े नहीं होगे। पहली की सरकारों का विकास परिवारवादी था। जेपीएनआईसी का उदाहरण देते हुए विपक्ष पर निशाना साधा। कहा कि 800 करोड़ खर्च हो गए वह फिर अधूरा है। हमने जेपी के जन्मभूमि पर अस्पताल बनवाया।1400 करोड़ खर्च हो गए, फिर भी गोमती रिवर फ्रंट का प्रोजक्ट अधूरा है, यह महज 300 करोड़ का प्रोजेक्ट था।



### युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हुआ

सीएम योगी ने कहा, सरकार ने अपने कार्यकाल में अराजकता फैलाई। इसीलिए युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हुआ। किसान सुसाइड के लिए मजबूर हुआ। आज जल, थल, नभ तीनों यूपी के अंदर देखने को मिलता है। यूपी में पहली रैपिड रेल का उद्घाटन 22 फरवरी को होगा। आज यूपी में सुरक्षा का बेहतरीन वातावरण है। मेरठ से दिल्ली सिर्फ 45 मिनट में तय होता है। आज 22 एक्सप्रेसवे वाला राज्य यूपी है। इनमें 7 क्रियाशील हो चुके हैं और 5 निर्माणाधीन हैं। 10 पर हम काम कर रहे हैं। ▸ संबंधित खबर पेज 03 पर

### प्रदेश में बेरोजगारी की दर 2.24 फीसदी तक आ गई

सीएम योगी ने कहा, 'सीएम युवा उद्यमी' स्कीम से काम चल रहा है। हर साल एक लाख युवा उद्यमी बन सकें, इसके लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ईवी के पहली यूनिट लखनऊ में स्थापित हुई है। 20 हजार से अधिक स्टार्ट अप यूपी में चल रहे हैं। प्रदेश में बेरोजगारी की दर 2.24 फीसदी तक आ गई है। हर गांव में खेल का मैदान हो, इसके लिए भी प्रयासरत हैं। इलेक्ट्रिक व्हीकल के बाजार में यूपी की धमक है। खरीदे जा रहे वाहनों 19 फीसदी हिस्सा यूपी का है। तिपहिया वाहनों में 40 फीसदी से अधिक यूपी का हिस्सा है।

### प्रदेश की जनता को पहले ही मिलना चाहिये था कानून का राज

मुख्यमंत्री योगी ने कहा, राज्यपाल एक अनुभवी राजनेता होने के साथ आज प्रदेश सरकार की संवैधानिक प्रमुख के रूप में अपना मार्गदर्शन और नेतृत्व सभी को प्रदान कर रही हैं। उनके प्रति अभद्र व्यवहार समाजवादी पार्टी की वास्तविक सोच और प्रतिपक्ष की नकारात्मक दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है। पिछले नौ वर्ष में प्रदेश ने एक अपनी यात्रा तय की है। यह यात्रा अपराध और अव्यवस्था से अनुशासन, कर्फ्यू से कानून के राज, उपद्रव से उत्सव की यात्रा, समस्या से समाधान और अविश्वास से आत्मविश्वास की यात्रा है। इस यात्रा को देश और दुनिया स्वीकार करती है। वे कहते हैं कि उत्तर प्रदेश में बदलाव आया है। यह अधिकार प्रदेश की 25 करोड़ जनता को पहले ही मिलना चाहिये था लेकिन अपने संकुचित एजेंडे को लेकर चलने वाली सरकारों ने प्रदेश के भविष्य और जनता जनार्दन के साथ खिलवाड़ किया। उनके सामने पहचान का संकट खड़ा किया। प्रदेश को अराजकता, अव्यवस्था, अपराध का एक गढ़ बना दिया। इस दौरान कर्फ्यू यहां की पहचान बन गई थी। उत्तर प्रदेश को भारत के शाश्वत मूल्यों की आधारभूमि माना जाता है, उसमें किस प्रकार की अव्यवस्था थी, यह हम सबने देखा है। वहीं डबल इंजन सरकार की स्पष्ट नीति, साफ़ नीयत, सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता से आज उत्तर प्रदेश ने बॉटलनेक से देश की अर्थव्यवस्था का ब्रेकथॉट बनाने में सफलता प्राप्त की है।

### मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा यूपी

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब यूपी रेवन्यू सरप्लस और उत्सव प्रदेश के रूप में अपनी यात्रा को लेकर मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में दुनिया के सबसे बड़े एआई इंपेक्ट समिट का उद्घाटन किया है। यह पांच दिनों तक देश और दुनिया के 18 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्षों की उपस्थिति में चलेगा। इस समय जब दुनिया तेजी से इमर्जिंग टेक्नोलॉजी की ओर बढ़ रही है, तब भारत भी इस दिशा में मजबूत और दूरदर्शी रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है।

### विकास विरोधी सोच के माहौल को हमने बदला

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में नीतिगत उदासीनता, प्रशासनिक शिथिलता और विकास विरोधी सोच का जो माहौल था, उसे बीते वर्षों में पूरी तरह बदलने का प्रयास किया गया। अनुशासन, निर्णायक नेतृत्व, स्पष्ट नीति और शुद्ध नीयत के माध्यम से शासन-प्रशासन को एक नई दिशा देने का कार्य किया गया है। इसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है। डबल इंजन सरकार के कार्यों का प्रभाव भी प्रदेश में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

## महाशिवरात्रि पर कुट्टू का आटा खाना से 100 से अधिक बीमार

जन एक्सप्रेस। ग्रेटर नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की इको विलेज-3, हिमालया प्राइड और रॉयल कोर्ट सोसाइटी के निवासियों को महाशिवरात्रि पर कुट्टू का आटा खाना भारी पड़ गया। कुट्टू का आटा खाने से तीनों सोसाइटी में 100 से अधिक लोग बीमार हो गए। इनमें बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं भी शामिल रहीं। सभी को उल्टी-दस्त व पेट दर्द की समस्या रही। देर रात तक 40 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाकी ने घर पर दवा ली। वहीं घटना के अगले दिन खाद्य विभाग हरकत में आया और आटे के नमूने लिए है।



### मार्केट की दुकान से आए थे कुट्टू का आटा

महाशिवरात्रि पर रविवार को शहर के काफी लोगों ने व्रत रखा था। इनमें ग्रेनो वेस्ट की इको विलेज-3, रॉयल कोर्ट और हिमालया प्राइड सोसाइटी के निवासी भी शामिल हैं। सभी ने अपनी-अपनी सोसाइटी की मार्केट की दुकान से कुट्टू का आटा खरीदा। जो ए-प्योर ब्रांड का था और पैकिंग में था।

### रात 12 बजे बिगड़ी बात

व्रत खोलने के बाद लोगों ने कुट्टू के आटे के पकवान खाए। रात करीब 8 बजे के बाद लोगों की तबीयत खराब होने लगी। निवासियों ने बताया कि पहले हाथ-पैर सुन होने लगे। उसके बाद उल्टी-दस्त शुरू हो गए। पेट दर्द की समस्या भी रही। शुरूआत में लोगों ने ध्यान नहीं दिया और अस्पताल जाने लगे, लेकिन रात 12 बजे तक स्थित खराब हो गई। एक के बाद एक लोग सेक्टर-3 स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचे। बीमार होने वालों में बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं भी शामिल रहीं। कई परिवार ऐसे थे, जिनके 6 से 7 सदस्य बीमार थे। सभी को भर्ती कर अस्पताल में इलाज किया गया। सोमवार शाम तक कुछ लोगों को छुट्टी देकर घर भेज दिया गया, लेकिन कुछ का अभी भी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### जगह पड़ गई कम, लगाने पड़े अतिरिक्त बेड

बीमार होने के बाद लोग सेक्टर-3 स्थित न्यूमेड अस्पताल पहुंचने लगे, लेकिन कुछ ही देर में आपातकालीन वार्ड के सभी बेड भर गए। उसके बाद वार्ड के बाहर लॉबी में अतिरिक्त बेड लगाए गए, लेकिन लोगों का आना कम नहीं हुआ। कुछ लोगों को आसपास के अस्पताल भेजा गया। जबकि कुछ को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। न्यूमेड में 25 से अधिक लोग भर्ती रहे। सोमवार शाम तक कुछ को छुट्टी देकर घर भेज दिया गया।

### पीएम मोदी की मेरठ जनसभा की तैयारियां तेज, लगा जर्मन हैंगर, 1200 पुलिसकर्मी संभालेंगे सुरक्षा

जन एक्सप्रेस। मेरठ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित जनसभा को लेकर मोहिउद्दीनपुर में तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। सभा स्थल पर लगाए जा रहे अत्याधुनिक जर्मन हैंगर का 80 प्रतिशत कार्य रविवार शाम तक पूरा कर लिया गया है। सोमवार से पंडाल के भीतर पीएम के मुख्य मंच (डायस) का निर्माण कार्य शुरू होगा। 200 से अधिक कर्मचारी दिन-रात पंडाल को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। मोहिउद्दीनपुर स्थित इंटीग्रेटेड न्यू टाउनशिप की जमीन से पीएम मोदी कई बड़े संदेश देने की तैयारी में हैं।

## अभिनेत्री अमीषा पटेल के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी, समन के बाद भी कोर्ट में नहीं हुई हाजिर

जन एक्सप्रेस। मुरादाबाद

फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। वह समन भेजने के बावजूद कोर्ट में हाजिर नहीं हो रही थी। अभिनेत्री पर 2017 में शादी समारोह में कार्यक्रम के नाम पर 14.50 लाख रुपये लेने के बाद भी नहीं आने का आरोप है। आयोजक पवन वर्मा ने कोर्ट में मुकदमा दाखिल किया था। डबल फाटक निवासी एक इवेंट कंपनी के मालिक पवन वर्मा ने बताया कि 16 नवंबर 2017 को आयुष अग्रवाल की शादी में अमीषा पटेल को बुलाया गया था। उन्होंने 14.50 लाख रुपये का अग्रिम भुगतान किया था। शहर के दिल्ली रोड होलीडे रीजेंसी होटल में ठहरने और भोजन की व्यवस्था भी की थी। फिर भी अभिनेत्री अमीषा पटेल मुंबई से मुरादाबाद नहीं पहुंचीं। बातचीत करने पर उन्होंने पूरी राशि वापस करने का वादा किया था। इस बीच अभिनेत्री की तरफ से 10 लाख रुपये नकद और 4.50 लाख रुपये का चेक दिया गया लेकिन यह बाउंस हो गया था। इस मामले में पवन वर्मा ने कोर्ट में मुकदमा दायर किया। इस मामले में अतिरिक्त सिविल जज (जूनियर डिवीजन) कोर्ट ने अमीषा पटेल को उपस्थित होने के लिए कई बार समन भेजा था लेकिन वह हाजिर नहीं हुई। अब कोर्ट ने कोर्ट में हाजिर होने के लिए गैर जमानती वारंट जारी कर दिया है। पवन वर्मा का कहना कि अमीषा पटेल न्याय से बचने का प्रयास कर रही हैं।

### अमीषा ने पूरी राशि लौटा दी है

अमीषा पटेल के अधिवक्ता अभिषेक शर्मा का कहना कि यह 2017 का पुराना विवाद है। समझौते के बाद अभिनेत्री ने पूरा पैसा वापस लौटा दिया था। पवन वर्मा केस का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि अमीषा पटेल शीघ्र ही कोर्ट में पेश होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगी।

# उत्तर प्रदेश भाजपा में 'शांत' केंद्रीय नेतृत्व, अटकी नियुक्तियाँ और टलता मंत्रिमंडल विस्तार: क्या संकेत हैं?

जन एक्सप्रेस । लखनऊ/नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई में पिछले कुछ समय से दिख रही खींचतान- मुख्यमंत्री, मंत्रियों, विधायकों और संगठन पदाधिकारियों के बीच बयानबाज़ी ने सियासी हलकों में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। केंद्रीय नेतृत्व की सार्वजनिक चुप्पी, कई निगमों में लंबित नियुक्तियाँ, दो दर्जन से अधिक जिलों में जिला-महानगर अध्यक्षों की देरी और बार-बार चर्चा में आकर भी टलता मंत्रिमंडल विस्तार- ये सभी संकेत क्या किसी बड़े बदलाव की आहट हैं, या फिर यह रणनीतिक संतुलन साधने की प्रक्रिया है?



### केंद्रीय नेतृत्व की चुप्पी: 'वेट एंड वॉच' की रणनीति?

भाजपा की कार्यप्रणाली में अक्सर बड़े निर्णय अंतिम समय तक गोपनीय रखे जाते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि:

- राज्य स्तर की खींचतान पर केंद्रीय नेतृत्व सार्वजनिक प्रतिक्रिया देने से बचता है।
- पहले आंतरिक रिपोर्ट, फीडबैक और संगठनात्मक आकलन लिया जाता है।
- सार्वजनिक अनुशासन बनाए रखने के लिए 'इन-हाउस मैनेजमेंट' को प्राथमिकता दी जाती है।
- कई बार चुप्पी असहमति नहीं, बल्कि बड़े फैसले से पहले की तैयारी भी हो सकती है।

### खाली निगम, बोर्ड और जिला-महानगर अध्यक्षों की देरी

*प्रदेश में कई निगम, बोर्ड और आयोगों में नियुक्तियाँ लंबित हैं। वहीं लगभग 2 दर्जन से अधिक जिलों में जिला-महानगर अध्यक्षों की घोषणा में भी देरी ने कार्यकर्ताओं के बीच असंतोष की फुसफुसाहट बढ़ाई है। संभावित कारण:*

- **सामाजिक संतुलन:** जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों को साधने में सावधानी।
- **लोकसभा चुनाव बाद पुनर्गठन:** नए राजनीतिक समीकरणों के अनुरूप टीम बनाने की कोशिश।
- **आंतरिक दावेदारी:** एक पद पर कई दावेदार- सहमति बनने में समय।
- यह देरी संगठन के भीतर शक्ति संतुलन की प्रक्रिया का हिस्सा भी हो सकती है।

### बार-बार टलता मंत्रिमंडल विस्तार: आखिर क्यों?

पिछले कुछ महीनों में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा कई बार तेज हुई, लेकिन हर बार अंतिम क्षणों में मामला रुक गया। इसके पीछे कई राजनीतिक कारण माने जा रहे हैं:

**(क) सामाजिक और क्षेत्रीय समीकरण:**

मंत्रिमंडल विस्तार केवल प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि राजनीतिक संदेश भी होता है। किन जातीय समूहों, क्षेत्रों और वरिष्ठ नेताओं को प्रतिनिधित्व मिले- इस पर गहन मंथन चलता है।

**(ख) प्रदर्शन का आकलन:**

कुछ मंत्रियों के प्रदर्शन, विभागीय कार्यशैली और जनप्रतिनिधियों से तालमेल पर केंद्रीय स्तर से रिपोर्ट ली जाती है। जब तक व्यापक सहमति न बने, विस्तार टल सकता है।

**(ग) संगठन-सरकार संतुलन:**

यदि संगठन में असंतोष है, तो मंत्रिमंडल विस्तार को संगठनात्मक फेरबदल से जोड़कर देखा जाता है- यानी पहले जिला-महानगर अध्यक्ष और निगमों की नियुक्ति, फिर कैबिनेट विस्तार।

**(घ) राजनीतिक संदेश का समय:**

कभी-कभी विस्तार को किसी बड़े राजनीतिक अवसर या चुनावी तैयारी के साथ जोड़ा जाता है, ताकि उसका असर अधिकतम हो।

### विधायक बनाम अधिकारी: बढ़ती बयानबाज़ी

**प्रदेश में कई मौकों पर विधायकों और अधिकारियों के बीच सार्वजनिक टकराव देखने को मिला है।**

- **विधायकों का आरोप-** नौकरशाही जनप्रतिनिधियों की अनदेखी कर रही है।
- **अधिकारियों का पक्ष-** वे शासन की निर्धारित प्रक्रिया और नियमों के तहत काम कर रहे हैं।
- यह स्थिति सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता की ओर इशारा करती है।

### क्या भाजपा और सरकार में अंतर्द्वंद्व?

- राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि इसे खुला अंतर्द्वंद्व कहना अतिशयोक्ति होगी, लेकिन 'साइलेंट पावर बैलेंस' की स्थिति जरूर दिखती है।
- संगठन चाहता है कि कार्यकर्ताओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व और सम्मान मिले।
- सरकार प्रशासनिक नियंत्रण और निर्णय-क्षमता बनाए रखना चाहती है।
- भाजपा जैसे कैडर-आधारित दल में यदि संगठनात्मक अपेक्षाएँ पूरी न हों, तो असंतोष सतह पर आ सकता है।

### संकट या रणनीतिक पुनर्संतुलन?

खाली निगम, जिला-महानगर अध्यक्षों की देरी, टलता मंत्रिमंडल विस्तार और विधायकों-अधिकारियों की बयानबाज़ी इन सभी को जोड़कर देखना जरूरी है। यह तस्वीर किसी बड़े राजनीतिक संकट का संकेत भी हो सकती है, लेकिन उतनी ही संभावना यह भी है कि पार्टी 2027 की रणनीति को ध्यान में रखते हुए संगठन और सरकार के बीच व्यापक पुनर्संतुलन की प्रक्रिया में है। केंद्रीय नेतृत्व की चुप्पी फिलहाल रहस्य जरूर पैदा कर रही है, लेकिन भाजपा के पिछले राजनीतिक इतिहास को देखें तो बड़े फैसले अक्सर अचानक और सुनियोजित तरीके से सामने आते हैं।

# कालिंजर महोत्सव में चला फाइलेरिया जागरूकता अभियान

- 250 से अधिक आंगतुकों को खिलाई फाइलेरिया रोधी दवाएं, नौ मरीजों को मिली एमएमडीपी किट
- सीएमओ ने कहा, दवा खाना ही इस दीर्घकालिक बीमारी से बचने का एकमात्र उपाय

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



जिले के एकमात्र ब्लाक नरैनी में भी फाइलेरिया संक्रमण कम करने के लिए स्वास्थ्य विभाग तरह-तरह के प्रयास कर रहा है। ब्लाक के 3.36 लाख लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने के लिए स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने दवा खिला रहे हैं।इसी क्रम में ब्लाक में लगे कालिंजर उत्सव में भी विभाग ने कैंप लगाकर 250 से अधिक लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई। इसके अलावा नौ फाइलेरिया मरीजों को रुग्णता प्रबंधन एवं रोकथाम किट (एमएमडीपी) वितरित की गई। रविवार से शुरू हुए कालिंजर उत्सव में रोजाना 1200 से 1300 विजिटर आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए वहां अपना स्टाल लगाया है।और आने वाले सभी लोगों को लीफलेट देकर व मौखिक रूप से फाइलेरिया के प्रति जागरूक कर रहे हैं। सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विजेंद्र सिंह ने मेले में पहुंचकर लोगों को संबोधित किया।स्टाल में आ रहे लोगों को डीजीसी सदस्य तुर्रा के प्रधान ब्रज मोहन और सीएचओ- पीएसपी सदस्य फाइलेरिया रोगी रज्जू ने भी जागरूक किया। सीएमओ ने उपस्थित लोगों से कहा कि प्रदेश फाइलेरिया उन्मूलन की ओर अग्रसर है।नरैनी ब्लाक को भी इस बीमारी से मुक्त कराना है। इसके लिए सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान चलाया जा रहा है। ब्लाक के सभी पात्र तीन लाख 36 हजार लोगों को 28 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान के दौरान फाइलेरियारोधी दवाएं खिलाई जाएंगी है। यही फाइलेरिया जैसी गंभीर व दीर्घकालिक बीमारी से बचाव का एकमात्र उपाय है। अभियान के तहत फाइलेरियारोधी दवाएं आईवरमेक्टिन, डीईसी और एल्बेंडाजोल, स्वास्थ्यकर्मियों के सामने खिलाई जाएंगी। एक साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं व अत्यंत गंभीर मरीजों के अलावा सभी लोग स्वधर्म समझकर फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करें।जिला मलेरिया अधिकारी पूजा अहिरवार ने बताया कि फाइलेरिया, (हाथीपांव) मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने वाला संक्रामक तथा दिव्यांगता उत्पन्न करने वाला रोग है। पहले यह जिले के 10 ब्लाक में फैला था लेकिन दवा सेवन का उच्च कवरेज प्राप्त होने के कारण नौ ब्लाक में प्रसार काफी कम हो गया है, इसलिए इस बार सिर्फ नरैनी ब्लाक में आईडीए अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होने बताया कि आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर दवा खिलाएंगी। यदि किसी कारणवश घर पर दवा सेवन संभव न हो, तो आशा कार्यकर्ता के घर को डिपो के रूप में चिन्हित किया गया है।जहाँ जाकर दवा का सेवन किया जा सकता है। मेले में बायोलाजिस्ट अतुल कुमार, नरैनी सीएचसी अधीक्षक डा विकास कुमार, सीडीपीओ प्रियाशी पटेल आदि मौजूद रहे।

# परमात्मा की कृपा के बिना मानव को नहीं मिलता है सत्संग: सीताशरण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



धर्मनगरी के सीतापुर स्थित रामायण मेला परिसर में चल रहे 53वें राष्ट्रीय रामायण मेले के दूसरे दिन सोमवार को श्रीराम कथा सत्र, विद्वत सभा व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्वानों, शोधार्थियों व कलाकारों ने अपनी विचारों व प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर दर्शकों का

द्वितीय दिवस आयोजित श्रीराम कथा सत्र में विभिन्न संतों, मनीषीयों, धर्माचार्यों एवं श्रीरामचरित मानस पर शोध करने वाले शोधार्थियों अपने विचार व्यक्त किए। जिसमें छिंदवाड़ा के सीताराम शरण रामायणी ने बताया की सत्संग अति दुर्लभ है। परमात्मा की कृपा के बिना मानव को सत्संग नहीं मिलता और सत्संग के बिना मानव जीवन में सद विवेक नहीं प्राप्त होता। उन्होने संत और संता में भेद बताते हुए कहा कि जो दुसरों के दुख को देखकर दुखी हो जाए वह संत है और जो दूसरों के दुख को देखकर के उसके दुख का निवारण करने का प्रयास करे वह संता है। आचार्य रामलाल द्विवेदी प्राणेश ने श्रीरामचरित मानस को जीवन के संविधान सदृश बताया। शोधकर्ता डॉ हरि प्रसाद दुबे अयोध्या ने बताया कि प्राचीन बौद्ध साहित्य में रामकथा संबंधी तीन जातक सुरक्षित हैं।

इसके बाद हुई विद्वत गोष्ठी में सुल्तानपुर के डॉ कृष्णमणि चतुर्वेदी मैत्रेय ने हनुमान चलीसा की कुछ चौपाईयों में पाठ भेद की बात पर चर्चा करते हुए बताया कि हनुमान चलीसा में 'शंकर सुवन केसरी नन्दन' पाठ ही प्रामाणिक है। यह पाठ सवत् 1934 सन 1877 में लिपिबद्ध लाल बन्द्री रामायण के हस्त लिखित हनुमान चलीसा से सिद्ध हो रहा है। इसके साथ ही प्रयागराज के संग्रहालय में रखे हनुमान चलीसा की प्राचीन प्रति में भी यही वर्णित है। बताया कि वर्तमान में जो 'शंकर स्वयं केसरी नन्दन' का पाठ प्रचारित हो रहा है। उसका मूल साक्ष्य आधार रहित है। बबेरू से मानस मर्मज्ञ लक्ष्मी प्रसाद शर्मा ने रामकथा की महत्ता पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रेम से श्रीराम नाम लेने से मोह के सम्पूर्ण दल को जीता जा सकता है। प्रमाण देते हुए कहा भगवान शिव ने श्रीराम नाम के प्रभाव से हलाहल विष को कण्ठ में ही रोक लिया। बताया कि विश्राम शब्द की रचना विष और राम से ही हुई है। बताया कि सम्पूर्ण लोकों को विश्राम देने वाला अगर कुछ है, तो वह राम नाम ही है। बाँदा के मानस किंकर कथा व्यास रामप्रताप शुक्ल ने कहा कि गोस्वामी तुलसी दास के अनुसार चित्रकूट धाम पर 53 वर्षों से रामायण मेले के पांच दिनों के लिए तीथों के राजा प्रयागराज का आगमन होता आ रहा है। आगे भी राष्ट्रीय रामायण मेला में होता रहेगा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारम्भ

# जिलाधिकारी ने पैलानी तहसील का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



जिलाधिकारी जे.रीभा ने आज तहसील पैलानी का निरीक्षण किया।उन्होंने तहसील की विभिन्न पटलों खतौनी नकल पटल, राजस्व निरीक्षण पटल,संग्रह अधिष्ठान पटल,नजारत एवं लेखपाल कक्ष का गहनता से निरीक्षण करते हुए पटल सहायकों से किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली।उन्होंने राजस्व वादों की समीक्षा करते हुए एक वर्ष से अधिक समय के वादों का शीघ्रता से निस्तारण करने के निर्देश दिये।वसूली की समस्या में पाया गया कि 92 प्रतिशत वसूली की गयी है। उन्होंने बैंक एवं विद्युत देयकों की वसूली भी करने के निर्देश दिये।दस बडे बकायेदारों की वसूली की समीक्षा करते हुए बकायेदारों से वसूली करने के निर्देश दिये।दाखिल दफ्तर के मामलों का समय से निस्तारण करने एवं 116 के अन्तर्गत की गयी कार्यवाही की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।उन्होंने राजस्व निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण करते हुए कार्मिकों के अभिलेखों जीपीएफ व एनपीएस कटौती किये जाने तथा अभिलेखों को पूर्ण रखने के सम्बन्ध में निर्देश दिये।लेखपाल कक्ष का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई कराये जाने हेतु निर्देशित किया।नजारत कार्यालय में रजिस्टर-9,दैवीय आपदा रजिस्टर तथा रजिस्टर नंम्बर-4 का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों को दुरस्त रखने के निर्देश दिये।भूलेख अभिलेखागार का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों का रख-रखाव व्यवस्थित रखने एवं पुराने प्रपत्रों को हटाकर बीड किये जाने के निर्देश दिये।पट्टा आवंटन,विभागीय कार्यवाही तथा सेवा निवृत्त कर्मचारियों के देयकों का भुगतान किये जाने के कार्यों का निरीक्षण करते हुए समय से कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी पैलानी अंकित वर्मा,तहसीलदार पैलानी राधेश्याम सिंह,अन्य तहसील के कर्मचारी/पटल सहायक उपस्थित रहे।

## मड़फा महादेव की तलहटी में चल रहा शिवशक्ति महायज्ञ सम्पन्न, भंडारे में हजारों ने ग्रहण किया प्रसाद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

विंध्य पर्वतमाला की पावन श्रेणियों में स्थित मड़फा महादेव के पावन सानिध्य में आयोजित दस दिवसीय शिवशक्ति महायज्ञ व राज राजेश्वरी महा आरधना का सोमवार को विधिवत समापन हो गया। यज्ञ की पूर्णाहुति पर हर हर महादेव के गगन भेदी नारों से पूरा इलाका गुँजायमान होता रहा। इस अवसर पर सुदूर अंचलों से आए शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानन्द महाराज के शिष्यों, भक्तों सहित दो दर्जन से अधिक गांव के पांच हजार से ज्यादा लोग मौजूद रहे। पूरे यज्ञ के दौरान सैकड़ो दंडी स्वामियों की उपस्थिति भी स्थानीय लोगों के लिए कौतूहल का केंद्र रही। स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ चित्रकूट के चारो अखाड़ों के संत-महंत, पुजारियों साधकों और श्रद्धालुओं की मौजूदगी से पूरा मड़फा क्षेत्र आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर दिखाई दिया। वैदिक मंत्रोच्चार और संतों के आशीर्वचनों के बीच यज्ञ की पूर्णाहुति सम्पन्न हुई। इसके पश्चात मड़फा महादेव क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों के लगभग पचास हजार से ज्यादा ग्रामीणों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, सेवा और सहयोग की अद्भुत मिसाल देखने को मिली। इस अवसर पर उपस्थित शंकराचार्य अधोक्षजानन्द महाराज ने कहा कि मड़फा महराज इस क्षेत्र के आराध्य देव हैं और उन्हीं की कृपा-छत्रछाया में यह महायज्ञ पूर्ण विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि यज्ञ जैसे आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना, सद्भाव और लोककल्याण की भावना को मजबूत करते हैं। ऐसे आयोजन धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। संतों ने कहा कि इस प्रकार के यज्ञ-अनुष्ठान क्षेत्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखते हैं। शिव शक्ति महायज्ञ के समापन के पावन अवसर पर अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री चैना मीन, असम के सांसद सुदेश, कानपुर के पूर्व सांसद रमेश सत्य देव पचैरी, भाजपा के पूर्व बांदा चित्रकूट सांसद भैरव प्रसाद मिश्र, पूर्व विधायक दिनेश मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पैलानी में किशोरी ने लगाई फांसी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

क्षेत्र के पपरेन्दा गांव में रविवार शाम एक 17 वर्षीय किशोरी ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार पपरेन्दा निवासी प्रतिभा वर्मा (17) पुत्री रामलखन ने रविवार शाम करीब पांच बजे सूने घर में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। काफी देर तक जब वह नजर नहीं आई तो परिजनों ने तलाश शुरू की। कमरे में पहुंचने पर उसका शव फंदे से लटका मिला। परिजनों में कोहराम मच गया।मृतका के पिता रामलखन ने गांव के ही हरिवंशलाल पुत्र इंद्रपाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं।उनका कहना है कि आरोपी पिछले तीन-चार वर्षों से उनकी पुत्री को परेशान कर रहा था।इस संबंध में कई बार समझाने और उलाहना देने के बावजूद वह नहीं माना। पिता का आरोप है कि उत्पीड़न से तंग आकर उनकी बेटी ने यह कदम उठाया। प्रतिभा दो बहनों में दूसरी थी,बड़ी बहन का नाम प्रतिमा है।मां शांती का रो-रोकर बुरा हाल है।थाना प्रभारी अर्पित पांडे ने बताया कि युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। मामले की जांच की जा रही है।

## कार्यवाही की मांग

**चित्रकूट** बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत छीतूपुर ददरी माफी गांव की रहने वाली छात्राएं मोनी और सोनी ने बताया कि गांव में महाशिवरात्रि के अवसर पर चंदा एकत्र कर भण्डारे का आयोजन किया गया था। इसके चलते वह लोग भी महाशिवरात्रि के अवसर पर तालाब में आयोजित भण्डारे में भोजन करने गईं थी। जहां वह सभी के साथ बैठकर खाना खाने लगी। इस दौरान वहां खड़े छीतूपुर निवासी विकास उर्फ पिंटू पटेल ने जातिगत आधार पर दोनों बहनों को सार्वजनिक रूप से अपमानित किया और बिना खाना खाए उठाकर भगा दिया। सार्वजनिक रूप से हुए इस जातिगत अपमान के कारण दोनों बहने मानसिक तनाव में है। उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में दोनों छात्राओं ने आरोपी के खिलाफ कठोर कार्यवही किए जाने की मांग की है।

## बोर्ड परीक्षा कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**चित्रकूट** बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन व पारदर्शी तरीके सम्पन्न कराने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित जनपद स्तरीय बोर्ड परीक्षा कंट्रोल रूम का सोमवार को कंट्रोल रूम प्रभारी व उप जिलाधिकारी न्यायिक सौरभ यादव ने निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कंट्रोल रूम प्रभारी एसडीएम न्यायिक ने कंट्रोल रूम में स्थापित 40 परीक्षा केंद्रो के डीवीआर व सीसीटीवी कैमरों के संचालन का अवलोकन किया। यहां सभी परीक्षा केंद्रों के सीसीटीवी कैमरों का ऑनलाइन संचालन होते पाया। एसडीएम ने सभी परीक्षा केन्द्रों की कक्षाओं में व्यवस्थाएं सही करने व सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, फर्नीचर, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय आदि व्यवस्थाओं को भी परीक्षा से पूर्व दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मीजिल्स-रूबेला टीकाकरण अभियान का हुआ शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



मीजिल्स-रूबेला के बढ़ते मामलों की रोकथाम के लिए प्रदेश सरकार के निर्देश पर जनपद में संचालित सभी सरकारी एवं प्राइवेट शिक्षण संस्थानों में पांच से 10 वर्ष आयु वर्ग के कक्षा एक से पांच तक अध्ययनरत विद्यार्थियों का स्कूल आधारित एमआर टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ सोमवार को किया गया। यह अभियान आगामी 27 फरवरी तक संचालित किया जाएगा तथा इसके तहत सभी बच्चों को एमआर वैक्सीन लगाई जाएगी।

सोमवार को नगर क्षेत्र के धनुष चैराहा स्थित कम्पोजिट विद्यालय नयाबाजार में जिला बेसिक शिक्षाअधिकारी बीके शर्मा व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी प्रतिरक्षण डॉ जीआर रतमेले ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एमआर टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया। इस दौरान आयोजित टीकाकरण सत्र में कुल लक्षित 69 बच्चों में से 35 बच्चों का एएनएम प्रियंका देवी द्वारा टीकाकरण किया गया।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार स्कूल आधारित एमआर टीकाकरण अभियान समस्त इकाईयो में सोमवार 16 फरवरी से प्रारम्भ होकर 27 फरवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा। जिसके तहत स्कूलवार कार्ययोजना के अनुसार सत्र लगाकर एएनएम, आशा व आगनबाडी कार्यकत्रियों के सहयोग से बच्चों को निःशुल्क एमआर वैक्सीन लगाई जाएगी। बताया कि एमआर वैक्सीन से खसरा एवं रूबेला रोग से सम्पूर्ण सुरक्षा प्रदान होती है। अभियान के लिए जनपद में संचालित कुल 1207 सरकारी, प्राइवेट एंव मदरसो में अध्ययनरत बच्चे लक्षित है, जिन्हें एमआर वैक्सीन से प्रतिरक्षित किया जायेगा। बताया कि मीजिल्स (खसरा) अत्यधिक संक्रामक रोग है, इसमें रूबेला नाम का रोग, जिसके लक्षण खसरे के समान ही होते है इसे जर्मन मीजिल्स (खसरा) भी कहा जाता है, जो बच्चों व वयस्कों में होता है। रूबेला संक्रमण से गर्भपात, जन्मजात विकलांगता, मृत प्रसव एवं मानसिक विकास अवरूद्ध हो जाता है। साथ ही नवजात शिशु की ऑखो में भी विकार आ जाता है।

# डीएम की जनसुनवाई के दौरान आई 90 शिकायतों में ज्यादातर का हुआ मौके पर निस्तारण

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर उनकी शिकायतों को सुनकर अधिकारियों को शिकायतों के साथ ही गुणवत्तापूर्ण वक्त पर निस्तारण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान करीब 90 शिकायते आई, जिनमें से ज्यादातर का जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने बिना देर किये मौके पर निस्तारण कर दिया। जबकि बाकी शिकायतों के निस्तारण जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम , खंड विकास अधिकारी सहित अधिकारियों के साथ वर्चुअल, जूम एप के जरिये से बैठक कर उनके बिना देर किये निर्देशित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ सहित अधिकारियों ने नियमित तौर से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस सहित माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण कर उसकी वक्त से आख्या दी जाए।

# बृजभूषण शरण सिंह ने सियाराम कुटीर पहुंचकर नानाजी को दी श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



भारत रत्न नानाजी देशमुख के चित्रकूट स्थित आवास सियाराम कुटीर पहुंचकर भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष एवं यूपी से पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने उनको श्रद्धांजलि दी और उनके साथ बिताए पलों को याद करके भाव विभोर हो उठे।

अपने चित्रकूट प्रवास पर आए पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह भारत रत्न नानाजी देशमुख को श्रद्धांजलि देने सियाराम कुटीर पहुंचे, वहां नानाजी के कक्ष में पहुंचकर उनको श्रद्धा पुष्प अर्पित किए और कुछ देर नानाजी के कक्ष में ही बैठकर नानाजी के साथ बिताए पलों को याद करते हुए अपनी चिर-स्मृतियां साझा की। सियाराम कुटीर में दीनदयाल शोध संस्थान के कार्यकर्ता निखिल मिश्रा द्वारा रोली टीका गमछा के साथ उनका अभिनन्दन किया गया। उन्होंने कहा कि नानाजी अक्सर कहा करते थे जिस दिन गांव जाग जाएंगे, उस दिन दुनिया जाग जाएगी। वह ऐसा अपने राजनीतिक अनुभव, सामाजिक दृष्टिकोण से कहा करते थे। उन्होंने कहा ही नहीं करके भी दिखाया। उत्तर प्रदेश के गोंडा जनपद से शुरू की गई उनकी सामाजिक यात्रा में समाज मूलक कार्यों को नजदीकी से देखने का अवसर मुझे कई बार मिला है। श्रद्धेय नानाजी अब हमारे बीच नहीं हैं लेकिन विचार के रूप में वह आज भी हमारे बीच मौजूद हैं। सियाराम कुटीर आकर पुनः पुरानी यादें ताजा हो गईं। उन्होंने बताया कि नानाजी का कार्य यज्ञ की तरह है, उनको देखकर एक विशेष ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी जब गोंडा आए थे तब उस समय वे भी गोंडा में नानाजी के कार्यों के प्रत्यक्षदर्शी रहे हैं। नानाजी के स्वाबलंबन कार्यों को बहुत नजदीक से देखने का अवसर कई बार मिला है। नानाजी का व्यक्तित्व बहुत विराट रहा है, उनसे जितनी बार भी मिलो, हर बार एक नया अनुभव होता है। भारत रत्न नानाजी देशमुख ने गांव के मर्म को समझा और वहां रहने वाले लोगों के पुरुषार्थ को जगाने का काम किया। उन्हें अपना काम अपने आप करो की सीख देकर इस लायक बना दिया कि आज उनका हुनर सीखने के लिए दुनिया भर के लोग आ रहे हैं, जिन्हें यह सब देखना गंवारा नहीं था। नानाजी जब कहते थे कि गांव बदल सकते हैं। लोग गरीबी की जंग जीत सकते हैं। लोगों में स्वावलंबन भरा पड़ा है, केवल उसे कुरेदने की जरूरत है। तब शायद किसी को भरोसा नहीं रहा होगा कि ये चमत्कार हो जाएगा।

## उन्मुखीकरण कार्यक्रम में शैक्षणिक गुणवत्ता बढाने पर जोर

**चित्रकूट** ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को मऊ में किया गया। इस दौरान बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी आम जनता के बीच प्रचारित करने पर जोर दिया गया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने बताया कि अब बच्चों के अभिभावकों के खाते में डीबीटी के जरिए सीधे 1200 रूपये भेजे जाते हैं। इसका उपयोग बच्चों के यूनिफॉर्म, जूते, बैग आदि खरीदने में किया जाए। साथ ही बच्चों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए उनका उत्सावर्धन करते रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा ने कहा कि सभी शिक्षक डीबीटी एवं एसआईआर का कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्धारित समय के अंदर पूर्ण करें। इस मौके पर मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी, उपजिलाधिकारी रामऋषि रमन, खण्ड विकास अधिकारी ओमप्रकाश यादव, कर्वी के खण्ड शिक्षा शशांक शेखर शुक्ला, प्रधान संघ अध्यक्ष प्रभात पांडेय ने भी विचार व्यक्त किए।

# सहायक पुलिस अधीक्षक ने फीता काटकर अतर्रा चुंगी पुलिस चौकी का किया

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के प्रयासों से अतर्रा चुंगी पुलिस चौकी की स्थापना कराई गई जिसका सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी मेविस टाक द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया।इस पुलिस चौकी में पुलिसकर्मी 24 घण्टे मौजूद रहेगे।इस पुलिस चौकी का उद्देश्य महिलाओं,बालिकाओं व अन्य अपराधों के प्रति एक सुरक्षित,भरोसेमंद और सहज माहौल प्रदान करना है,जहाँ वे बिना किसी भय या संकोच के अपनी शिकायत दर्ज करा सकें।इस दौरान कोतवाली नगर प्रभारी बलराम सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे।

# जन आक्रोश यात्रा का कांग्रेसियों ने गर्मजोशी से साथ किया स्वागत

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



वनवासी राम चित्रकूट से रामराजा सरकार ओरछा धाम तक 16 फरवरी से 13 मार्च तक अखण्ड बुंदेलखंड संयोजक भानूसहाय एडवोकेट के नेतृत्व में जन आक्रोश यात्रा निकाली जा रही है, इसी क्रम में जन आक्रोश यात्रा के जनपद आगमन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा यात्रा में शामिल सभी का माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में मोर्चा संयोजक भानूसहाय एडवोकेट सहित समस्त पदाधिकारी न्यायालय परिसर पहुंच कर नवनियुक्त जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष विमल सिंह एडवोकेट व महामंत्री राजेश कुमार त्रिपाठी एडवोकेट का माल्यार्पण कर पृथक राज्य बुंदेलखंड प्रान्त निर्माण के लिए समर्थन मांगा जिस पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष विमल सिंह एडवोकेट द्वारा बार संघ पदाधिकारियों के साथ बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए पूर्ण समर्थन व्यक्त किया गया।साथ ही प्रधानमंत्री के लिए अनुरोध पत्र भेजे जाने की बात कही गई।कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष माननीय अजय राय पूर्व मंत्री द्वारा बुंदेलखंड राज्य निर्माण हेतु अपना समर्थन दिया गया है।समूचे बुंदेलखंड के कांग्रेस जन पृथक राज्य बुंदेलखंड प्रान्त के लिए कन्धे से कंधा मिलाकर जब तक बुंदेलखंड राज्य निर्माण नहीं हो जाता कांग्रेस पार्टी मोर्चा की इस लड़ाई में अपना पूरा समर्थन व सहयोग करती रहेगी। जनसंपर्क अभियान में कांग्रेस जिला महामंत्री/मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, जिला सचिव बाबूराम यादव, जिला कांग्रेस कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी,अशोक सक्सेना,रघुराज शर्मा,वरुण अग्रवाल,हनीफ खान,पंकज रावत, नरेन्द्र कुशवाहा,अमित त्रिपाठी आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।



**भारत युद्धाभ्यास मिलन के लिए तैयार...**

भारत 'मिलन-2026' नौसैनिक युद्धाभ्यास की मेजबानी करने जा रहा है। ऐसे में भारतीय नौसेना ने रविवार को थाईलैंड, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के नौसैनिक जहाजों का स्वागत किया। हर दूसरे वर्ष आयोजित होने वाले इस युद्धाभ्यास का उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सहयोग... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# सपा के लोग गाजी मेले का समर्थन करते हैं, जो भारत की संस्कृति को रौंदने आया था: सीएम योगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

विधानसभा सत्र में सीएम योगी ने कहा, सपा के लोग गाजी के मेले का समर्थन करते हैं, जो भारत की संस्कृति को रौंदने आया था। महाराज सुहेलदेव के नाम पर हमने विवि बनाया। ये लोग राम मंदिर का विरोध करते हैं, काशी विश्वनाथ का विरोध करते हैं। इन लोगों में भारत की आस्था का कोई सम्मान नहीं है। संभल, बरेली, बौद्ध तीर्थ, प्रयागराज, काशी, मथुरा समेत सभी तीर्थों का विकास किया जा रहा है। आज यूपी की पहचान देव दिवाली से होती है।

## किसान सिर्फ वोट बैंक था

सीएम ने कहा, यूपी को बीमारू राज्य कहकर लोग इसका मजाक उड़ाते थे। आज देश की जीडीपी में 9.5 फीसदी है। प्रति व्यक्ति आया तीन गुना हुई है। 8.5 वर्षों में कोई नया टैक्स नहीं लगाया, हां टैक्स चोरी रोकी है। आज रेवेन्यू सरप्लस प्रदेश के रूप में हम हैं। 2017 से पहले कृषि के लिए कोई स्पष्ट नीति नहीं थी। किसान सिर्फ वोट बैंक था। आज लागत कम उत्पादन ज्यादा है। आज किसान विकास का साथी है। जो भी पैसा होता है, डीबीटी के माध्यम के सीधे अन्नदाता के खातों में जाता है। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि से 95 हजार करोड़ से अधिक धनराशि यूपी के किसानों को दी गई है। आज 'खेती की बात खेत में' हो रही है। कृषि वैज्ञानिक जाते हैं, किसान से बात करते हैं। कृषि उत्पादन की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है। आज प्रदेश के अंदर 7727 गो आश्रय स्थल संचालित हैं। इनमें 16 हजार से अधिक गवंश हैं। प्रदेश में 3 लाख 6 हजार करोड़ गन्ना किसानों को मूल्य का भुगतान किया गया।



### 96 लाख युवाओं के लिए रोजगार का रास्ता खुला

सीएम ने कहा, आज ओडीओपी के माध्यम से उत्पादकों को बाजार से जोड़ा। 96 लाख एमएसएमई यूनिट में 96 लाख युवाओं के लिए रोजगार का रास्ता खुला। जो सरकार अपने हस्तशिल्पियों का सम्मान नहीं करती, उसका सपा जैसा हाल होगा। निवेश की पहली शर्त सुरक्षा, दूसरी सुविधा और तीसरी शर्त पालिसी बनाकर उसका क्रियान्वयन करना है। आज यूपी में तीनों हैं। डबल इंजन सरकार से स्पीड आना भी स्वाभाविक है। पहले मात्र 14 हजार कारखाने थे। 2017 के बाद से इनकी संख्या 31 हजार पार कर गई है।

## जनता की आंखों में धूल झोक रही कांग्रेस व सपा

सीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस व सपा एक तरफ संविधान के नाम पर जनता की आंखों में धूल झोक रही है तो दूसरी तरफ राष्ट्रगीत वंदे मातरम का विरोध कराया जा रहा है। इनके सदस्य कह रहे हैं कि हम वंदे मातरम नहीं गाएंगे। हिंदुस्तान में रहकर राष्ट्रगीत न गाना नहीं चलेगा। यह संविधान निर्माताओं और बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर का अपमान है। वंदे मातरम को 24 जनवरी 1950 को राष्ट्रगीत के रूप में मान्यता मिली थी। हर भारतीय का दायित्व है कि इन प्रतीकों को सम्मान दे। सीएम ने कहा कि गाजी भारत की परंपरा और संस्कृति को रौंदने आया था, सपा के लोग इस गाजी के मेले का समर्थन करते हैं। श्रावस्ती के तत्कालीन नरेश महाराज सुहेलदेव के नेतृत्व में हिंदु राजाओं ने उसे रौंद डाला। डबल इंजन सरकार ने महाराज सुहेलदेव को सम्मान दिया। बहराइच के चित्तौड़ा में उनका भव्य स्मारक और उनके नाम पर विश्वविद्यालय भी बनाया।

### धर्मस्थल केवल आस्था नहीं, बल्कि राष्ट्रचेतना के भी केंद्र

सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर को सम्मान दिया। पीएम मोदी ने लोकमाता की भव्य प्रतिमा काशी विश्वनाथ धाम में स्थापित कराई। समाजवादी पार्टी लोकमाता के नाम पर गुमराह कर रही है। यह लोग राम मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर का विरोध और ऐसे तत्वों को प्रश्रय देते हैं। उनकी यह प्रवृत्ति दिखाती है कि आस्था के प्रति इनके मन में सम्मान नहीं है। सपा सरकार ने कांवड़ यात्रा, जन्माष्टमी, अयोध्या की 84 कोसी परिक्रमा को रोक दिया था। प्रतिपक्ष के दलों ने अपने समय में दीपोत्सव, रंगोत्सव कार्यक्रम को रोका था। कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय में कहा था कि श्रीराम-श्रीकृष्ण मिथक थे। सपा ने रामभक्तों पर गोलियां चलाई थीं। मंदिर निर्माण के मार्ग में बाधा पैदा करने के लिए अधिवक्ता तैयार किए थे, लेकिन हम लोग कहते हैं कि हिंदुस्तान में भारत की आस्था को कोई कैद नहीं कर सकता है। आज अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन गया है। देश-प्रदेश से हर दिन लाखों श्रद्धालु आ रहे हैं। धर्मस्थल केवल आस्था नहीं, बल्कि राष्ट्रचेतना के भी केंद्र हैं।

### यूपी की पहचान अब दीपोत्सव, देव दीपावली व रंगोत्सव से

सीएम योगी ने कहा कि यूपी की पहचान अब दीपोत्सव, देव दीपावली, रंगोत्सव से होती है। यह केवल आयोजन नहीं, बल्कि इसने भारत के आध्यात्मिक गौरव के वैश्विक उत्सव के रूप में पहचान बनाई है। आज हर भारतीय अयोध्या के दीपोत्सव, काशी के देव दीपावली और मथुरा-वृंदावन के रंगोत्सव से आत्मिक भाव से जुड़ा है।

### तीन नई पीएसी बटालियन के गठन के लिए हो रहा कार्य

सीएम योगी ने कहा कि 17 नगर निगम व गौतमबुद्ध नगर में सेफ सिटी की परियोजना लागू है। प्रदेश में यूपी स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स की छह वाहिनी कार्यरत हैं। दंगाइयों की काल पीएसी को पिछली सरकारों ने अपने स्वार्थ के कारण बंदी के कगार पर पहुंचा दिया था, लेकिन हमने पीएसी की 34 कंपनियों को फिर से पुनर्जीवित किया है। यूपी पीएसी में पहली बार तीन महिला बटालियन (वीरांगना झलकारी बाई, अवंती बाई और ऊदा देवी) गठित हुई है। तीन नई पीएसी बटालियन के गठन के लिए तेजी से कार्य हो रहा है।

# मान सरोवर के दीप शिखा अपार्टमेंट में महाशिवरात्रि पर भव्य आयोजन, एकता और आस्था का अद्भुत संगम

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



मान सरोवर स्थित दीप शिखा अपार्टमेंट में महाशिवरात्रि का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। आयोजन के दौरान पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव की पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। बच्चों ने शिव भक्ति गीतों और धुनों पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर वातावरण को और भी आध्यात्मिक बना दिया। उनकी प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और पूरा परिसर 'हर हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजकों की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर अमित त्रिपाठी, रिचा त्रिपाठी, मनोज श्रीवास्तव, संजय सिंह, शिशिर मिश्रा, मोहित गुप्ता, रजनीश, विष्णु, श्रीवास्त, प्रीती, वंदना, रश्मि, मंजू, रेखा व ऋचा के साथ ही अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों सहित आसपास के लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। स्थानीय निवासियों ने इस आयोजन को आपसी एकता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने वाला बताया। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर पूरा अपार्टमेंट परिवार एकजुट नजर आया, जिसने धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता का भी संदेश दिया।

# डम्पिंग ग्राउंड विवाद गरमाया

## लाठीचार्ज से प्रदेश में सियासी हलचल




■ **धरने पर डंडा: कार्रवाई से भड़का आक्रोश, जांच नहीं हुई तो आंदोलन**

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

**हरपालपुर (हरदोई)।** गाजियाबाद में प्रस्तावित डम्पिंग ग्राउंड के विरोध में धरने पर बैठे किसानों पर पुलिस लाठीचार्ज ने सियासी पारा चढ़ा दिया है। घटना को लेकर किसान संगठनों में उबाल है और प्रशासनिक कार्रवाई पर सवालों की बौछार शुरू हो गई है। भारतीय किसान मजदूर यूनियन (दशहरी गुट) ने इसे प्रशासनिक दमन बताते हुए कड़ी निंदा की है। संगठन ने चेताया कि यदि निष्पक्ष जांच नहीं हुई और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो प्रदेशभर में आंदोलन की चिंगारी भड़क सकती है। सोमवार को पदाधिकारियों ने हरदोई में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सवायजपुर को सौंपा। जिलाध्यक्ष प्रमोद सिंह यादव का आरोप है कि ट्रोनिका सिटी में प्रस्तावित डम्पिंग ग्राउंड के खिलाफ चल रहे शांतिपूर्ण धरने को प्रशासन ने बिगाड़ा और पुलिस ने बर्बरता से लाठीचार्ज कर दिया। संगठन का दावा है कि कार्रवाई में किसान, महिलाएं और बच्चे घायल हुए हैं। यूनियन ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए प्रशासन की संवेदनहीनता का उदाहरण करार दिया। ज्ञापन सौंपने के दौरान पिंटू सिंह, लल्लन कुशवाहा, तालिब खां, दीपक समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

**मांगे**

- पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच
- दोषी अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई
- घायलों को समुचित इलाज व न्याय
- 'मांगें नहीं मानी गईं तो किसान संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन छेड़ने को मजबूर होंगे।'

# तीन वर्षों के लिए लीगल एड क्लीनिक पर शिया पीजी कॉलेज व डीएवी महाविद्यालय में एमओयू



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

विधिक सहायता को मजबूत करने और विधि विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से विधिक सहायता केंद्र, विधि संकाय, शिया पीजी कॉलेज, खदरा एवं विधिक सहायता केंद्र, विधि संकाय, डीएवी महाविद्यालय, ऐशबाग के बीच तीन वर्षों के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता डीएवी महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधिक सहायता केंद्र, शिया पीजी कॉलेज के निदेशक डॉ. वहीद आलम ने बताया कि विधि महाविद्यालयों में लीगल एड क्लीनिक की स्थापना विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 तथा बार काउंसिल ऑफ इंडिया लीगल एजुकेशन रूल्स, 2008 के अंतर्गत की जाती है। उन्होंने कहा कि लीगल एड क्लीनिक के दो प्रमुख उद्देश्य हैं पहला, शैक्षणिक उद्देश्य, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को क्लिनिकल लीगल एजुकेशन का व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जाता है, ताकि वे वास्तविक जीवन की कानूनी समस्याओं को समझकर उनके समाधान की प्रक्रिया सीख सकें। दूसरा, सामाजिक उद्देश्य, जिसके तहत गरीब, वंचित एवं अशिक्षित लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है और कानूनी जागरूकता फैलायी जाती है। यह पहल भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39ए में निहित 'न्याय सबके लिए' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विधिक सहायता केंद्र, डीएवी महाविद्यालय के निदेशक डॉ. आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि प्रत्येक कॉलेज में लीगल एड क्लीनिक का संचालन प्रायः जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के सहयोग से किया जाता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर नालसा, राज्य स्तर पर एसएलएसए तथा जिला स्तर पर डीएलएसए कार्य करते हैं। इन क्लीनिकों में विधि संकाय के सदस्य और पैरा लीगल वालंटियर्स (कानून के विद्यार्थी) सक्रिय भूमिका निभाते हैं तथा लोक अदालतों, विधिक जागरूकता शिविरों और परामर्श कार्यक्रमों में सहभागिता करते हैं। डीएवी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राजीव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि दोनों संस्थाएं मिलकर समाज के कमजोर वर्गों के लिए सार्थक कार्य करेंगी और विधिक सेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेंगी। उप प्राचार्य प्रो. (डॉ.) संजय तिवारी ने कहा कि निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करना निर्धन व्यक्तियों का अधिकार है और दोनों संस्थान इस दिशा में प्रभावी कार्य करेंगे। कार्यक्रम में शिया पीजी कॉलेज के उप निदेशक डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. उग्रसेन वर्मा तथा डीएवी महाविद्यालय के उप प्रभारी डॉ. राजेंद्र कुमार चौरसिया, डॉ. गणेश यादव, डॉ. सतेंद्र कुमार सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। समारोह का समापन आपसी सहयोग और विधिक जागरूकता को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ हुआ।

## 2.75 करोड़ का जीएसटी स्कैम उजागर, फर्जी फर्म बनाकर बोगस बेचने वाले गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में जीएसटी कर चोरी के एक ऐसे संगठित सिंडिकेट का भंडाफोड़ हुआ है, जिसने फर्जी फर्मों का मकड़जाल बुनकर सरकार को पौने तीन करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाया है। साइबर सेल और इंटौजा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार हुए इस गिरोह के तार बेहद शातिर तरीके से जुड़े थे, जिसमें पूर्व कैशियर और शिक्षित युवकों ने मिलकर अपराध का ढांचा तैयार किया था। यह गिरोह गरीब और जरूरतमंद मजदूरों को महज 10-20 हजार रुपये का लालच देकर उनके आधार, पैन और बैंक दस्तावेज हासिल करता था और फिर उनके नाम पर कागजों में 15 से अधिक बोगस फर्में खड़ी कर देता था। बिना किसी वास्तविक व्यापार के, इन फर्जी फर्मों के जरिए करोड़ों की बोगस इनपुट टैक्स क्रेडिट केवल 1 प्रतिशत कमीशन पर बेची जा रही थी।

# एमएलसी मुकेश शर्मा ने लखनऊ में ट्रैफिक जाम से राहत हेतु मल्टी लेवल पार्किंग निर्माण की माँग सदन में उठाई

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा ने आज विधान परिषद सदन में राजधानी लखनऊ के प्रमुख मार्गों पर बढ़ते ट्रैफिक जाम का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने जाम की समस्या के स्थायी समाधान के रूप में मल्टी लेवल पार्किंग स्थलों के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। सदन में अपने वक्तव्य के दौरान श्री शर्मा ने कहा कि राजधानी में तीव्र गति से हो रहे विकास के कारण निवासियों और साथ-साथ वाहनों की संख्या में भी लगातार वृद्धि हो रही है। वर्तमान में पर्याप्त एवं व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था के अभाव में प्रमुख मार्गों और व्यावसायिक क्षेत्रों में आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की राजधानी होने के कारण भविष्य में भी वाहनों की संख्या में वृद्धि स्वाभाविक है। अतः समय रहते ठोस योजना बनाकर प्रमुख बाजारों एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों में उपलब्ध रिक्त स्थलों में नए पार्किंग स्थलों, विशेषकर मल्टी लेवल पार्किंग, का निर्माण कराया जाना आवश्यक है। जनहित के इस महत्वपूर्ण विषय पर सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए श्री शर्मा ने राजधानी के प्रमुख बाजारों में चरणबद्ध तरीके से मल्टी लेवल पार्किंग निर्माण की माँग की, ताकि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू हो सके और नागरिकों को राहत मिल सके।

# लखनऊ में बिहार के शक्तिमान और पहाड़ी चोर गिरफ्तार, बंद घरों में डालते थे डाका

■ **9 मुकदमों वाला सरगना भी धरा गया, लाखों के जेवर बरामद**

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट पीजीआई पुलिस ने बिहार और फतेहपुर के चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से लाखों के सोने-चांदी के जेवर और एक एयर गन बरामद की है। गिरोह का सरगना सोनू सिंह एक हिस्ट्रीशीटर है जिस पर 9 केस दर्ज हैं।



## रेकी कर बंद घरों में डालते थे डाका

पुलिस के अनुसार, यह गिरोह दिन में उन घरों की पहचान करता था जो बंद रहते थे या जहाँ ताला लटका होता था। रात के अंधेरे में ये गिरोह ताले तोड़कर कीमती सामान उड़ा ले जाता था। पुलिस ने इनके पास से 42,362 रुपये की नकदी, पीली धातु सोने के भारी मात्रा में जेवर हार, मंगलसूत्र, चूड़ियां, मांग टीका आदि और सफेद धातु चांदी के आभूषण बरामद किए हैं।चोरों के पास से एक एयर गन, चार हाथ घड़ियाँ और दो मोतियों की माला भी मिली है।

## बिहार से लखनऊ तक फैला था जाल

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की कुंडली खंगालने पर पता चला कि इनका नेटवर्क कई जिलों और राज्यों में फैला है सोनू सिंह (बिहार) गिरोह का मुख्य चेहरा, जिस पर पहले से ही 9 मुकदमे दर्ज हैं। शक्तिमान सिंह (बिहार) सोनू कुमार साह उर्फ सोनू पहाड़ी (बिहार) बृजेश निषाद (किशनपुर, फतेहपुर) है

## पुलिस की कार्रवाई

डीसीपी दक्षिणी के निर्देशन में पीजीआई पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर इन चारों को दबोचा। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इन्होंने हाल के दिनों में लखनऊ के किन-किन इलाकों में चोरियां की हैं और इनका चोरी का माल खरीदने वाला रसीद (सुनार) कौन है।

# केंद्रीय बजट 2026 एक दूरदर्शी एवं जन कल्याणकारी बजट है: बृजेश पाठक



■ **चारबाग स्थित होटल होम इन में आयोजित चौपाल कार्यक्रम में शामिल हुए डिप्टी सीएम**

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कैंट विधानसभा के चारबाग स्थित होटल होम इन में आयोजित बजट पर चौपाल कार्यक्रम में केंद्रीय बजट 2026 को एक दूरदर्शी एवं जन कल्याणकारी बताया। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित उपस्थित लोगों ने पुष्प गुच्छ भेंट करके उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया। बजट पर चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि बजट में पूंजीगत व्यय और बुनियादी ढांचे पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे सड़क, रेल, लॉजिस्टिक नेटवर्क, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा क्षेत्र को गति मिलेगी। इससे विनिर्माण क्षेत्र को मजबूती मिलेगी और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश को इस बजट में विशेष प्राथमिकता मिली है तथा राज्य में दो प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरिडोर को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे कनेक्टिविटी एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

# इंडो-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में किसानों ने किया प्रदर्शन, लखनऊ डीएम कार्यालय पहुंचे, दिया ज्ञापन



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में सोमवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के बैनर तले किसानों ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। भारत अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते में कृषि और दुग्ध उत्पादों को शामिल किए जाने की आशंका को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट ज्ञान चंद गुप्ता के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर कृषि हितों की रक्षा की मांग की। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष (पूर्वी उत्तर प्रदेश) प्रताप बहादुर ने कहा कि यदि व्यापार समझौते में कृषि और डेयरी सेक्टर को शामिल किया गया तो इसका सीधा असर देश के छोटे और सीमांत किसानों पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत में लगभग 87 प्रतिशत किसान सीमांत श्रेणी में आते हैं। उनकी आजीविका खेती व पशुपालन पर निर्भर है। ऐसे में विदेशी उत्पादों की एंट्री से उनकी आय प्रभावित हो सकती है। वही ज्ञापन में कहा गया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और वहां की कृषि सचिव ब्रुक रोलिंस के हालिया बयानों से यह संकेत मिलता है कि प्रस्तावित समझौते से अमेरिकी किसानों को लाभ पहुंच सकता है। संगठन ने आशंका जताई कि यदि अमेरिकी दुग्ध उत्पाद या मिल्क पाउडर भारतीय बाजार में बड़े पैमाने पर आया तो स्थानीय डेयरी व्यवसाय संकट में पड़ सकता है। किसान नेताओं ने कहा कि देश के कई हिस्सों में दूध पहले से ही कम कीमत पर बिक रहा है। ऐसे में विदेशी उत्पादों की आमद से बाजार दर और गिर सकती है, जिससे पशुपालकों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बताया। संगठन ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि प्रस्तावितइंडो-अमेरिका व्यापार समझौते में कृषि और पशुपालन क्षेत्र को शामिल न किया जाए। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी हुई तो देशभर में व्यापक आंदोलन छेड़ा जायेगा।

## चार वर्ष बाद भी एक्स-रे टेक्नीशियन भर्ती का अंतिम परिणाम लंबित, अभ्यर्थी परेशान

**जन एक्सप्रेस।** लखनऊ। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या 02/2023 के अंतर्गत PET-2022 के माध्यम से एक्स-रे टेक्नीशियन के 382 पदों पर एक्स-रे टेक्नीशियन भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। यह प्रक्रिया वर्ष 2022 की प्रारंभिक पात्रता परीक्षा से शुरू हुई थी, जिसके बाद वर्ष 2023 में विज्ञापन जारी किया गया। इस एक्स-रे टेक्नीशियन भर्ती के अंतर्गत लिखित परीक्षा 15 दिसंबर 2024 को आयोजित की गई तथा दस्तावेज सत्यापन जुलाई 2025 में संपन्न हुआ। सभी चरण पूर्ण होने के बावजूद फरवरी 2026 तक अंतिम परिणाम घोषित नहीं किया गया है, जिससे हजारों अभ्यर्थी मानसिक, आर्थिक एवं सामाजिक रूप से परेशान हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि उन्होंने आयोग सचिव से कई बार मुलाकात की। वहाँ से जानकारी दी गई कि एक्स-रे टेक्नीशियन भर्ती प्रक्रिया समकक्षता से संबंधित एक पत्र के लंबित रहने के कारण रुकी हुई है, जो शासन स्तर से आना शेष है।अभ्यर्थियों ने स्वास्थ्य मंत्री से भी भेंट की। 27 जनवरी 2026 को गोरखपुर जनता दरबार में कुछ अभ्यर्थियों ने स्वयं स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की। इसके पश्चात प्रमुख सचिव स्तर पर भी जानकारी ली गई, जहाँ बताया गया कि समकक्षता संबंधी पत्र जनवरी माह में ही सचिवालय से महानिदेशक (स्वास्थ्य) कार्यालय को भेजा जा चुका है।हालांकि, महानिदेशक (स्वास्थ्य) कार्यालय तथा आयोग सचिव कार्यालय दोनों की ओर से यह कहा जा रहा है कि संबंधित पत्र अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। विभागों के बीच इस प्रकार की अस्पष्टता के कारण एक्स-रे टेक्नीशियन भर्ती प्रक्रिया अधर में लटकी हुई है। अभ्यर्थियों का कहना है कि इस एक्स-रे टेक्नीशियन भर्ती में विलंब के चलते कई अभ्यर्थी आयु सीमा पार कर चुके हैं तथा अन्य रोजगार अवसर भी गंवा चुके हैं। उनका आरोप है कि बाद में निकली कई भर्तियों के परिणाम घोषित हो चुके हैं, जबकि एक्स-रे टेक्नीशियन भर्ती अब तक लंबित है।

# डीएम ने प्रशिक्षण के लिए जा रहे कृषकों के दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

जनपद के कृषकों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने, वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा अंतरजनपदीय कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत कृषकों के दल को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि बदलते समय के साथ खेती में नवीन तकनीकों को अपनाना आवश्यक हो गया है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषकों को नई जानकारी, बेहतर प्रबंधन कौशल एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों से परिचित कराते हैं, जिससे उत्पादन लागत में कमी और आय में वृद्धि संभव होती है। उन्होंने कृषकों से प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ लेने एवं सीखी गई तकनीकों को जनपद में अन्य किसानों तक पहुंचाने की अपील की।



## 05 दिवसीय प्रशिक्षण में सीखेंगे उन्नत कृषि तकनीक

पांच दिवसीय अंतरजनपदीय प्रशिक्षण के दौरान कृषकों को उन्नत बीज चयन, फसल प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य, जल संरक्षण, कीट एवं रोग नियंत्रण, आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग तथा मूल्य संवर्धन से संबंधित जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण में विशेषज्ञों द्वारा व्यवहारिक प्रदर्शन एवं संवादात्मक सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिला कृषकों की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। महिला कृषकों को आत्मनिर्भर बनाने तथा कृषि क्षेत्र में उनकी भूमिका को सशक्त करने के उद्देश्य से उन्हें विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 86 कृषकों को प्रयागराज स्थित कृषि विज्ञान केंद्र तथा 64 कृषकों को लखनऊ स्थित गन्ना शोध संस्थान में प्रशिक्षण हेतु भेजा गया है। इन संस्थानों में विशेषज्ञों द्वारा नवीन शोध एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी जाएगी, जिससे कृषक अपने क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा दे सकें। इस दौरान उपनिदेशक कृषि , जिला गन्ना अधिकारी व अन्य संबंधित कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष हाउस अरेस्ट लखनऊ कार्यक्रम से पहले पुलिस की एहतियाती कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



लखनऊ में प्रस्तावित कांग्रेस के कार्यक्रम को लेकर जनपद में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल को हाउस अरेस्ट कर दिया। सोमवार सुबह से ही उनके आवास पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया।और आवागमन पर निगरानी रखी गई।जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई लखनऊ में होने वाले विरोध कार्यक्रम में जिले से संभावित भागीदारी को देखते हुए की गई।एहतियातन कदम उठाते हुए अमेठी पुलिस ने अन्य प्रमुख कांग्रेसी नेताओं को भी उनके घरों पर ही रोक दिया।इनमें यूथ कांग्रेस अध्यक्ष शुभम सिंह, तिलोई क्षेत्र के कांग्रेस नेता कमलेश,विकास खंड सिंहपुर के राकेश मिश्रा तथा जगदीशपुर से कांग्रेस नेता विजय पासी शामिल हैं।सूत्रों के मुताबिक प्रशासन को आशंका थी कि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता लखनऊ के लिए रवाना हो सकते हैं,जिससे कानून-व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।इसी को ध्यान में रखते हुए एक दिन पूर्व ही संबंधित नेताओं को नजरबंद कर दिया गया।शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर भी पुलिस की सक्रियता देखी गई।कांग्रेस नेताओं ने इस कार्रवाई पर आपत्ति जताते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया है। उनका कहना है कि शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम में शामिल होना उनका संवैधानिक अधिकार है और बिना स्पष्ट आदेश के घरों में रोकना उचित नहीं है। वहीं पुलिस प्रशासन का कहना है कि शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।दिनभर इस घटनाक्रम को लेकर जिले में राजनीतिक सरगर्मियां तेज रहीं। फिलहाल स्थिति सामान्य बताई जा रही है,लेकिन मामले को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है।

# जिला अस्पताल में 'कन्या जन्मोत्सव', नवजात बेटियों की माताओं को बेबी किट देकर किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



जनपद मुख्यालय गौरीगंज स्थित मलिक मोहम्मद जायसी जिला चिकित्सालय में सोमवार को 'कन्या जन्मोत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य बालिका जन्म के प्रति सकारात्मक सामाजिक संदेश देना और नवजात बेटियों की माताओं को सम्मानित करना रहा।यह आयोजन प्रोबेशन विभाग के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत अस्पताल में जन्मी नवजात बालिकाओं की माताओं को बेबी किट भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और चिकित्सकों ने परिजनों को बालिकाओं के पालन-पोषण शिक्षा और सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव, जिला प्रोबेशन अधिकारी तथा अस्पताल के चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।उन्होंने वार्ड में पहुंचकर नवजात बच्चियों और उनकी माताओं से मुलाकात की तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं।अधिकारियों ने कहा कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना समय की आवश्यकता है।कन्या जन्मोत्सव जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से यह संदेश दिया जाता है कि बेटियां किसी से कम नहीं हैं और उनके जन्म को उत्सव की तरह मनाया जाना चाहिए।प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि विभाग द्वारा समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि बालिकाओं के अधिकारों और सुरक्षा को लेकर समाज में जागरूकता बढ़े। उन्होंने कहा कि नवजात बालिकाओं को बेबी किट प्रदान करना केवल एक सम्मान नहीं,बल्कि परिवारों को यह संदेश देना भी है कि बेटी का स्वागत पूरे सम्मान और गर्व के साथ किया जाए।कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में उत्साह का माहौल रहा। परिजनों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होंगे।

# साइबर स्लेवरी करके विदेश में नौकरी का झांसा देने वाले इंटरनेशनल गिरोह का खुलासा

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर सहित पूरे प्रदेश व देश से विदेश में अच्छी नौकरी का झांसा देकर साइबर स्लेवरी में डालने वाले सक्रिय गैंग का बलरामपुर पुलिस ने भंडाफोड करते हुये एक बड़े अन्तर्राज्यीय अन्तर्जनपदीय संगठित गिरोह के 02 अनाधिकृत एजेन्ट शातिर साइबर अभियुक्तों को सोमवार को गिरफ्तार किया है ।

जानकारी के अनुसार 16 फरवरी को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा जनपद बलरामपुर में हुए साइबर ठगी व साइबर स्लेवरी जैसे अपराधों के अनावरण के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु दिये गये सख्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नोडल अधिकारी साइबर क्राइम विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर अपराध डॉ जितेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक तुलसीपुर निरीक्षक राज कुमार सिंह के नेतृत्व में अभियुक्तों द्वारा यूट्यूब चैनल के माध्यम से थाईलैण्ड में डाटा इण्ट्री आपरेटर की नौकरी दिलाने के विज्ञापन द्वारा झांसा देकर पीड़ित से 60,000 रुपये व दस्तावेज लेना व मुम्बई से थाईलैण्ड तथा थाईलैण्ड से अवैध रुप से लाओस ले जाना जहां विपक्षी राम प्रवेश सिंह द्वारा पीड़ित को स्कैम कंपाउंड में 2,50,000 रुपये में बेच देना जहां उससे जबरन साइबर फ्राड तथा साइबर स्लेवरी कराने के सम्बन्ध पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्तों फैजान रजा पुत्र ताज मोहम्मद निवासी ग्राम अमहवा थाना बखिरा जनपद संत कबीर नगर को हरैय्या तिराहा मालगोदाम रोड़ क्रासिंग के पास से 16 फरवरी 2026 समय 07.10 बजे तथा राम प्रवेश सिंह पुत्र स्व0 कंचन सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट कुसरना थाना व तहसील केराकत जनपद जौनपुर उ0प्र0 वर्तमान पता रूम नं0 72 सी गली नवजीवन



हाउसिंग सोसाइटी सिंह स्टेट समतानगर कांदवली मुम्बई महाराष्ट्र को समतानगर कांदावली मुम्बई से पुलिस टीम द्वारा 11 फरवरी 2026 समय 03.09 बजे को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया । अभियुक्त रामप्रवेश सिंह एवं फैजान रजा के बयानों के आधार पर यह स्पष्ट होता है कि दोनों एक संगठित अंतरराष्ट्रीय साइबर मानव तस्करी गिरोह का हिस्सा थे, जो सोशल मीडिया विशेषकर यूट्यूब चैनल ञ्चस्नड्डद्ब5ह्व1द्यश्द्द350 के माध्यम से थाईलैंड (बैंकॉक) में डाटा एंट्री नौकरी का झूठा विज्ञापन देकर भारतीय युवकों को 60,000 रुपये वेतन का लालच देते थे, उनसे धनराशि वसूल कर बैंकॉक का टिकट बनवाते थे और वहां से गोल्डन ट्रायंगल मार्ग के जरिए अवैध रूप से लाओस पहुंचाकर स्कैम कम्पाउंड में प्रति व्यक्ति लगभग 2.5 लाख रुपये में बेच देते थे, जहां पीड़ितों को बंधक बनाकर उनसे ऑनलाइन निवेश एवं चैटिंग के माध्यम से साइबर ठगी कराई जाती थी । इस प्रक्रिया में रामप्रवेश लाओस में रिसीविंग एवं समन्वय की भूमिका निभाता था तथा फैजान भर्ती, इंटरव्यू और समन्वय का कार्य करता था, जबकि मकसूद, शादाब सहित अन्य सहयोगी थे, और प्राप्त कमीशन आपस में बांट लिया जाता था, जिसमें कुछ भुगतान क्रिप्टो (बाइनेन्स आईडी) के माध्यम से लिया जाता था । दोनों अभियुक्तों ने बिना किसी वैध रजिस्ट्रेशन के विदेश भेजने का कार्य करना तथा जानबूझकर लोगों को धोखे से लाओस स्थित साइबर स्कैम कम्पाउंड में भेजकर अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करना स्वीकार किया है। गिरफ्तारी कर्ता टीम में थाना तुलसीपुर साइबर थाना साइबर सेल व सर्विलांस सेल टीम के प्र0नि0 राज कुमार सिंह, उ0नि0 कर्मवीर सिंह, हे0का0 अशोक कुमार गौड़, का0 अनिल कुमार, का0 अवधेश कुमार, का0 अखिलेश कुमार, का0 जय सिंह यादव तथा का0 शुभम सिंह शामिल थे।

# निर्माण कार्यों को समयबद्ध कराये पूर्ण : डीएम

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सी0एम0 डैशबोर्ड के अन्तर्गत निर्माणाधीन सड़क परियोजनायें, निर्माणाधीन परियोनायें एवं अन्य निर्माण कार्यो की माह जनवरी की प्रगति समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सड़कों का नवीनीकरण/मरम्मत के कार्य प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध पूर्ण कराये जायें। निर्माण कार्यो में समय सीमा के अन्तर्गत कार्य पूर्ण न करने वाली कार्यदायी संस्थाओं को चिन्हित कर पेनालटी लगाई जाये। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने हेतु निर्माण सामग्री की समय-समय पर सैम्पलिंग कराकर जांच करवायी जाये। उन्होंने समय सीमा के उपरान्त लम्बित निर्माणों कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश भी दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता, अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चन्द्रा, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सुधीर गिरि, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## उन्नति छात्रवृत्ति योजना के तहत चुने हुवे छात्रों को सालाना वित्तीय सहायता दी जाएगी

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता ने बताया है कि महिला और बाल विकास मंत्रालय (रूड्डष्ठ), भारत सरकार की एक पहल के रूप में उन्नति छात्रवृत्ति योजना (ह्वठ्ठठ्ठ स्ष्द्धश्द्यड्डह्स्रद्धद्बश्च ह्यष्द्धद्गद्वद्ग) क्रियान्वित की जा रही है, जिसको नेशनल चिल्ड्रन्स फंड (हृष्ट्य) के जरिए लागू किया जा रहा है ताकि किशोर न्याय (बच्चों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 और 2021 में किए गए संशोधन के तहत रजिस्टर्ड चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशंस (ष्टष्ठ) में रहने वाले बच्चों की पढाई में बेहतरीन प्रदर्शन को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने बताया कि यह योजना पंजीकृत ष्टष्ठह्य में क्लास ढ्ढङ्ग से ङ्गढ्ढ में पढ़ने वाले होनहार बच्चों को आर्थिक मदद देती है, जिसका मकसद पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन, आत्मविश्वास बढ़ाना और उनके भविष्य के विकास के लिए सही मौके बनाना है। स्कीम के तहत हर वर्ग/श्रेणी (ढ्ढङ्ग, ङ्ग-ङ्गढ्ढ और ङ्गढ्ढढ्ढ) में मेरिट के आधार पर चयन किया जाएगा। उन्नति छात्रवृत्ति योजना के तहत चुने हुए छात्रों को मेरिट के आधार पर सालाना लगभग रु0-13000/- की वित्तीय सहायता दी जाएगी। छात्रवृत्ति की राशि सीधे बच्चे के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। कुल छात्रवृत्तियों में से पचास प्रतिशत लड़कियों के लिए आरक्षित हैं।

### बछरावां में फ्लिपकार्ट गोदाम से लाखों की चोरी चोरों ने '1.82 लाख नकद, डीवीआर और कोरियर पैकेट चुराए, पुलिस जांच में जुटी

**रायबरेली** के बछरावां कस्बे के कसरावा मोड़ स्थित फ्लिपकार्ट के गोदाम में बीती रात अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये की चोरी को अंजाम दिया है। चोरों ने गोदाम से 1 लाख 82 हजार 210 रुपये नकद, सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर और कई कोरियर पैकेट चुरा लिए।
यह घटना रविवार और सोमवार की दरमियानी रात को हुई। सोमवार सुबह करीब 7-00 बजे चोरी का पता चलने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया।
चोरों ने गोदाम के शटर का ताला तोड़कर उसे उठाया और अंदर घुस गए। ऑनलाइन कंपनी के कर्मचारी अरविंद कुमार ने बताया कि चोरों ने नकद राशि और डीवीआर के साथ कुछ अन्य जरूरी सामान भी पार कर दिया। अरविंद कुमार के अनुसार, चोरों ने कुछ पैकेट फाड़कर गोदाम के अंदर और बाहर फेंक दिए थे।

# शिव बारात का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जगमोहनेश्वर मंदिर से निकाली गयी शिव बारात का रास्ते में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। बारात में तरह-तरह की आस्था की प्रतीक झाकिंया सजायी गयीं थी। झांकी के कलाकारों का प्रदर्शन इतना मन मोहक था कि जिधर से बारात निकली लोग मस्त होकर झूम रहे थे। शिव बारात में बैंड-बाजे व डी.जे. धार्मिक गीतों की धुन माहौल को चार चांद लगा रहे थे। बारात के स्वागत स्थलों की कड़ी में जनपद के वरिष्ठ व्यापारी नेता मुकेश रस्तोगी द्वारा अपने प्रतिष्ठान मुकेश कम्प्यूटर्स कोतवाली रोड रायबरेली की ओर से बारात का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत स्थल पर महान औघड़ सन्त पूज्य अवधूत भगवान राम, पूज्य गुरूदेव बाबा गुरूपद संभव रामजी, पूज्य पारद शिवलिंग, भगवान खाटू श्याम जी, सालासर बाला जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर पूजा, अर्चना के साथ दीप प्रज्जवलित कर प्रसाद वितरित किया गया। रस्तोगी द्वारा बारात संचालकों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। अंग वस्त्र भेंट करने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी डा0 अमिताभ पाण्डेय, पूर्व सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ओपी यादव, शिवकुमार शुक्ला, पालिकाध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, व्यापार मण्डल अध्यक्ष बसन्त सिंह बग्गा, मनोज गुप्ता, बबलू जोशी, अनुज त्रिवेदी, सत्यांशु दुबे, आशु श्रीवास्तव, पवन अग्रहरि, श्रमिक संघ के अध्यक्ष पं. वी.के. शुक्ला, स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष भौमेश कुमार स्वर्णकार, इं. दुर्गा प्रसाद स्वर्णकार, गोविन्द सोनी, भाजपा नेता रवि सिंह चौधरी, विजय बाजपेयी, सपा नेता शशिकान्त शर्मा, सौरभ सिंह, नीलेश यादव, चौधरी सुरेश कुमार निर्मल, सुशील जनसेवक, रामबहादुर यादव, राजन रस्तोगी, जया रस्तोगी, देवरंजन रस्तोगी, वीनू रस्तोगी, देवर्षि रस्तोगी, शिवानी रस्तोगी, निवेदिता रस्तोगी, जानकी रस्तोगी, वान्या रस्तोगी, श्रवण रस्तोगी, वामी रस्तोगी, शिवी रस्तोगी, परी मौर्या, अशाक्य शाक्य आदि लोगों ने विशेष भूमिका निभायी।

# विशाल भंडारे में दिखी सर्वधर्म समभाव और सामाजिक एकता की झलक पूर्ण श्रद्धा

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**



भक्ति और सेवा के संगम में सजा विशाल भंडारा बढ़ा सामाजिक सौहार्द। महाशिवरात्रि भंडारे ने दिया एकता और समरसता का संदेश धार्मिक आयोजन में उमड़ा जनसैलाब। सामाजिक भाईचारे की मिसाल बना भंडारा भक्ति एवं सांस्कृतिक परंपराओं के साथ पावन पर्व महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर धार्मिक आयोजन भव्यता एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर ? नमः शिवाय के अखंड जप एवं विधि-विधान से सम्पन्न हवन-पूजन की पावन पूर्णाहुति के उपरांत सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायबरेली रोड स्थित माता पार्वती एवं भगवान शिव शंकर मंदिर प्रांगण में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालु पूरे उत्साह एवं आस्था के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। आयोजन समिति के अनुसार भक्ति-भाव से ओत-प्रोत इस भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण दोपहर से प्रारंभ होकर भगवान भोलेनाथ की इच्छा से देर शाम तक चलता रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजनो धर्मप्रेमी बंधु एवं क्षेत्रवासी सपरिवार उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करते हुए पुण्य लाभ अर्जित किए। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ आधार मिलता है। साथ ही युवाओं में धार्मिक परंपराओं के प्रति आस्था एवं जागरूकता भी बढ़ती है। आयोजकों ने समस्त भक्तजनों के मंगलमय जीवन, सुख-समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा कि भगवान भोलेनाथ की असीम कृपा सदैव सभी श्रद्धालुओं पर बनी रहे।

### बछरावां में फ्लिपकार्ट गोदाम से लाखों की चोरी चोरों ने '1.82 लाख नकद, डीवीआर और कोरियर पैकेट चुराए, पुलिस जांच में जुटी

**रायबरेली** के बछरावां कस्बे के कसरावा मोड़ स्थित फ्लिपकार्ट के गोदाम में बीती रात अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये की चोरी को अंजाम दिया है। चोरों ने गोदाम से 1 लाख 82 हजार 210 रुपये नकद, सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर और कई कोरियर पैकेट चुरा लिए।
यह घटना रविवार और सोमवार की दरमियानी रात को हुई। सोमवार सुबह करीब 7-00 बजे चोरी का पता चलने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। चोरों ने गोदाम के शटर का ताला तोड़कर उसे उठाया और अंदर घुस गए। ऑनलाइन कंपनी के कर्मचारी अरविंद कुमार ने बताया कि चोरों ने नकद राशि और डीवीआर के साथ कुछ अन्य जरूरी सामान भी पार कर दिया। अरविंद कुमार के अनुसार, चोरों ने कुछ पैकेट फाड़कर गोदाम के अंदर और बाहर फेंक दिए थे।उन्होंने तत्काल घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा श्रद्धा का जनसैलाब, पूनम सिंह ने विभिन्न मंदिरों में टेका मत्था

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर समूचा जनपद शिवमय नजर आया। देवाधिदेव महादेव की आराधना के इस विशेष अवसर पर जनपद की प्रमुख समाजसेवी पूनम सिंह ने विभिन्न प्राचीन और सिद्ध शिवालयों का भ्रमण कर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। लालगंज के बालेहश्वर बाबा मंदिर में किया जलाभिषेक पूनम सिंह ने अपनी आध्यात्मिक यात्रा की शुरुआत लालगंज के ऐहार स्थित सुप्रसिद्ध प्राचीन बालेहश्वर बाबा मंदिर से की। यहाँ उन्होंने पूरी श्रद्धा के साथ भगवान शिव का विधि-विधान से जलाभिषेक किया और बेलपत्र अर्पित कर पूजन किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासी विमल गुप्ता द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में भी सहभागिता की। यहाँ उन्होंने न केवल स्वयं प्रसाद ग्रहण किया, बल्कि श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण कर सेवा भाव का परिचय भी दिया। लोधवारी के



सिद्धेश्वर मंदिर में उमड़ी श्रद्धा इसके पश्चात, वह रायबरेली सदर के राही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम लोधवारी पहुँचीं। यहाँ स्थित सिद्धेश्वर मंदिर में उन्होंने भगवान शिव के दर्शन किए और आरती-पूजन में भाग लिया। मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में पहुँचकर उन्होंने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया और उपस्थित क्षेत्रीय नागरिकों से भेंट की। सत्यनगर के आनंदेश्वर महादेव मंदिर में हुआ समापन शिव आराधना का यह क्रम रायबरेली शहर के सत्यनगर स्थित आनंदेश्वर महादेव मंदिर पहुँचा। यहाँ पूनम सिंह ने संध्या आरती में भाग लेकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर में उमड़े श्रद्धालुओं के उत्साह के बीच उन्होंने बाबा का प्रसाद ग्रहण कर अपनी इस धार्मिक यात्रा को पूर्ण किया। दर्शन और पूजन के उपरांत मीडिया से रूबरू होते हुए पूनम सिंह ने कहा, ÷महाशिवरात्रि का पर्व हमें संयम और सेवा की सीख देता है। भगवान भोलेनाथ से यही प्रार्थना है कि वे समस्त जनपदवासियों और जनमानस की मनोकामनाएं पूर्ण करें तथा सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास हो।



# बाबा सिद्दीकी मर्डर केस के वांटेड ने एक्ट्रेस हिमांशी खुराना को दी धमकी, मांगे 10 करोड़, पंजाब पुलिस अलर्ट

बॉलीवुड निर्देशक रोहित शेट्टी और एक्टर रणवीर सिंह के बाद एक और कलाकार को जान से मारने की धमकी मिली है. पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की एक्ट्रेस और बिग बॉस फेम हिमांशी खुराना अब गैंगस्टर के निशाने पर है. विदेश में बैठे गैंगस्टर जीशान अख्तर ने हिमांशी से 10 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी है. जीशान अख्तर बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में वांटेड है.गैंगस्टर ने एक्ट्रेस को धमकी दी है कि अगर उसने 10 करोड़ रुपये नहीं दिए तो उसे जान से मार दिया जाएगा. धमकी के बाद एक्ट्रेस ने मामले की शिकायत पंजाब पुलिस से की है. पुलिस ने एक्ट्रेस की सुरक्षा बढ़ा दी है. शुरुआती जांच के बाद पुलिस का कहना है कि एक्ट्रेस को ईमेल के जरिए ये धमकी मिली है. मेल को जांच के लिए कब्जे में लिया गया है. फिलहाल एक्ट्रेस की सुरक्षा बढ़ा दी गई है.

**बाबा हत्याकांड का मुख्य आरोपी और लॉरेंस का करीबी**

हिमांशी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्हें शुक्रवार से लगातार जान से मारने की धमकी वाले ईमेल मिल रहे थे. ईमेल के साथ ऑडियो मैसेज भी भेजे गए थे,



जिनमें पैसे की मांग की गई थी. वहीं गैंगस्टर जीशान अख्तर का नाम पहले भी कई बड़े आपराधिक मामलों में आ चुका है. वह बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मुख्य आरोपी रह चुका है और लॉरेंस बिश्नोई का करीबी माना जाता है. अभी भी वह पकड़ा नहीं जा सका है. फिलहाल पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है.

**कौन हैं हिमांशी खुराना ?**

एक्ट्रेस हिमांशी खुराना पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा चेहरा हैं. हिमांशी अपनी शानदार मॉडलिंग व अभिनय प्रतिभा के लिए देश भर में जानी जाती हैं. उन्हें सबसे ज्यादा वैश्विक पहचान टीवी के सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 13वें सीजन से मिली थी. उस सीजन में वे सिद्धार्थ शुक्ला, शहनाज गिल और आसिम रियाज जैसे बड़े सितारों के साथ नजर आई थीं. इसी शो के दौरान उनकी मुलाकात आसिम रियाज से हुई थी, जिनसे उनका प्रेम संबंध दिसंबर 2023 तक चला और फिर दोनों ने अलग होने का फैसला किया.

**पुलिस ने दर्ज किया केस**

मोहाली के एसपी (डी) सौरभ जिंदल का कहना है कि इस पूर मामले को लेकर सोहाना थाना में गैंगस्टर जीशान अख्तर के खिलाफ धारा 308(4) और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है पुलिस अब उस आईपी एड्रेस की जांच कर रही है जिससे यह धमकी भरा ईमेल भेजा गया था. उन्होंने मेल की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# शनाया कपूर की 'तू या मैं' देखने के बाद करण जौहर का BP हुआ हाई, बोले- अभी भी स्ट्रेस में हूं

शनाया कपूर और आदर्श गौवर स्टारर 'तू या मैं' बीते दिन 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है. बिजॉय नाम्बियार के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म लोगों को थिएटरों तक नहीं ला पा रही है, लेकिन फिल्ममेकर करण जौहर को ये फिल्म बेहद पसंद आई है. करण जौहर ने शनाया कपूर की फिल्म 'तू या मैं' देखी और इसे देखकर अपना




रिव्यू शेयर किया. करण जौहर ने फिल्म देखकर शनाया कपूर, आदर्श गौरव, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर की तारीफों के पुल बांध दिए.शनाया कपूर की 'तू या मैं' भले ही ऑडियंस को ज्यादा नहीं लुभा पाई, लेकिन करण जौहर को इसकी कहानी काफी दिलचस्प लगी. करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का रिव्यू भी कर दिया है, जिसमें उन्होंने फिल्म की खूब तारीफ की. साथ ही, ये भी कहा कि फिल्म देखने के बाद उन्हें BP की दवाई लेनी पड़ गई थी.

**करण जौहर ने की तारीफ**

करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम पर 'तू या मैं' की एक फोटो शेयर करते हुए लिखा, इस ट्रॉमेटाइजिंग (सबसे अच्छे तरीके से) फिल्म के दूसरे हाफ में आप अपनी सीट से उछल पड़ेंगे. स्विमिंग पूल मेरे लिए अब कभी पहले जैसे नहीं रहेंगेज् कभी नहीं! और अगर इस वैलेंटाइन पर आपका कोई पार्टनर है.. तो उन्हें तू या मैं देखने ले जाएं और उनसे आर्मर पहनने को कहें क्योंकि आप डर के मारे उनसे लिपट जाएंगे!!!! मैं अभी भी स्ट्रेस में हूं. मुझे ऐसा लग रहा है कि मुंबई के ट्रैफिक के बीच में भी कोई मगरमच्छ आकर मुझ पर हमला कर सकता है (मैं ड्रामा कर रहा हूं, मुझे पता है लेकिन इस फिल्म ने मुझे अपनी BP की दवाओं का एक्स्ट्रा डोज लेने पर मजबूर कर दिया है).



# महात्मा गांधी या दामोदर सावरकर, कौन हैं तापसी पन्नू के पसंदीदा विचारक?




बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी आखिरी बार 'खेल-खेल में' फिल्म में नजर आई थीं, जो साल 2024 में रिलीज हुई थी. दो साल के बाद तापसी पन्नू बड़े पर्दे पर धमाकेदार अंदाज में नजर आने वाली हैं. तापसी अपनी अपकमिंग फिल्म 'अस्सी' को लेकर बिजी चल रही हैं, जो 20 फरवरी को थिएटरों में रिलीज होगी. अनुभव सिन्हा के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म एक कोर्टरूम ड्रामा है, जिसमें तापसी एक बार फिर वकील का किरदार निभाती हुई दिखेंगी. इसी बीच तापसी पन्नू ने से बात की और इस दौरान डायरेक्टर अनुभव सिन्हा भी मौजूद रहे.

तापसी पन्नू ने भारतवर्ष पर अपनी फिल्म 'अस्सी', बॉलीवुड के माहौल, रेप जैसी घटनाओं और कई सामाजिक मुद्दों पर भी खुलकर बात की. इसी दौरान एक्ट्रेस से उनके पसंदीदा विचारक के बारे में पूछा गया और इस सवाल के साथ उन्हें 3 ऑप्शंस भी दिए गए. आइए जानें कि तापसी पन्नू ने अपना पसंदीदा विचारक किसे बताया.

**तापसी पन्नू का पसंदीदा विचारक**

एक्सक्लूसिव बातचीत के दौरान तापसी पन्नू से सवाल पूछा गया कि उनका पसंदीदा विचारक कौन है, जिसके विचार उन्हें ज्यादा पसंद आते हैं. इस सवाल के साथ उन्हें तीन विकल्प दिए गए महात्मा गांधी, भीमराव अंबेडकर या विनायक दामोदर सावरकर. इस सवाल के जवाब में तापसी पन्नू ने महात्मा गांधी का नाम चुना और कहा कि उन्होंने महात्मा गांधी के बारे में ज्यादा पढ़ा है, इसलिए वो उनका नाम चुनेंगी.

**तापसी पन्नू की पसंदीदा नेत्री**

तापसी पन्नू ज्यादातर फीमेल ऑरिएंटेड फिल्में बनाती हैं और उसे शसक्त तरीके से पर्दे पर उतारती हैं. ऐसे में उनसे उनकी पसंदीदा नेत्री के बारे में पूछा गया. इस सवाल के साथ चार ऑप्शंस दिए गए, जिनमें - ममता बनर्जी, मायावती, स्मृति ईरानी और प्रियंका गांधी का नाम शामिल था. इस सवाल के जवाब में तापसी ने सुषमा स्वराज का नाम लिया. यानी ऑप्शन से अलग. हालांकि, जब उनसे चार में से ही किसी एक का नाम लेने के लिए कहा गया तो उन्होंने स्मृति ईरानी का नाम चुना.

# नागार्जुन बनने वाले थे 'धुरंधर' के रहमान डकैत? एक्टर ने खुद बताई सारी सच्चाई




सुपरस्टार रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' ने सिनेमाघरों में जमकर तबाही मचाई. इसके बाद फिल्म ने ओटीटी पर भी अपना जलवा बिखेरा. बड़े पर्दे से लेकर ओटीटी तक, फैंस के दिलों को जीत चुकी इस फिल्म में रणवीर के साथ-साथ अक्षय खन्ना के काम की भी खूब तारीफें हुई हैं. जहां हमजा के किरदार में रणवीर ने जमकर सुर्खियां बटोरी तो वहीं रहमान डकैत के किरदार में अक्षय खन्ना भी छा गए.

अक्षय खन्ना धुरंधर में रहमान डकैत नाम का किरदार निभाकर हर किसी की जुबां पर चढ़ गए थे. उनकी एक्टिंग के साथ-साथ उनके स्वैग और डांस की भी खूब चर्चा हुई थी. हालांकि इसी बीच ये खबरें भी आई कि रहमान डकैत के लिए वो पहली पसंद नहीं थे, बल्कि साउथ सिनेमा के मेगास्टार नागार्जुन को ये रोल पहले ऑफर किया गया था. अब इस मामले पर नागार्जुन ने चुप्पी तोड़ते हुए सारी सच्चाई खुद बता दी है.

**नागार्जुन ने तोड़ी चुप्पी**

धुरंधर की सक्सेस के बीच ये अफवाहें काफी जोर-शोर से उड़ी थी कि अक्षय से पहले रहमान डकैत का ऑफर मेकर्स ने नागार्जुन को दिया था. हालांकि, इन अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं है. दिग्गज एक्टर ने खुद ये खुलासा किया है. हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि काश उन्हें ये रोल ऑफर किया जाता.

अभिनेता इन दिनों विदेश में छुट्टियों का लुत्फ ले रहे हैं. इसी बीच उन्होंने धुरंधर की तारीफ करते हुए सारी अफवाहों पर ब्रेक लगा दिया है. उन्होंने कहा, बिल्कुल नहीं. मुझे ये रोल ऑफर नहीं किया गया था. हालांकि मेरी इच्छा थी कि मुझे ऑफर किया जाता. धुरंधर एक शानदार फिल्म है. आदित्य धर का डायरेक्शन वाकई लाजवाब है. मुझे उनकी पिछली फिल्म उरी भी बहुत पसंद आई थी. फिल्म में सभी कलाकारों की एक्टिंग बेहतरीन है और अक्षय खन्ना तो कमाल के थे. सीक्वल का बेसब्री से इंतजार है. उन्हें एक और ब्लॉकबस्टर की शुभकामनाएं.

**मार्च में आएगी धुरंधर 2**

5 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई धुरंधर ने भारत में 800 करोड़ रुपये से ज्यादा और दुनियाभर में 1300 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. ये अब भारत की चौथी सबसे कमाऊ फिल्म है. मेकर्स फिलहाल दूसरे पार्ट को अंतिम रूप दे रहे हैं. धुरंधर 2 सिनेमाघरों में 19 मार्च 2026 को दस्तक देगी.

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# बांग्लादेश में नई सरकार

**यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार में उसे अपने मकसद में कामयाबी मिलती दिखी। यूनुस पाकिस्तान के साथ रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में तेजी से चल रहे थे। देखना होगा कि अब जबकि बीएनपी सत्ता में होगी, चीन के साथ ही पाकिस्तान के साथ वह अपने रिश्ते कैसा रखती है। भारत ने तो शेख हसीना को शरण देने के साथ बीएनपी से भी रिश्ते सुधारने की कोशिश की है। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बीमार होने पर चिंता जताना और उनके निधन के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर का उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने को खास माना जा सकता है।**

*बांग्लादेश में चुनाव नतीजों से साफ हो गया कि वहां बीएनपी की सरकार होगी और तारिक रहमान देश के नये प्रधानमंत्री होंगे। किसी भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में यह सहज ही है कि आंतरिक और बाह्य राजनीतिक ताकतें चुनाव परिणाम को सकारात्मक ढंग से लें। बांग्लादेश के लिए भी यह परंपरा मान्य होनी चाहिए, हालांकि इसको लेकर कुछ संशय चुनाव के साथ ही शुरू हो चुके हैं। इसे समझने के लिए दो बिंदुओं पर विचार करना होगा। पहला यह कि चुनाव प्रक्रिया पर देश के अंदर से ही सवाल उठाये गये हैं। दूसरा बिंदु पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का भारत में आश्रय लेना है। यह स्थिति सामान्य नहीं कही जा सकती कि पूर्व प्रधानमंत्री की पार्टी बांग्लादेश में बैन कर दी गई। फिर जिन्होंने चुनाव में हिस्सा लिया, वे ही निर्वाचन प्रक्रिया से ही संतुष्ट नहीं हैं। भारत के लिए तो यह निर्वाचन इसलिए मायने रखता है कि प्रधानमंत्री के रूप में जो नेता उसके अनुकूल रहीं, उन्हें बांग्लादेश से निर्वासित होकर आना पड़ा। बात इतनी ही होती तो चिंता न होती। उन्हें शरण देने के पहले से ही बांग्लादेश में भारत विरोधी माहौल रहा है। फिलहाल तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की जीत पर पार्टी अध्यक्ष तारिक रहमान को बधाई दी। उन्होंने इसे रहमान के नेतृत्व पर बांग्लादेश की जनता का भरोसा बताया। मोदी ने खुद भरोसा दिया कि भारत एक लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के समर्थन में खड़ा रहेगा। उन्होंने दोनों देशों के बहुआयामी संबंधों को मजबूत करने और साझा विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए तारिक रहमान के साथ काम करने के लिए उत्सुकता जताई। स्वाभाविक कि एक बड़े लोकतांत्रिक देश और पड़ोसी होने के नाते भारत यह रुख अपनाये। इसके विपरीत हाल के घटनाक्रम आगे की राह आसान नहीं होने के ही संकेत देते हैं। भारत के राजनयिक पड़ोस में हो रहे चुनाव के दौरान जमात-ए-इस्लामी के प्रदर्शन पर नजर रखे हुए थे। भारत का मानना रहा है कि बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के प्रभाव में रहती है। जमात इस चुनाव में अपने को सत्ता हासिल करने के करीब मानकर चल रहा था। उसने 11 दलों के साथ गठबंधन बनाया था। स्वाभाविक है कि ये छोटे दल हैं और पूरी तरह से जमात की ही पकड़ में रहे हैं। जमात ने चुनाव प्रचार के दौरान अपने भारत विरोधी रुख को छिपाया भी नहीं। अब हार के बाद उसकी हताशा चुनाव प्रक्रिया पर सवाल के रूप में सामने आई है। यहीं नहीं, साल 2024 में शेख हसीना को सत्ता से हटाने के लिए आंदोलन करने वाली नेशनल सिटीजन्स पार्टी ने भी चुनाव नतीजों में हेरफेर के आरोप लगाये हैं। सच है कि बांग्लादेश में अति कट्टरपंथियों की हार खुद अपने लोगों और भारत के अनुकूल है। जिस तरह के हालात से बांग्लादेश गुजरा है, नई सरकार को स्थिति सामान्य करने में समय लगेगा। शेख हसीना के देश से बाहर आ जाने के बाद अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बना माहौल भारत के खिलाफ ही रहा। हालात यह हो चले थे कि हिन्दू नागरिकों की लींचिंग के दौरान हत्या तक हुई। यह वही क्षेत्र है, पूर्वी पाकिस्तान के रूप में जहां लोकतांत्रिक आंदोलन को भारत ने न सिर्फ समर्थन दिया बल्कि बांग्लादेश के उदय में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। बांग्लादेश के नायक शेख मुजीब की हत्या के बाद से भारत को अपने इस पड़ोसी के साथ रिश्तों को लेकर सजग रहना पड़ा है। सुरक्षा सहयोग, विदेश नीति और आर्थिक साझेदारी के बूते भारत ने इसे सम्भाले रखा। यह भी देखना होगा कि जिस पाकिस्तान से निकल कर बांग्लादेश अस्तित्व में आया, शेख हसीना के दौर में वहां पाकिस्तान की दाल नहीं गली।*

### एक्सप्रेस आलेख

**'महिलाओं के हिंसक चयन के पीछे कोई एक कारण नहीं- दुख, विचारधारा और जबरदस्ती का जाल है।' वस्तुतः आज ये सभी विश्लेषण साबित करते हैं कि महिलाओं को वर्तमान समय में सिर्फ पीड़ित मानना भूल होगी, वे बहुआयामी भूमिकाएं निभा रही हैं, आतंकवाद का हिंसक स्वरूप भी उन्हीं में से एक है। हालांकि यह भी सच है कि आतंकवाद और इस्लामिक पंथ के बीच मुख्यधारा के मजहबी विद्वान इन व्याख्याओं को अस्वीकार करते हैं। इनका मत है कि 'इस्लाम के नाम पर' कहना सामाजिक ध्रुवीकरण बढ़ाता है और वास्तविक समस्या कट्टरपंथ से भटकाता है। किंतु अब इस सच को भी तो नहीं नकारा जा सकता कि जो घटनाएं हो रही हैं।**


# इस्लामिक आतंकवाद का अदृश्य हथियार हैं महिलाएं



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**वे अधिकांशतः एक विशेष समुदाय की सहभागिता को ही बार-बार उजागर करती हैं। वैसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की ओर से इस समस्या का निदान भी बताया गया है। नीतिगत उपायों में जेंडर-संवेदी डी-रेडिकलाइजेशन, साइबर निगरानी, संघर्ष क्षेत्रों में महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा-पुनर्वास कार्यक्रम और यूएन-एफएटीएफ-इंटरपोल सहयोग शामिल हैं।**

पिछले कई दशकों से इस्लामिक आतंकवादी संगठन महिलाओं को भर्ती कर रहे हैं और उनका क्रूर शोषण कर रणनीतिक लाभ उठा रहे हैं। यह समस्या अब इतनी विकट हो गई है कि ये किसी एक देश तक सीमित नहीं रही, आईएसआईएस से बोको हराम, जैश-ए-मोहम्मद तक हर संगठन ने महिलाओं को प्रचार, जासूसी, लॉजिस्टिक्स और आत्मघाती हमलों में झोंक दिया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) मॉनिटरिंग टीम की ताजा रिपोर्ट चेतावनी देती है कि इस्लामिक आतंकवादी नेटवर्क ऑनलाइन प्रचार के जरिए किशोरियों और महिलाओं को लक्षित कर रहे हैं, जो वैश्विक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। वस्तुतः इसमें भी सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस जटिल मुद्दे को कट्टरपंथ, राजनीतिक हिंसा और लैंगिक शोषण के व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए था, जिसका अब तक सर्वत्र अभाव नजर आता है। किंतु आज यूएनएससी की रिपोर्टें महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर गहरी चिंता व्यक्त कर रही हैं। यूएन की जो टीम, अल-कायदा, आईएसआईएल और उनके सहयोगियों पर नजर रखती है, दरअसल वे स्पष्ट कह रही हैं कि आतंकवादी महिलाओं का ऑनलाइन भर्ती, फंडिंग, लॉजिस्टिक्स और यहां तक कि ऑपरेशनल भूमिकाओं में इस्तेमाल कर रहे हैं। यूएनओडीसी और यूएन वुमन की रिपोर्टें बताती हैं कि महिलाएं कभी पीड़ित के रूप में, कभी समर्थक और कभी सक्रिय भागीदार के रूप में उभरती हैं। इस संदर्भ में 2018 और 2022 की यूएनएससी काउंटर-टेररिज्म कमिटी की चर्चाओं ने जोर दिया कि 'वन-साइज-फिट्स-ऑल' दृष्टिकोण यहां काम नहीं करता। हालिया 37वीं रिपोर्ट (फरवरी-2026) में जैश-ए-मोहम्मद के महिला विंग 'जमात-उल-मोमिनात' का खुलासा हुआ है, जिसकी घोषणा मसूद अजहर ने आठ अक्टूबर 2025 को की थी। यह विंग महिलाओं को प्रशिक्षित कर हमलों में सहायता प्रदान करने का लक्ष्य रखता है, जो सुरक्षा एजेंसियों की नजर चकमा देने की रणनीति है। दिल्ली के लालकिला मेट्रो स्टेशन धमाके (10 नवंबर 2025, 15 मौतें) और जुलाई 2025 के पहलगाम हमले (26 मौतें) से इसका सीधा संबंध प्रमाणित हो चुका है। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो आईएसआईएस ने 'अल-खांस ब्रिगेड' जैसी महिला इकाइयां बनाकर प्रचार और निगरानी में उनका उपयोग किया। मिया ब्लूम की पुस्तक 'बॉम्बशेलः वुमेन एंड टेररिज्म' में लिखा भी इसलिए गया कि 'आतंकवादी संगठनों ने सीख लिया है कि महिलाएं रणनीतिक लाभ प्रदान करती हैं क्योंकि वे कम संदिग्ध मानी जाती हैं और सुरक्षा उपायों को बायपास कर सकती हैं।' नाइजीरिया का बोको हराम साल 2014 के बाद सैकड़ों किशोरियों को जबरन आत्मघाती हमलों में धकेल चुका है। यूएनआईसीईएफ की 2017 की रिपोर्ट के अनुसार, ऐसे हमलों में लड़कियां बहुसंख्यक थीं। दक्षिण एशिया, खासकर कश्मीर, इस शोषण का सबसे दर्दनाक केंद्र रहा है। निला अली खान की 'इस्लाम, वुमेन एंड वायलेंस इन कश्मीर' में कहा गया, 'संघर्ष क्षेत्रों में महिलाएं उग्रवादी समूहों और राज्य ताकतों के बीच फंसकर राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का प्रतीक बन जाती हैं।' फरहाना काजी की 'इनविजिबल मार्टर्स' चेताती है, 'महिला आत्मघाती हमलावरों का कोई एक प्रोफाइल नहीं, उनके पीछे व्यक्तिगत आघात से राजनीतिक विश्वास तक कारक होते हैं।' स्वाति पराशर का 'जेंडर, जिहाद एंड जिंगोइज्म' तर्क देता है कि महिलाएं हिंसा की शिकार ही नहीं, अपितु हिंसा की एजेंट भी हो सकती हैं। भारत में पिछले 75 वर्षों (1951-2026) का इतिहास चिंताजनक है। 1990 के कश्मीरी पंडितों के विस्थापन से हुर्रियत, जेईएम और लश्कर-ए-तैयबा ने महिलाओं को कूरियर, हनीट्रैप और सुसाइड बॉम्बर बनाया। साउथ एशिया टेररिज्म पोर्टल दर्जनों मामलों का उल्लेख करता है, जहां महिलाओं को 'अदृश्य हथियार' के रूप में इस्तेमाल किया गया है। जमात-उल-मोमिनात आईएसआईएस-हमास की तर्ज पर वैश्विक अस्थिरता फैलाने में सक्रिय है, जो एलटीटीई की महिला स्क्वायड की याद दिलाता है। भारत सहित विश्व समुदाय के लिए चुनौती है, सुरक्षा कार्रवाइयों के साथ सामाजिक समरसता और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करने की ये चुनौती बहुत व्यापक है। भारत के प्रमुख मामलों पर नजर डालें तो इशरत जहां (2004) लश्कर की सुसाइड स्क्वायड मेंबर थी, जिसे गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी (अब प्रधानमंत्री) पर हमले के लिए डेविड हेडली ने मुजम्मिल बट के नेतृत्व में भेजा था। जो आज एनआईए जांच और हेडली के बयान से सिद्ध भी हो चुका है। 2006 में जेईएम की यासमीना अवंतीपोरा हाईवे पर पहली कश्मीरी महिला सुसाइड बॉम्बर बनी। उसी साल खलीदा अख्तर लश्कर के हनीट्रैप और हथियार प्रशिक्षण में लिप्त रही। हाल के वर्षों में डॉ. शाहीन सईद (2025), लखनऊ की रहने वाली, जमात-उल-मोमिनात की रिक्रूटर साबित हुई। लालकिला ब्लास्ट से पहले गिरफ्तार, उसकी कार में राइफल और डीएनए से डॉ. उमर नबी का लिंक मिला। निघत सिद्दिकी हालिया श्रीनगर में लश्कर कमांडरों को तीन लाख रुपये देते हुए पकड़ी गई। ये मामले एनआईए, जेके पुलिस और यूएन रिपोर्टों से प्रमाणित हैं, हालांकि हर आरोप अदालती फैसले पर निर्भर है और जांच प्रक्रिया लंबी रहती है, अनेक मामलों में तो न्यायालय से अभी अंतिम निर्णय भी आना है, किंतु अनेक साक्ष्य एवं प्रमाण सामने आ चुके हैं कि कैसे महिलाओं को इस्लाम के नाम पर जिहाद को गैर मुसलमानों के प्रति हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। कई अन्य पुस्तकें हैं, जिसमें इस शोषण की मनोवैज्ञानिक गहराई उजागर की गई है। मुश्ताक उल हक की 'शैडोएड वर्ल्ड ऑफ टेररिज्म' कहती है कि 'महिलाओं के हिंसक चयन के पीछे कोई एक कारण नहीं- दुख, विचारधारा और जबरदस्ती का जाल है।' वस्तुतः आज ये सभी विश्लेषण साबित करते हैं कि महिलाओं को वर्तमान समय में सिर्फ पीड़ित मानना भूल होगी; वे बहुआयामी भूमिकाएं निभा रही हैं, आतंकवाद का हिंसक स्वरूप भी उन्हीं में से एक है। हालांकि यह भी सच है कि आतंकवाद और इस्लामिक पंथ के बीच मुख्यधारा के मजहबी विद्वान इन व्याख्याओं को अस्वीकार करते हैं। इनका मत है कि 'इस्लाम के नाम पर' कहना सामाजिक ध्रुवीकरण बढ़ाता है और वास्तविक समस्या कट्टरपंथ से भटकाता है। किंतु अब इस सच को भी तो नहीं नकारा जा सकता कि जो घटनाएं हो रही हैं वे अधिकांशतः एक विशेष समुदाय की सहभागिता को ही बार-बार उजागर करती हैं। वैसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की ओर से इस समस्या का निदान भी बताया गया है। नीतिगत उपायों में जेंडर-संवेदी डी-रेडिकलाइजेशन, साइबर निगरानी, संघर्ष क्षेत्रों में महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा-पुनर्वास कार्यक्रम और यूएन-एफएटीएफ-इंटरपोल सहयोग शामिल हैं। यूएनएससी ने शांति निर्माण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर देता है। ऐसे में कहना यही होगा कि आतंकवाद में महिलाओं का शोषण जटिल बहुस्तरीय समस्या है; इसका समाधान सुरक्षा, लैंगिक न्याय और अंतरराष्ट्रीय एकजुटता में है। सिर्फ तभी हम इस काले अध्याय को बंद कर सकेंगे।



**यूएनएससी ने शांति निर्माण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर देता है। ऐसे में कहना यही होगा कि आतंकवाद में महिलाओं का शोषण जटिल बहुस्तरीय समस्या है; इसका समाधान सुरक्षा, लैंगिक न्याय और अंतरराष्ट्रीय एकजुटता में है। सिर्फ तभी हम इस काले अध्याय को बंद कर सकेंगे।**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अमावस्या 17:30 तक |
| नक्षत्रः | धनिष्ठा 21:16 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | परिघ, 12:28 |
| सूर्योदयः | 07:01 |
| सूर्यास्तः | 18:19 |
| चंद्रमाः | मकर राशि में |
| राहुकालः | 03:30-04:55 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:18-13:03 |

## जन एक्सप्रेस

### मच गया बवाल !

*किया गलत तुलना।*
*मच गया बवाल।।*
*जनमानस में आखिरकार।*
*आ गया उबाल।।।*
*ऐसी गलती बार बार।*
*लिया है लगता ठान।।*
*दावा और पुष्टि से।*
*बनते वो महान।।*
*सड़क छाप ज्ञान की।*
*आई है बहार।।*
*हद से ज्यादा जिह्वा को।*
*मिला जो अधिकार।।*
*नहीं सीखा हरकतों से।*
*लगता बाज आना।।*
*पुनः दिया है खोल।*
*ज्ञान का खजाना।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# वजन बढ़ाने के लिए खाएं दूध-भुने हुए चने का पाउडर

**जिस** तरह बढ़ता हुआ वजन एक समस्या है, उसी तरह अंडरवेट होना भी गंभीर स्वास्थ्य चिंता का विषय है। जिन लोगों का वजन कम होता है, उन्हें भी कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं घेर लेती है, जैसे इम्यूनिटी का कमजोर होना। जाहिर है, हर कोई स्वस्थ जिंदगी चाहता है। जो लोग दुबले-पतले हैं, तो वे अपना वजन बढ़ाने के लिए तरह-तरह के उपाय अपनाते हैं। जैसे दूध-केला खाते हैं या एक्सपर्ट की मदद लेते हैं। विशेषज्ञों की मानें, तो वजन बढ़ाने के लिए दूध के साथ भुने चने के पाउडर का सेवन करना काफी फायदेमंद हो सकता है।

**अंडरवेट होने के नुकसानः** अंडरवेट होने पर कई तरह के नुकसान हो सकते हैं, जैसे थकान, कमजोरी, ऑस्टियोपोरोसिस, कमजोर इम्यूनिटी आदि। यही नहीं, विशेषज्ञ यह भी बताते हैं कि जिन लोगों का वजन कम होता है, उन्हें हेयर फॉल, स्किन से जुड़ी समस्या भी होती है। इन लोगों को सर्जरी के समय अधिक जटिलताओं का भी सामना करना पड़ता है। असल में, अंडरवेट होने पर शरीर को पर्याप्त पोषण नहीं मिलता, जो स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है।



**वजन बढ़ाने के लिए दूध-भुने चने का पाउडर खाने के फायदेः** मसल्स गेन में मददगारः रोस्टेड चना हर 100 ग्राम में लगभग 17-20 ग्राम प्लांट-बेस्ड प्रोटीन देता है। जब आप इसे दूध के साथ मिक्स करके पीते हैं, तो इससे मसल्स गेन में मदद मिलती है। दूध में एक्स्ट्रा केसीन और व्हे होता है, जिससे यह कॉम्बिनेशन मसल्स की रिपेयर और ग्रोथ में मदद करता है। प्रकाशित एक लेखसे इस बात की पुष्टि होती है कि दूध में व्हे और केसीन प्रोटीन होते हैं। ये तत्व मसल्स रिपेयर और ग्रोथ में मदद करते हैं।

**कैलोरी से भरपूरः** अंडरवेट लोगों को हेल्दी कैलोरी युक्त चीजों को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना चाहिए। दूध और रोस्टेड चने के पाउडर के साथ आप गुड़ और नट्स मिलाकर खाएं। कैलोरी से भरपूर ये तमाम चीजें वजन बढ़ाने में मदद करती हैं।

**एनर्जी बूस्टरः** आपने अक्सर देखा होगा कि कमजोर और दुबले-पतले लोगों में एनर्जी की कमी होती है। ऐसे में वे दूध-भुने चने का पाउडर का सेवन करते हैं, तो इससे इंस्टेंट एनर्जी बूस्ट होती है। असल में, यह मिश्रण आयरन और कार्ब्स का अच्छा स्रोत है।

**हड्डियों को मजबूतीः** अंडरवेट होने की वजह से हड्डियां न सिर्फ कमजोर होती हैं, बल्कि बोन डेंसिटी भी कम होती है। वहीं, जब आप दूध-भुने चने का पाउडर का सेवन करते हैं, तो इसमें मौजूद कैल्शियम, मैग्नीशियम जैसे पोषक हड्डियों को मजबूती प्रदान करते हैं।

**कितनी मात्रा में दूध और रोस्टेड चने के पाउडर लेंः** वैसे तो इसका कोई फिक्स जवाब नहीं हो सकता है। आपकी सेहत और मेडिकल कंडीशन यह तय करती है कि आपको एक दिन में कितनी मात्रा में इसका सेवन करना चाहिए। हां, एक स्वस्थ व्यक्ति की बात करें, तो वह एक दिन में एक गिलास दूध में 50 ग्राम रोस्टेड चने का पाउडर मिक्स करके पी सकते हैं। इसकी मात्रा उम्र, हाइट और वेट के अनुसार अलग-अलग हो सकती है।

### एक्सप्रेस विशेष

# 'इंडिया-आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इम्पैक्ट समिट' के मायने



डॉ. इन्द्र दमन तिवारी

**एक तरह से एआइ चुनौतियों के साथ अवसर भी है। भारत को इस अवसर को भुनाने के लिए अपने लोगों को एआइ के उपयोग के प्रति सक्षम बनाने के लिए और अधिक सक्रियता दिखानी होगी।**

**आर्टिफिशियल** इंटेलिजेंस को लेकर जब पूरी दुनिया में बहस चल रही है, तब नई दिल्ली में कई देशों के प्रमुख, टेक कंपनियों के दिग्गज और विशेषज्ञ एक छत के नीचे हैं। 16 से 20 फरवरी तक होने वाला 'इंडिया-आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इम्पैक्ट समिट' तकनीक के भविष्य के लिए बेहद अहम है। इसका महत्व इसलिए भी है, क्योंकि इसमें 15 से अधिक देशों के शासनाध्यक्षों के साथ 50 से अधिक देशों के प्रतिनिधिमंडल हिस्सा ले रहे हैं। विश्व भर के एआई विशेषज्ञ एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की हिस्सेदारी इस सम्मेलन के आकर्षण को और बढ़ा रही है। इस आयोजन के प्रति दिलचस्पी को इससे समझा जा सकता है कि दो लाख से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। एक तरह से यह सम्मेलन जी-20 शिखर सम्मेलन से भी अधिक प्रभावशाली एवं विश्व का ध्यान अपनी ओर खींचने वाला हो सकता है। इस मंथन से न केवल यह पता चल सकता है कि एआई की दिशा क्या होनी चाहिए, बल्कि उस ओर चलने की राह भी खुल सकती है। सम्मेलन के तीन मुख्य सूत्र है पीपुल, प्लैनेट और प्रोग्रेस। ये तीन सूत्र ही एआई के विकास के तीन महत्वपूर्ण स्तंभ साबित हो सकते हैं। इस वक्त दुनिया के अधिकतर देशों में मशीनों की वजह से रोजगार संकट, सुरक्षा और पर्यावरणीय चिंता है। ऐसे में भारत का दिया सूत्र मददगार साबित हो सकता है, इसमें तकनीक की बात केवल इंसान नहीं, धरती के लिए भी है, उसे बेहतर बनाने के लिए एआई को केवल आर्थिक या रणनीतिक बढ़त नहीं, एक ज़िम्मेदारी के रूप में देखा जाना चाहिए। यह सम्मेलन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसके लोकतंत्रीकरण की शुरुआत हो सकता है, किसी भी तकनीक का सबसे ज्यादा लाभ तब मिलता है, जब वह सभी के लिए सुलभ हो। भारत का मानना रहा है कि टेक्नॉलजी तक हर किसी की पहुंच होनी चाहिए, ताकि सभी को समान मौके मिलें। समिट को जिन 7 प्राथमिक क्षेत्रों में बांटा गया है, उनमें एक है डेमोक्रेटाइजिंग एआई रिसोर्सेज वर्किंग ग्रुप। यह बताता है कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को समावेशी विकास के टूल के रूप में देखता है। इस पर किसी एक का नियंत्रण नहीं होना चाहिए। सरकार ने मार्च 2024 में 'इंडिया एआई मिशन' की शुरुआत की थी। इस मिशन में सेमीकंडक्टर, एआई और मशीन लर्निंग वगैरह के लिए कई पहल की गई थीं। सरकार विदेशी क्लाउड कंपनियों को भी देश में ही डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए लुभा रही है, इम्पैक्ट समिट से इन सारे प्रयासों को बल मिलेगा। जीवन के हर क्षेत्र में एआई का प्रभाव बढ़ता हुआ दिख रहा है, यह सर्वथा उचित है कि इस सम्मेलन में एआई की चुनौतियों से निपटने पर भी विचार-विमर्श होगा, लेकिन बात तब बनेगी जब उससे निपटने के किसी प्रभावी तंत्र पर सहमति भी बनेगी। यह सहमति इसलिए आवश्यक है, क्योंकि फिलहाल एआई पर चंद बड़े राष्ट्रों का ही वर्चस्व कायम है, यदि इस तकनीक का प्रसार अविकसित एवं निर्धन देशों तक नहीं पहुंचता तो इससे दुनिया में विषमता और अधिक बढ़ेगी ही। आज़ एआई की सबसे बड़ी जरूरत है डेटा और यही भारत की सबसे बड़ी ताकत है। लेकिन केवल लर्निंग का मैदान बनने से काम नहीं चलेगा। भारत को अपना डेटा सेंटर और अपना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल चाहिए। इसके लिए जरूरी बुनियादी ढांचे तेजी से विकसित करने होंगे, यह तकनीक की दौड़ ही नहीं, सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। देश को अगर यूजर से आगे बढ़कर डिवेलपर बनना है, तो रफ्तार बढ़ानी होगी, इम्पैक्ट समिट वह मौका है, जहां भारत अपनी क्षमता और महत्वाकांक्षा, दोनों दिखा सकता है। तकनीक के संदर्भ में इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि प्रत्येक तकनीकी विकास अपने साथ कुछ विसंगतियां एवं खतरे भी लाता है। एआइ के साथ तो ऐसा कुछ अधिक ही है। इसके दुरुपयोग के मामले बढ़ते चले जा रहे हैं। निःसंदेह एआइ विभिन्न क्षेत्रों में उपयोगी साबित हो रही है, लेकिन उसका दुरुपयोग जिस तरह बढ़ रहा है, उससे उपयोगकर्ताओं के बीच उसके प्रति विश्वसनीयता और भरोसे का संकट पैदा हो रहा है।

**यह आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है कि एआइ का दुरुपयोग रोकने की जिम्मेदारी संबंधित कंपनियों पर डाली जाए और इसके लिए उन्हें जवाबदेह भी बनाया जाए। एआइ अपने साथ जो चुनौतियां लेकर आई है, उनमें एक यह भी है कि उसके कारण कई परंपरागत नौकरियां खत्म हो रही हैं। निःसंदेह यह तकनीक परंपरागत नौकरियों को खत्म करने के साथ नई नौकरियां का सृजन भी कर रही है।**



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

## सीतापुर आंख अस्पताल प्रकरण:

# डीएम के निर्देश पर हुई विस्तृत जांच अस्थायी कर्मचारी पर दर्ज मुकदमे का खुलासा

### जिला गन्ना अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर की पड़ताल, रिपोर्ट में सामने आए महत्वपूर्ण तथ्य

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



एक दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के बाद सीतापुर आंख अस्पताल से जुड़े प्रकरण ने प्रशासनिक हलकों में हलचल पैदा कर दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी पीलीभीत ने तत्काल जांच के निर्देश जारी किए और जांच की जिम्मेदारी जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव को सौंपी। जिला गन्ना अधिकारी ने स्वयं अस्पताल पहुंचकर दस्तावेजों की जांच, संबंधित पक्षों से बातचीत और थाना स्तर पर सत्यापन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की। जांच के बाद पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो गई है।

#### अस्थायी नियुक्ति, फिर मांगा गया चरित्र प्रमाण पत्र

जांच में पाया गया कि जसकरन पुत्र मुरलीधर को अस्पताल में अस्थायी रूप से कुछ दिनों के लिए कार्य पर रखा गया था। यह नियुक्ति स्थायी नहीं थी और नियमानुसार औपचारिक दस्तावेज पूरे किए जाने शेष थे। जब अस्पताल प्रशासन की ओर से उनसे चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने को कहा गया तो उन्होंने प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने में असमर्थता जताई। इसके बाद प्रशासन ने स्वयं थाना सुनगढ़ी से चरित्र सत्यापन कराया।

#### थाना सत्यापन में दर्ज मिला गंभीर मुकदमा

थाना स्तर पर की गई जांच में यह तथ्य सामने आया कि जसकरन के विरुद्ध 11 अक्टूबर 2024 को प्राथमिकी संख्या 0308/2024 दर्ज है। यह मुकदमा भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 147, 323, 376(डी), 506 एवं 324 के अंतर्गत पंजीकृत है। मुकदमे की जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रशासन ने उन्हें तत्काल प्रभाव से कार्य पर आने से मना कर दिया। प्रशासन का कहना है कि अस्पताल जैसे संवेदनशील संस्थान में कार्यरत कर्मियों का चरित्र सत्यापन अनिवार्य है और किसी भी प्रकार का जोखिम नहीं लिया जा सकता।

#### डॉ. एन. के. बालियान पर दबाव बनाने के आरोप

जांच में यह भी सामने आया कि कार्य से रोके जाने के बाद संबंधित व्यक्ति द्वारा अस्पताल के वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. एन. के. बालियान पर पुनः नियुक्ति के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा है। बताया गया कि आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई, जिलाधिकारी कार्यालय में भी प्रार्थना पत्र दिया गया और मामले को समाचार पत्रों के माध्यम से उछालने का प्रयास किया गया। अस्पताल प्रशासन का आरोप है कि विभिन्न माध्यमों से डॉ. बालियान पर अनुचित दबाव बनाया जा रहा है, जिससे वे और उनका परिवार मानसिक तनाव में हैं।

#### 1964 से सेवा में अग्रणी संस्थान

सीतापुर आंख अस्पताल वर्ष 1964 में स्थापित हुआ था। पिछले छह दशकों से यह अस्पताल क्षेत्र में नेत्र चिकित्सा का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। प्रतिदिन लगभग 50 से 60 मरीज यहां उपचार के लिए पहुंचते हैं। प्रतिवर्ष 650 से अधिक मरीजों की आंखों के सफल ऑपरेशन किए जाते हैं। अस्पताल राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम एवं आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत भी सेवाएं प्रदान कर रहा है, जिससे गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को लाभ मिल रहा है।

#### प्रशासनिक कार्रवाई तथ्यों के आधार पर

जांच रिपोर्ट के अनुसार अस्पताल प्रशासन द्वारा लिया गया निर्णय उपलब्ध तथ्यों और थाना सत्यापन की रिपोर्ट के आधार पर था। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि संवेदनशील संस्थानों में नियुक्ति से पहले चरित्र सत्यापन अनिवार्य प्रक्रिया है और इसमें किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जा सकती। फिलहाल अस्पताल में उपचार कार्य पूर्ववत जारी है और मरीजों को नियमित सेवाएं मिल रही हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी सभी नियुक्तियां नियमानुसार ही की जाएंगी।

# एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने किसान सहकारी चीनी मिल पूरनपुर का किया औचक निरीक्षण

### मिल यार्ड में किसानों से सीधी वार्ता, तौल व्यवस्था पर लिया फीडबैक

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



किसान सहकारी चीनी मिल पूरनपुर में व्यवस्थाओं की हकीकत परखने के लिए उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सीधे मिल यार्ड पहुंचे और गन्ना लेकर आए किसानों से बातचीत कर जमीनी हालात की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि गन्ना तौल से संबंधित कोई विशेष समस्या नहीं है तथा कांटों पर तौल प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही है। एसडीएम ने पर्ची वितरण, तौल के समय और भुगतान प्रक्रिया के संबंध में भी विस्तार से जानकारी ली। किसानों ने प्रशासन द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

#### ग्रॉस कांटों की जांच, पारदर्शिता पर विशेष जोर

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने बैलगाड़ी एवं ट्राली के ग्रॉस कांटों का बारीकी से परीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तौल प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं निष्पक्ष होनी चाहिए, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने बताया कि सभी क्रय केंद्रों पर नियमित रूप से गन्ना तौल जारी है और पर्चियों का समयबद्ध वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। अब तक चीनी मिल द्वारा लगभग 17 लाख कुंतल गन्ने की खरीद की जा चुकी है, जो पेराई सत्र की प्रगति को दर्शाता है।

#### 12वें पक्ष की 15 कॉलम पर्चियां जारी, अवशेष गन्ने का वितरण जारी

अधिकारियों ने जानकारी दी कि गन्ना क्रय केंद्रों के 12वें पक्ष की 15 कॉलम की सभी पर्चियां किसानों को जारी कर दी गई हैं। गेट एवं ऐट गेट पर जिन किसानों का गन्ना अवशेष है, उनकी पर्चियां भी जारी की जा रही हैं, ताकि किसी भी किसान का गन्ना लंबित न रहे। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि पर्ची वितरण में पारदर्शिता और समयबद्धता प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान मिल परिसर स्थित किसान भवन का भी निरीक्षण किया गया। यहां किसानों के बैठने और विश्राम के लिए तख्त व गद्दों की व्यवस्था उपलब्ध पाई गई। दूर-दराज से आने वाले किसानों के लिए यह सुविधा राहत प्रदान कर रही है। इसके अतिरिक्त पेयजल के लिए नल की समुचित व्यवस्था की गई है। एसडीएम ने व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सुविधाओं को नियमित रूप से सुचारू रखा जाए।

#### पर्ची के अनुसार ही लाएं निर्धारित किस्म का गन्ना

अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वे केवल अपनी जारी पर्ची के अनुसार ही गन्ना लेकर आएं। जिस किस्म की पर्ची हो, उसी किस्म का गन्ना प्रस्तुत किया जाए। अगेती किस्म की पर्ची पर सामान्य या रिजेक्ट गन्ना लाने से बचने की हिदायत दी गई, ताकि तौल और भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।
निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता, मुख्य रसायनविद, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पूरनपुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।
प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसानों की सुविधा, पारदर्शी तौल व्यवस्था और समयबद्ध पर्ची वितरण सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# बेनी चौधरी मोहल्ले में नई सड़क का लोकार्पण, 28 दिन-28 लोकार्पण अभियान को मिली रफ्तार

***पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने फीता काटकर किया शुभारंभ, वार्डवासियों ने फूल बरसाकर किया स्वागत***



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

शहर में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे '28 दिन-28 लोकार्पण' अभियान के तहत नगर पालिका परिषद पीलीभीत ने वार्ड 18 के मोहल्ला बेनी चौधरी में नई सड़क निर्माण कार्य का विधिवत लोकार्पण किया। पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने फीता काटकर एवं शिलापट का अनावरण कर सड़क का शुभारंभ किया। लोकार्पण के अवसर पर मोहल्ले में उत्सव जैसा माहौल रहा। वार्डवासियों ने पालिका अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। कई स्थानों पर छतों से पुष्पवर्षा की गई और माल्यार्पण कर आभार व्यक्त किया गया।
पालिका द्वारा कराए गए निर्माण कार्य के अंतर्गत सलीम के मकान से गुड्डू के मकान तक तथा नदीम के मकान से कल्लू के मकान तक सड़क का निर्माण कराया गया है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पहले यहां कच्ची और जर्जर सड़क होने के कारण बरसात में जलभराव और कीचड़ की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती थी। आवागमन में बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। नई सड़क बनने से न केवल आवागमन सुगम हुआ है, बल्कि मोहल्ले की स्वच्छता और सौंदर्य में भी सुधार हुआ है। स्थानीय निवासियों ने कहा कि यह कार्य क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा चलाया जा रहा '28 दिन-28 लोकार्पण' अभियान शहर के समग्र विकास की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पालिका का उद्देश्य है कि प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ हों और नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शहर के अन्य क्षेत्रों में भी सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता से जुड़े कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएंगे।



#### बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व क्षेत्रवासी रहे मौजूद

लोकार्पण कार्यक्रम में सभासद निजाकत अली कादरी, अवतार सिंह मोनू, निर्मल सिंह टीटू, विपिन राजू फौजी, साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, राशिद हुसैन, इकबाल हजरत, अनस अंसारी, मोहम्मद शरीफ, इमरान अंसारी, विकास बाबू, विपिन मिश्रा, पंकज राजपूत, कमलेश वर्मा, नरेंद्र तिवारी, साबिर, सलीम, जाहिद खान, याकूब, इशहाक अहमद सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में वार्डवासियों ने पालिका अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के विकास कार्यों से शहर की तस्वीर बदल रही है और नागरिकों का विश्वास भी मजबूत हो रहा है।

# विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी, एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

### दो साल बाद आंशिक रकम लौटाई, शेष धन और दस्तावेज मांगने पर ऑडियो वायरल करने की धमकी

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर




विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित युवक से वर्क वीजा के नाम पर करीब 16 लाख रुपये लेने के बाद आरोपी ने उसे न तो विदेश भेजा और न ही पूरी धनराशि लौटाई। मामले में पुलिस अधीक्षक अखिलेश कुमार चौरसिया के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। नगर की पंकज कॉलोनी निवासी रविंदर पाल सिंह ने तहरीर देकर बताया कि अगस्त 2022 में एक कार्यक्रम के दौरान उनकी मुलाकात उनके ममेरे बहनोई, उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जनपद के खटीमा थाना क्षेत्र के गांव सिसैया खाली महुवत निवासी जितेंद्र पाल सिंह से हुई थी। आरोपी ने खुद को 'जेसी ओवरसीज' नामक सेंटर का संचालक बताते हुए उसकी शाखा चंडीगढ़ में होने का दावा किया और 16 लाख रुपये में न्यूजीलैंड वर्क वीजा पर भेजने का भरोसा दिलाया। बताया गया कि 2 सितंबर 2022 को आरोपी ने 70 हजार रुपये नकद के साथ पासपोर्ट, हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की मार्कशीट, आधार कार्ड और पैन कार्ड सहित अन्य जरूरी दस्तावेज ले लिए। बाद में न्यूजीलैंड का वीजा न बन पाने की बात कहकर कनाडा भेजने का आश्वासन दिया। 26 जुलाई 2023 को आरोपी ने व्हाट्सएप पर वीजा की फोटो भेजकर शेष रकम मांगी। इस दौरान अलग-अलग किस्तों में कुल 13.20 लाख रुपये ले लिए गए। पीड़ित के अनुसार दो बार उसे कनाडा भेजा गया, लेकिन रास्ते में वीजा में कमी बताकर वापस लौटा दिया गया। बाद में वीजा निरस्त होने की बात कही गई। करीब दो वर्ष बाद आरोपी ने 9.20 लाख रुपये लौटाए, लेकिन शेष रकम और दस्तावेज मांगने पर उसकी कथित ऑडियो वायरल करने की धमकी देकर इंकार कर दिया। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार पांडेय ने बताया कि एसपी के निर्देश पर धोखाधड़ी और धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# फीस की तलवार नहीं, परीक्षा का हक चलेगा

### छात्र को रोका तो नपेंगे प्रधानाचार्य डीएम का सख्त फरमान



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

बोर्ड परीक्षा से पहले फीस को हथियार बनाकर छात्रों को मानसिक दबाव में लेने वाले विद्यालय प्रबंधनों पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने स्पष्ट आदेश जारी करते हुए कहा है कि फीस जमा न होने के आधार पर किसी भी छात्र-छात्रा को परीक्षा देने से नहीं रोका जाएगा। डीएम ने दो टूक कहा कि यदि किसी विद्यालय द्वारा परीक्षा से वंचित करने की शिकायत सामने आती है तो संबंधित प्रधानाचार्य या परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रवेश पत्र उपलब्ध कराना स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी है और इसे फीस वसूली से नहीं जोड़ा जा सकता।

#### परीक्षा अधिकार है, वसूली का माध्यम नहीं

जिलाधिकारी का संदेश साफ हैं। परीक्षा देना प्रत्येक छात्र का अधिकार है, इसे आर्थिक दबाव का साधन नहीं बनाया जा सकता। प्रशासन ने सभी विद्यालयों को निर्देशित किया है कि वे परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और संवेदनशीलता बरतें। यदि किसी छात्र की परीक्षा में बाधा डाली गई तो जिम्मेदारों पर प्रशासनिक कार्रवाई तय है। इस सख्त रुख से अभिभावकों और छात्रों में राहत की भावना देखी जा रही है। जिला प्रशासन के इस निर्णय को छात्र हित में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे बोर्ड परीक्षाओं के दौरान किसी भी प्रकार की अनावश्यक बाधा या मानसिक उत्पीड़न को रोका जा सके।

### महाशिवरात्रि पर गूंजे 'बम-बम भोले' के जयकारे, पूरी रात चला भजन-कीर्तन

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।
सोमवार सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। भक्तों ने जल, दूध, बेलपत्र और धतूरा अर्पित कर भगवान शिव का अभिषेक किया और '? नमः शिवाय' के मंत्रोच्चार के साथ पूरी रात जागरण किया।
फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजे मंदिरों में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ।
स्थानीय कलाकारों और भजन मंडलियों ने शिव भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।
श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर रात्रि जागरण किया और भगवान शिव से सुख-समृद्धि की कामना की। कई स्थानों पर पारंपरिक शिव बारात निकालने की भी भव्य तैयारियां की गईं।
सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा और प्रशासन द्वारा व्यवस्थाओं की निगरानी की गई। महाशिवरात्रि पर्व पर नगर का वातावरण देर रात तक 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंजता रहा।

# पीलीभीत में एमआर अभियान का शुभारंभ, 1.62 लाख से अधिक बच्चों को लगेगी वैक्सीन

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

परिवार कल्याण महानिदेशालय, लखनऊ के निर्देशानुसार प्रदेश सरकार मीजल्स-रूबेला (एमआर) उन्मूलन के लिए व्यापक अभियान चला रही है। महानिदेशक परिवार कल्याण के 22 जनवरी 2026 के पत्र के क्रम में प्रदेश के चिन्हित 45 जनपदों में प्रथम चरण में 5 से 10 वर्ष तक के सभी बच्चों को एमआर वैक्सीन की एक डोज देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मदर ग्रेस पब्लिक स्कूल से हुआ अभियान का आगाज
जनपद में आज 16 फरवरी को नगर क्षेत्र स्थित मदर ग्रेस पब्लिक स्कूल, मोहल्ला सुनगढ़ी में एमआर अभियान फरवरी 2026 का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने फीता काटकर किया।
इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ एसएमओ, डीएमसी, जिला समन्वयक, जेएसओ, तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सुनगढ़ी वार्ड की सदस्य श्रीमती रतन शुक्ला, विद्यालय की



प्रधानाचार्या मोनिका पटेल व अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मौजूद रहीं।
स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जनपद के सभी ब्लॉकों में गणमान्य व्यक्तियों द्वारा अभियान का उद्घाटन कर जनजागरूकता का संदेश दिया गया।

#### 1210 स्कूलों और 786 मदरसों में चलेगा टीकाकरण सत्र

एमआर अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी सरकारी शिक्षण संस्थानों–प्राथमिक विद्यालयों, जूनियर स्कूलों, मदरसों एवं निजी विद्यालयों–में कक्षा 1 से 5 तक अध्ययनरत सभी बच्चों को वैक्सीन की डोज दी जाएगी। अभियान 16 फरवरी से प्रारंभ होकर 27 फरवरी 2026 तक चलेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जनपद के 1210 सरकारी एवं गैर-सरकारी स्कूलों तथा 786 मदरसों व निजी विद्यालयों में कुल 1,62,055 छात्र-छात्राओं को एमआर की एक डोज से आच्छादित किया जाएगा। सभी सरकारी शिक्षण संस्थानों में विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिकतम बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

#### यूविन पोर्टल से भी मिलेगा टीकाकरण प्रमाण पत्र

एमआर अभियान अथवा नियमित टीकाकरण के तहत लगाए गए टीकों का प्रमाण पत्र/कार्ड संबंधित सरकारी स्वास्थ्य इकाइयों से प्राप्त किया जा सकता है। इसके अलावा अभिभावक

### मीजल्स-रूबेला उन्मूलन के लिए 27 फरवरी तक चलेगा विशेष टीकाकरण अभियान

यूविन पोर्टल के माध्यम से भी प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

#### विभागों के समन्वय से चलेगा जनजागरूकता अभियान

स्वास्थ्य विभाग के साथ शिक्षा, बाल विकास, समाज कल्याण, पंचायत राज, आपूर्ति एवं ग्राम्य विकास विभाग भी इस अभियान में सक्रिय सहयोग दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त नेहरू युवा केन्द्र संगठन और रोटरी क्लब जैसे संगठन भी जनसामान्य तक संदेश पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। डब्ल्यूएचओ एवं यूनिसेफ द्वारा अभियान की मॉनिटरिंग और तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को समय पर एमआर वैक्सीन लगवाकर मीजल्स और रूबेला जैसी गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखें और अभियान को सफल बनाने में सहयोग दें।

# त्योहारों से पहले व्यापार मंडल का ज्ञापन, समस्याएं न सुलझीं तो आंदोलन की चेतावनी




- यातायात व्यवस्था, सफाई, पार्किंग और आवारा पशुओं पर नियंत्रण की मांग

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

आगामी होली और रमजान पर्व को देखते हुए शहर की अव्यवस्थित व्यवस्थाओं को लेकर युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल (रजि.) ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।
जिलाध्यक्ष एम.ए. जिलानी के निर्देशन में नगर अध्यक्ष (युवा) नितिन वर्मा के नेतृत्व में व्यापारियों ने उपजिलाधिकारी को समस्याओं से अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की।
व्यापारियों ने कहा कि बाजार क्षेत्र में बढ़ती भीड़ और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है।
इससे न केवल व्यापार प्रभावित हो रहा है बल्कि ग्राहकों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। पाइपलाइन कार्य के लिए खोदी गई सड़कों को अब तक समतल नहीं किया गया है, जिससे आवागमन बाधित है। ज्ञापन में त्योहारों के दौरान विशेष ट्रैफिक प्लान लागू करने, बाजार क्षेत्र में अस्थाई अथवा स्थाई पार्किंग की व्यवस्था कराने, विशेष सफाई अभियान चलाने और आवारा पशुओं पर नियंत्रण की मांग की गई।
नगर अध्यक्ष नितिन वर्मा ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने शीघ्र कदम नहीं उठाए तो संगठन व्यापारियों के हित में आंदोलन करने को बाध्य होगा।
इस दौरान मो. हसन, राहत शेरी, रिजवान सिद्दीकी, रिज़वी सिद्दीकी, मो. एजाज शेरी, एड. मुकेश गुप्ता, सुभाष गुप्ता, संदीप मनचंदा, अंकित अग्रवाल, अजय गुप्ता, हसमत अली क़ादरी, विकास गुप्ता, गौरव गुप्ता, संजीव यादव, रितेश खंडेलवाल, शहबुल हसन, नसीम खान शेरी, मो. यूसुफ और शकील अहमद सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय में युवक की हत्या का खुलासा

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। शहर के चर्चित अनिल हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी प्रॉपर्टी डीलर वेद प्रकाश कश्यप को गिरफ्तार कर लिया है। युवक का शव बीते शुक्रवार आईटीआई के पास स्थित एक कार्यालय की छत से फंदे पर लटका मिला था। परिजनों ने इसे आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए हत्या का आरोप लगाया था। छोटा खुदागंज निवासी 25 वर्षीय अनिल का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। मृतक के भाई ने कोतवाली में तहरीर देकर प्रॉपर्टी डीलर वेद प्रकाश कश्यप के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। प्रारंभिक स्तर पर कार्रवाई में विलंब से नाराज परिजनों और समर्थकों ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचकर विरोध जताया। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं मंत्री संजय सिंह गंगवार मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से वार्ता कर निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। मंत्री के निर्देशों के बाद शनिवार को हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई, जिसने जांच तेज करते हुए सोमवार सुबह मुख्य आरोपी वेद प्रकाश कश्यप को गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्राधिकारी (सीओ) ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिवार ने आरोपी की गिरफ्तारी पर संतोष व्यक्त करते हुए मंत्री संजय सिंह गंगवार का विशेष आभार जताया। परिजनों का कहना है कि उनके हस्तक्षेप से ही मामले में तेजी आई और उन्हें न्याय की उम्मीद जगी। पुलिस ने आश्वस्त किया है कि जांच के दौरान यदि अन्य किसी की संलिप्तता सामने आती है तो उसके विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### महाशिवरात्रि पर सिविल डिफेंस की सराहनीय भूमिका : अमृत लाल

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जनपद के प्रमुख मंदिरों में उमड़ी भारी श्रद्धालुओं की भीड़ को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाए रखने में सिविल डिफेंस कोर की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। प्रशासन के अल्प नोटिस पर सिविल डिफेंस कोर के चीफ वार्डन एवं समाजसेवी अमृतलाल के नेतृत्व में पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों ने पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर व्यवस्था को प्रभावी ढंग से संभाला। त्योहार के दौरान शहर के मुख्य शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। संभावित भीड़ को देखते हुए सिविल डिफेंस के सदस्यों ने पुलिस बल के साथ मिलकर प्रवेश एवं निकास मार्गों का सुव्यवस्थित संचालन किया, कतारबद्ध दर्शन की व्यवस्था सुनिश्चित की तथा महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को प्राथमिकता देते हुए सुगम दर्शन में सहयोग प्रदान किया। चीफ वार्डन अमृतलाल ने कहा कि सिविल डिफेंस कोर का मुख्य उद्देश्य आपदा एवं आपात स्थितियों में प्रशासन का सहयोग करना है। महाशिवरात्रि जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों में भीड़ प्रबंधन एक महत्वपूर्ण दायित्व होता है,

# जनपद में तीन एईआरओ की नोटिस सुनवाई प्रतिशत असंतोषजनक

## नो मैपिंग एवं लाजिकल डिस्क्रिपेन्सी कैटेगरी के मतदताओं को नोटिस जारी कर सुनवाई की अंतिम तिथि 27 मार्च तक

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**

- दावा एवं आपत्तिया प्राप्त किये जाने की अंतिम तिथि 6 मार्च 2026 तक निर्धारित
- नोटिस की सुनवाई जनपद में 62 एईआरओ द्वारा की जा रही

उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वर्तमान में जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत नोटिस सुनवाई की कार्यवाही चल रही है। आयोग द्वारा दावा एवं आपत्तिया प्राप्त किये जाने की अन्तिम तिथि 6 मार्च 2026 तक निर्धारित की गयी है साथ ही नो मैपिंग एवं लाजिकल डिस्क्रिपेन्सी कैटेगरी के मतदताओं को नोटिस जारी कर सुनवाई की अन्तिम तिथि 27 मार्च 2026 तक निर्धारित की गयी है।

जनपद में अब तक कुल 219442 नोटिस के सापेक्ष कुल 219434 (99.99 प्रतिशत) नोटिस जनरेट की गयी है जिसमें से कुल 163921 (74.70 प्रतिशत) नोटिस संबंधित मतदाताओं को तामील करायी जा चुकी है तथा 107850 (49.15 प्रतिशत) नोटिस की सुनावई की गयी है। नोटिस की सुनवाई जनपद में 62 एईआरओ द्वारा की जा रही है। आयोग द्वारा प्रति विधानसभा 11-11 अतिरक्त एईआरओ की स्वीकृति और प्रदान की गयी है। राहुल यादव, नायब तहसीलदार एईआरओ 221-उरई द्वारा सर्वाधिक 78.91 प्रतिशत नोटिस सुनवाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त रामेन्द्र सिंह कुशवाहा, उपायुक्त मनरेगा, एईआरओ 221-उरई द्वारा 73.99 प्रतिशत एवं निशान्त पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी एईआरओ 219 माधौगढ़ द्वारा 73.38 प्रतिशत नोटिस सुनवाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जबकि रामदास वर्मा, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी एईआरओ 220-कालपी द्वारा केवल 14.45 प्रतिशत ही सुनवाई का कार्य किया गया है जो कि जनपद में सबसे खराब है साथ ही फूलचन्द्र कुशवाहा, अपर सांख्यिकी अधिकारी, एईआरओ 220-कालपी द्वारा मात्र 22.76 प्रतिशत एवं परवेज खान, जिला उद्यान अधिकारी, द्वारा मात्र 22.35 प्रतिशत सुनवाई का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दावे आपत्तियों की अवधि में अब तक कुल 29622 फार्म-6, 1392 फार्म-7 एवं 7333 फार्म-8 प्राप्त हुए है। आयोग के निर्देशानुसार जनपद के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मतदाता सहायता केन्द्र स्थापित किया गया है, जिसपर बूथ लेवल अधिकारी प्रत्येक कार्यदिवस में पूर्वाह्न 10 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक निम्न सामग्रियों के साथ उपस्थित रहेंगें। 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य निर्वाचक नामावली की प्रति अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृत, डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची प्रति विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2003 की अन्तिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली की प्रति नो मैपिंग एवं तार्किक विसंगति के मतदाताओं की सूची फार्म-6 (घोषणा-पत्र सहित), फार्म-7 व फार्म-8 (घोषणा पत्र सहित) की उपलब्धता मतदाता सहायता केन्द्र पर सुनिश्चित की गयी है। बूथ लेवल अधिकारी द्वारा मतदाता सहायता केन्द्र पर पात्र नागरियों को मैपिंग तथा दावे एवं आपत्तियों से सम्बन्धित फार्मों को भरने में सहायता प्रदान की जाएगी। अतः जनपद के समस्त पात्र नागरिकों से अपील है कि 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य नामावली में अपना नाम अवश्य जॉच लें, मतदाता सूची में नाम न होने की दशा में फार्म-6 भरकर बीएलओ के पास जमा कर दें।

## प्रधान इलेवन ने जेपीएल ट्रॉफी और एक लाख रुपये अपने नाम किए

**जालौन (उरई)।** जेपीएल सीजन तीन का फाइनल मुकाबला प्रधान इलेवन जालौन और प्रभाकर एकेडमी उरई के बीच हुआ। फाइनल मुकाबले में प्रधान इलेवन ने प्रभाकर एकेडमी को 72 रनों से करारी शिकस्त देकर जेपीएल की चमचमाती ट्रॉफी और एक लाख रुपये अपने नाम किए। फाइनल मुकाबले में प्रधान इलेवन टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सलामी बल्लेबाज करन तोमर टीम के लिए खास योगदान नहीं दे सके और 11 गेंदों में 11 रन बनाकर आउट हो गए। दूसरे छोर पर डटे सतनाम सिंह ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए अर्द्धशतक जमाया। उन्होंने 51 गेंदों में नौ चैके और तीन छक्के जड़कर 80 रनों की पारी खेली। अमित यादव ने 18 गेंदों में चार चैके और दो छक्कों की मदद से 32 रन बनाए। सागर शर्मा ने 26, समन्वय दीक्षित 15 और सुधांशु चैरसिया ने 18 रनों की पारी खेलकर टीम का स्कोर निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 214 रनों पर पहुंचाया। प्रभाकर एकेडमी उरई की ओर से विनय प्रताप सिंह ने चार ओवर में 30 रन देकर तीन विकेट चटकाए। दूसरी पारी में खेलने उतरे प्रभाकर एकेडमी उरई के सलामी बल्लेबाज अंकुर यादव और कप्तान श्रीकांत ने टीम को अच्छी शुरूआत दी।

# हर-हर महादेव के जयकारे की गूंज के साथ निकाली शिव बारात

**जन एक्सप्रेस । जालौन (उरई)**




महाशिवरात्रि के पर्व पर रविवार की देर शाम नगर में जय बाबा बर्फानी ग्रुप एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में पहली बार निकाली गई भव्य शिव बारात निकाली गई। श्रद्धालुओं की भीड़, गूंजते हर-हर महादेव के जयकारे और आकर्षक झांकियों ने नगर को भक्तिमय कर दिया।

रविवार की देर शाम मनोहर लाल आयुर्वेदिक अस्पताल के पास स्थित बाजपेई मंदिर से विधि-विधान के साथ भगवान शिव की बारात का शुभारंभ हुआ। पूजन-अर्चन के बाद भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की झांकी नंदी पर विराजमान हुई और बारात नगर भ्रमण के लिए रवाना हुई। आगे-आगे बैंड-बाजों और ढोल-नगाड़ों की गूंज, पीछे भक्तिरस में डूबे भक्तों झूमते हुए आगे बढ़ रहे थे। बारात में भगवान शिव, माता पार्वती, श्रीगणेश, नंदी, हनुमान, राधा कृष्ण और भूत-प्रेतों की झांकियां सजी हुई थी। भक्ति संगीत और भजन की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं ने बारात का स्वागत किया। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई यह शिव बारात बड़ी माता मंदिर पहुंची, जहां शिव विवाह का आयोजन संपन्न हुआ। बड़ी माता मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की रस्में विधिपूर्वक निभाई गईं। आचार्यों द्वारा संपन्न कराए गए धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान श्रद्धालु हर हर महादेव के जयकारे लगाते रहे। कार्यक्रम का संचालन पुष्पेंद्र सिंह यादव ने किया। इस मौके पर दीपक कुमार मित्तल, पालिकाध्यक्ष नेहा मित्तल, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, पुनीत मित्तल, विधि अग्रवाल, यश पटेल, अनिल शिवहरे, मनोज गुप्ता, राजा सिंह सेंगर, दीपेंद्र राठौर, मनोज गुप्ता, श्यामजी गुप्ता, दीपू लाला पुरवार, कौशल किशोर गुप्ता, अनिल गुप्ता, नीरज राठौर, मनीष धूसर, गोपाल विश्नोई, जीतू गुप्ता, राहुल साहू, धीरज साहू, अनिल गुप्ता, विजय कुशवाहा आदि रहे।

# कदौरा-जलालपुर मार्ग चौड़ीकरण की प्रक्रिया तेज, 61 करोड़ होंगे खर्च

**जन एक्सप्रेस । कदौरा (जालौन)**

कदौरा से जलालपुर तक लगभग 15 किलोमीटर लंबे मार्ग के चैड़ीकरण की प्रक्रिया तेज हो गई है। सोमवार सुबह लोक निर्माण विभाग के जेई कमलेश कुमार तथा वन विभाग दरोगा मयंक दीक्षित ने मार्ग का स्थलीय निरीक्षण करते हुए नाप-जोख की।

अधिकारियों ने सड़क की वर्तमान स्थिति, मोड़ों, किनारों और पेड़ों का आकलन कर निर्माण की रूपरेखा तैयार की। यह मार्ग हमीरपुर और जालौन जिलों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जो फिलहाल लगभग पांच मीटर चैड़ा सिंगल लेन मार्ग है। संकरा होने के कारण यहां आए दिन जाम और दुर्घटनाएं होती रहती है। भारी वाहनों की आवाजाही से समस्या और बढ़ जाती है। आंकड़ों के अनुसार, इस मार्ग से प्रतिदिन लगभग 700 से अधिक ट्रकों का आवागमन होता है। इस सड़क के चैड़ीकरण से कदौरा, कनाखेड़ा, चतेला, भेड़ी, छोटी भेंड़ी, पथरेहटा, मरगांया, जलालपुर सहित 30 से अधिक गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। सड़क चैड़ी होने से न केवल जाम से राहत मिलेगी, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों और परिवहन को भी गति मिलेगी। पीडब्ल्यूडी जेई कमलेश कुमार ने बताया कि नाप-जोख पूरी कर तकनीकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी और मंजूरी मिलते ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में गूंजी हर-हर महादेव की ध्वनि

**जन एक्सप्रेस । कदौरा (जालौन)**



महाशिवरात्रि का पावन पर्व कस्बे तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के साथ मनाया गया। ग्राम पाली अभिरवा स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान नर्मदेश्वर महादेव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद मंदिर से भगवान शिव की बारात यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

ग्राम बागी में प्राचीन शिव मंदिर से विशाल शिव बारात धूमधाम से निकाली गई। बारात में हजारों की संख्या में भक्त शामिल हुए। भगवान शिव के स्वरूप में सजे कलाकारों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। अघोरी व बाराती भस्म और गुलाल उड़ाते हुए बैंड-बाजों की धुन पर झूमते नजर आए। पूरे मार्ग में बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा स्टेज शो का आयोजन भी किया गया, जिसमें भगवान शिव और माता पार्वती की सुंदर झांकियों का प्रदर्शन किया गया। भक्ति गीतों पर प्रस्तुत मनमोहक नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बारात में शामिल विभिन्न आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान आकर्षित किया। आयोजन के समापन पर शाम को भगवान शिव का विशेष श्रृंगार कर महाआरती की गई तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन पिछले 11 वर्षों से निरंतर कराया जा रहा है, जिसमें हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इस अवसर पर राजबहादुर प्रधान, विजयकांत तिवारी, शशिकांत, राजपांडे, नंदलाल दुबे सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बैंक शाखाओं में भीड़भाड़ देख पुलिस टीमों ने संदिग्धों से की पूंछतांछ

**जन एक्सप्रेस । कालपी (जालौन)**

दो दिनों की लगातार बंदी होने के उपरांत बैंक की शाखाएं सोमवार को खुल गई। फलस्वरूप बैंकों की शाखाओं में ग्राहकों एवं खातेधारकों की भीड़भाड़ को दृष्टिगत रखते हुये कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय वृम्ह तिवारी, एसएसआई उदय प्रताप सिंह के अलावा चैकी इंचार्जों, सब इंस्पेक्टरों ने टीमों के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस ने बैंकों के आसपास घूमने वाले संदिग्ध लोगों से पूंछतांछ की। कोतवाली के सब इंस्पेक्टर इंद्रमणि चैधरी तथा सिपाहियों की टीम ने भारतीय स्टेंट बैंक, इंडियन बैंक, एचडीएफसी बैंक की शाखाओं में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसी क्रम में सब इंस्पेक्टर ने कैनरा बैंक की शाखा में पुलिस जवानों ने शाखा प्रबंधक अवनीश कुमार प्रजापति, विवेक कुमार, मजहर हुसैन के साथ बैंक परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। इस दौरान पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों तथा सायरन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैंक परिसर के आसपास संदिग्ध अवस्था में घूमने वाले लोगों से पुलिस टीम के द्वारा पूंछतांछ की गई। बैंक ऑफ बड़ौदा तथा इंडियन बैंक मंडी शाखा आदि शाखाओं का भी निरीक्षण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बैंकों की शाखाओं में सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात सुरक्षा कर्मियों से संवाद स्थापित करके कहा कि सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरती जाये।

# पांच दिन से लापता डी फार्मा के छात्र का गंगा नदी से शव बरामद

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



हरदोई।अरवल थाना क्षेत्र में 5 दिन से लापता डी फार्मा के छात्र का शव गंगा नदी में उतराता हुआ मिलने से इलाके में सनसनी मचा गयी।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।परिजनों ने हत्या कर शव को नदी में फेंकने की आशंका जताते हुए एक युवक पर आरोप लगाया है।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के खद्दीपुर चैन सिंह मजरा बेडीजोर निवासी लगभग 26 वर्षीय उपकार राजपूत पुत्र अरविंद कुमार डी फार्मा द्वितीय वर्ष का छात्र था।उसके भाई रामप्रकाश की बेड़ीजोर पुल पर टेंट की दुकान है।5 दिन पूर्व बीती 11 फरबरी को समय करीब 2꞉00 बजे दिन में उपकार राजपूत बैंक में अपना खाता सही करने की बात कहकर वहां से निकला था ।उसके बाद जब वह वापस घर नही आया तो परिजनों ने आसपास व रिस्तेदारी में उसकी खोज शुरू की।लेकिन उसका कोई पता न चलने पर परिजनों ने 13 फरबरी को अरवल थाने पर गुमशुदगी की तहरीर थी।16 फरबरी को ग्रामीणों ने कुसुमखोर पुल के पास गंगा नदी में एक अज्ञात शव उतराता हुआ देखा तो पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही अरवल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को गंगा नदी से निकालकर शिनाख्त कराई।शव की शिनाख्त उपकार राजपूत निवासी खद्दीपुर मजरा बेड़ीजोर के रूप में होने पर परिजनों को सूचना दी गयी।सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि उपकार राजपूत फर्रुखाबाद के एक मेडिकल कालेज से डी फार्मा की पढ़ाई कर रहा था।वह द्वितीय वर्ष का छात्र था।तथा अपने चार भाइयों में सबसे छोटा था।परिजनों ने थाना क्षेत्र के ही दिव्वापूरवा मजरा मस्तापुर गांव निवासी एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया। वही अरवल थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएंगी।

## गाजियाबाद में प्रदर्शनकारियों पर हुए लाठीचार्ज की भाकिमयू ने की निंदा

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** हरदोई। गाजियाबाद में धरना प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारीयो पर पुलिस के लाठी चार्ज की कड़ी निंदा करते हुए भाकियू दशहरी ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी गुट के जिलाध्यक्ष प्रमोद सिंह यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सवायजपुर को सौंपते हुए कहा गाजियाबाद जनपद में ट्रोनिक सिटी मे डम्पिंग ग्राउण्ड बनाने के विरोध में सैकड़ो प्रभावित किसान कई दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे थे। जिसे जिला प्रशासन ने धरने पर बैठे किसानों को उकसाया और फिर पुलिस ने बर्बरता पूर्वक प्रदर्शनकारियो पर लाठी चार्ज किया। जिसमें बड़ी तादाद में किसान, महिलाएं, बच्चे घायल हो गए हैं। इस घटना की पूरा संगठन कड़ी निंदा करता है। तथा मांग करता है कि पूरे मामले के उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। घायलों को उचित इलाज तथा न्याय दिलाया जाए। अन्यथा सभी किसान संगठन एकजुट होकर बड़े स्तर पर आन्दोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

# आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन



**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**

शाहाबाद नगर पालिका परिषद के आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने सोमवार को सुबह सफाई कर्मचारी नेता संजय वाल्मीकि के नेतृत्व में अंबेडकर पार्क से जुलूस निकाला और नारेबाजी करते हुए अंबेडकर पार्क से ब्लाक चौराहा, नवीन मंडी, अल्लाहपुर तिराहा, सरायं दरवाजा, खलील होते हुए नगर पालिका परिषद पहुंचा। जहां पर आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया और अधिशासी अधिकारी के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। अधिशासी अधिकारी द्वारा तीन फर्मे ब्लैकलिस्टेड किए जाने के बाद आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों का वेतन रोक दिया गया। जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया। होली का त्यौहार नजदीक आ रहा है और सफाई कर्मचारियों का वेतन फंस गया है जिससे वह भुखमरी की कगार पर पहुंच जाएंगे। सफाई कर्मचारी नेता संजय वाल्मीकि ने बताया यह अनिश्चितकालीन हड़ताल है। जब तक कोई जिम्मेदार अधिकारी वार्ता नहीं करता है तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

### हड़ताल से गंदगी का साम्राज्य

आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल होने की वजह से नगर में गंदगी का साम्राज्य व्याप्त हो गया है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए हैं। तिराहों और चौराहों पर भी गंदगी का नजारा देखने को मिल रहा है। छुट्टा जानवर कूड़े को सड़कों पर बिखेर कर गंदगी फैला रहे हैं। कूड़े के ढ़ेर से बदबू आने लगी है जिससे संक्रामक रोग फैलने की आशंका है।

## होली पर्व पर कहीं भी तेज आवाज में डीजे न बजाने के निर्देश

डीएम ने कहा कि सभी धार्मिक स्थलों पर उच्च न्यायालय के आदेशानुसार लाउड स्पीकर की आवाज मानक के अनुसार रखी जायेगी और होली पर्व पर कहीं भी तेज आवाज में डीजे नहीं बजाया जायेगा और इसका उल्लघंन करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।

डीएम ने वीडियों कान्फेसिंग के माध्यम से सभी एसडीएम, ईओ एवं बीडीओ को निर्देश दिये अपने क्षेत्रों में होलिका दहन के पारम्परिक स्थलों का निरीक्षण कर लें।और अगर किसी स्थल पर विवाद की स्थिति हो तो दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवाद का निस्तारण करायें। उन्होने ऑनलाइन जुड़े सभी एसडीएम एवं सीओ को भी निर्देश दिये कि विवाद होलिका दहन स्थलों का संयुक्त रूप से निरीक्षण करें और सभी त्यौहार सकुशल संपन कराना सुनिश्चित करें। उन्होने समस्त नगर निकाय के ईओ को निर्देश दिये कि होली, ईद एवं नवरात्रि पर्व पर नगर निकायों के सभी वार्डो की सफाई व्यवस्था विशेष रूप से कराये और पानी सप्लाई नियमित बनायें रखें।

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा सवार पांच लोग घायल

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



हरदोई शाहाबाद हाइवे पर ककरघटा के निकट निर्माणाधीन टोल टैक्स के सामने दोपहर करीब 2 बजे सवारी लेकर जा रहे ई रिक्शा में पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा पर सवार पांच यात्री घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद एक महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। मियांपुर निवासी शिवकुमार पुत्र बालक अपने पुत्र प्रांशु और मोहित के साथ ई रिक्शे से शाहाबाद आ रहा था। रास्ते में हूँसेपुर गांव निवासी उर्मिला पत्नी संजू अपनी पाली निवासी रिश्तेदार प्रतीक्षा के साथ उसी ई रिक्शे पर शाहाबाद आने के लिए बैठ गयी। शाहाबाद से पहले निर्माणाधीन टोल टैक्स के सामने पीछे से आ रहे अज्ञात ट्रक ने ई रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा सवार सभी घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी लाया गया।जहाँ उर्मिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शेष घायलों का इलाज किया जा रहा है।

# जिला जज ने बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



शाहाबाद बार एसोसिएशन की नवीन कार्य कारिणी का शपथ ग्रहण समारोह तहसील सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें जिला जज रीता कौशिक द्वारा बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। जिला जज रीता कौशिक ने कहा शाहाबाद में जल्द ही मुंसिफ न्यायालय शुरू हो जायेगा। ग्राम न्यायालय की शुरुआत हो चुकी है सभी अधिवक्ता बार और बेंच के बीच सामंजस्य बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा वादी को न्याय दिलाना ही सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। उनके द्वारा अध्यक्ष विमलेश सिंह लोधी, उपाध्यक्ष गिरेंद्र प्रकाश मिश्रा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष हरनाम सिंह यादव, महामंत्री बलराम दीक्षित, संयुक्त मंत्री आशीष पांडे, संयुक्त मंत्री दुर्गेश अवस्थी, कोषाध्यक्ष हसनैन वारसी, वरिष्ठ सदस्य केश कुमार पांडे, घनश्याम द्विवेदी, नीरज दीक्षित ,चंद्रपाल सिंह, श्री कृष्णा शर्मा, विमल पांडे कनिष्ठ सदस्य मणिन्द्र कुमार सिंह रंजन प्रदीप शर्मा धीरेंद्र सिंह नीरज शुक्ला शेर सिंह सुधीश कुमार को पद और गोपनीता की शपथ दिलाई गई। पूर्व महाधिवक्ता राघवेंद्र सिंह, सीजीएम रिचा वर्मा, अमृतांशु राज सिविल जज जूनियर डिवीजन ग्राम न्यायालय,सहायक पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण,एसडीएम अंकित तिवारी, तहसीलदार संध्या यादव आदि ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा वह बार और बेंच के बीच सामनजस्य स्थापित कर कार्य करने की अपील की गयी। इस अवसर पर तहसील के सभी अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# दबंगों ने कार क्षतिग्रस्त कर जान माल की धमकी दी

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



कार से दवा लेने आए एक व्यक्ति की कार को दबंगों ने क्षतिग्रस्त कर डाला और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। सूचना पाकर पीआरबी मौके पर पहुंची और कार चालक को कोतवाली ले गयी।कार चालक ने कोतवाली में तहरीर दी है। थाना व ग्राम मझिला निवासी गुरुवेल सिंह पुत्र कुलदीप सिंह के अनुसार वह अपने परिवार के साथ शाहाबाद के सिनेमा चौराहा स्थित प्रकाश नर्सिंग होम में दवा लेने अपनी कार से आया था। दवा लेकर वापस लौटते समय सड़क पर एक तरफ बुलेट बेतरतीब ढंग से खड़ी थी। दूसरी एक स्कूटी खड़ी थी। स्कूटी बचाने के कारण सड़क पर खड़ी बुलेट में उसकी कार टच हो गयी। जिससे बुलेट गिर जाने से उसमे कुछ निशान पड़ गए थे।तभी जीशान पुत्र रजी अपने पिता रजी और दो अन्य लोगों के साथ आ गए और उसे गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने ईंट से उसकी कार पर हमला कर दिया जिससे उसकी कार में काफ़ी नुकसान हुआ। विपक्षी ने परिवार सहित उसे जान से मार डालने की धमकी दी। उसका परिवार बहुत दहशत में था। पीआरबी को सूचना देकर कार और जान बचाने की गुहार लगाई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे बचाया और थाने लेकर आई।पीड़ित की लिखित तहरीर लेकर पुलिस ने मामले की जाँच शुरू कर दी।

# नेपाल चुनाव: इंडो-नेपाल बॉर्डर पर हाई अलर्ट, 72 घंटे पहले सीमा होगी सील

## ज्वाइंट सिक्योरिटी कोऑर्डिनेशन कमेटी की ऑनलाइन बैठक, तस्करी व अवैध गतिविधियों पर संयुक्त कार्रवाई का निर्णय

**जन एक्सप्रेस । महाराजगंज**



इंडो-नेपाल क्रॉस बॉर्डर ज्वाइंट सिक्योरिटी कोआर्डिनेशन कमेटी की ऑनलाइन बैठक सोमवार को जनपद महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर व पश्चिमी चंपारण के वरिष्ठ अधिकारियों तथा नेपाल के रूपनदेही, कपिलवस्तु और नवलपरासी जिलों के अधिकारियों के बीच संपन्न हुई। पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में आगामी 05 मार्च को प्रस्तावित प्रतिनिधि सभा चुनाव को देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय बार्डर पर सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने, पेट्रोलिंग, विदेशी नागरिकों की घुसपैठ, अवैध तस्करी, नशीले पदार्थों की रोकथाम को लेकर व्यापक चर्चा की गई।

महराजगंज जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने नेपाली प्रशासन के अनुरोध पर आगामी 05 मार्च की मध्यरात्रि से 72 घंटे पूर्व अंतरराष्ट्रीय सीमा सील करने के संबंध में शासन के निर्देशानुसार आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने नेपाल में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित कराने के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों की संवेदनशीलता को देखते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरतने का आग्रह किया। वही पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने द्वारा साझा की गई वांछित अपराधियों की सूची पर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया। उन्होंने सीमापारीय तस्करी रोकने के लिए संयुक्त पेट्रोलिंग और खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान को और प्रभावी बनाने पर बल दिया। बैठक में सीमा पर व्यापार को बढ़ावा देने तथा अवैध व्यापार और तस्करी में संलिप्त तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उपायों पर भी चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए समयबद्ध सूचना साझा करने पर सहमति व्यक्त की। जिलाधिकारी ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में बैठक आयोजित करने के लिए नवलपरासी के मुख्य जिला अधिकारी का आभार जताया और भारत-नेपाल संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं नवलपरासी के मुख्य जिला अधिकारी ने भारतीय अधिकारियों के सहभाग के लिए धन्यवाद देते हुए द्विपक्षीय सहयोग जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अपर जिलाधिकारी (वि/रा) डॉ. प्रशांत कुमार, उपजिलाधिकारी निचलौल सिद्धार्थ गुप्ता, तथा सीओ नौतनवा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## जेल में विचाराधीन बंदी की मौत की मजिस्ट्रियल जांच हेतु अपर उप जिला मजिस्ट्रेट नामित

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले में सोमवार को जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने बताया कि जिला कारागार के विचाराधीन बंदी विनोद कुमार शुक्ला पुत्र जगदम्बा निवासी शुकुलपुर थाना अन्तू की छः फरवरी को मृत्यु हो गयी थी। जिला कारागार अधीक्षक द्वारा माननीय राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली की उस सम्बन्ध में निर्गत गाइड लाइन एवं महानिदेशक कारागार उ.प्र. तथा बीएनएस की धारा-194 (4) में विहित व्यवस्था के अनुक्रम में मृतक बंदी की मृत्यु के प्रकरण की जांच हेतु किसी मजिस्ट्रेट को नामित का अनुरोध किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट ने घटना की जांच हेतु अपर उप जिला मजिस्ट्रेट (प्रथम) प्रतापगढ़ को मजिस्ट्रीयल जांच हेतु नामित किया है जो घटना घटित होने की परिस्थितियों व सम्बन्धित सभी लोगो के अभिकथन व साक्ष्य लेकर समस्त पहलुओं की गहनता से सघन जांच करके अपनी विस्तृत आख्या 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करायेगें।

# दो चचेरे भाइयों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हाइवे पर दो मिला दोनों का शव

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले के कुंडा कोतवाली थाना इलाके के बरई गांव निवासी दो चचेरे भाइयों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत। दोनों के शव प्रयागराज-लखनऊ राजमार्ग पर अलग-अलग स्थानों पर मिले। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार थाना इलाके के बरई गांव निवासी मृतक विनोद कुमार (28) और उसका चचेरा भाई शनि (24) प्रयागराज के लालगोपालगंज नगर पंचायत में सफाईकर्मी के पद पर तैनात थे। रविवार शाम दोनों ड्यूटी खत्म कर घर के लिए निकले थे। देर रात तक वापस नहीं पहुंचे तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। इस दौरान रविवार रात लगभग ग्यारह बजे मानिकपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर विनोद का शव मिला। पुलिस ने इसे सड़क दुर्घटना मानते हुए शव को अज्ञात में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वहीं विनोद के भाई शनि की तलाश जारी थी। जिसका शव सोमवार सुबह सीएचसी कुंडा में अज्ञात अवस्था में मिला। अस्पताल में उसका शव कैसे पहुंचा यह किसी को नहीं पता। वहीं इस घटना से परिजनों में रोना पिटना मचा हुआ है। परिजनों का आरोप कि यह हादसा नहीं बल्कि हत्या है। शनि के पिता राकेश ने बताया कि विनोद और शनि लालगोपालगंज से बस या टेंपो से कुंडा आते-जाते थे। रविवार को भी वो काम पर से साथ में निकले थे और उन्हें कुंडा उतरना था। लेकिन 6 किलोमीटर दूर मानिकपुर में दोनों का शव अलग-अलग स्थानों पर मिला है। परिजनों ने पुलिस से निष्पक्ष जांच कर इंसाफ की मांग की है। उक्त मामले के बाबत सीओ कुण्डा अमरनाथ गुप्ता ने बताया कि मानिकपुर में 5-6 किलोमीटर की दूरी पर दो भाइयों के शव मिलना संदिग्ध है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सभी पहलुओं पर गहनता से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने 36 घंटे में दो गुमशुदा बच्चों को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले की देहात कोतवाली थाने की पुलिस ने दो गुमशुदा नाबालिग बच्चों को रेलवे स्टेशन मिर्जापुर से सकुशल बरामद करने के बाद उनके परिजनों के सुपुर्द किया।

बता दें कि बीते शनिवार को थाना इलाके के बैपट्टी पूरे हिरामन गांव निवासी एक महिला ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसके नाती साइकिल से चाचा की दुकान मुल्लापुर बाजार जाने की बात कहकर घर से निकले थे। किन्तु न तो दुकान पर पहुंचे और न ही वापस घर लौटे। काफी खोजबीन के उपरांत भी दोनों बच्चों का कोई पता नहीं चल सका। जिसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए दोनों बच्चों की तलाश कर रही थी। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ सिटी शिव नारायण वैस के पर्वेक्षण में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा त्वरित, संवेदनशील एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए दोनों गुमशुदा नाबालिगों को सकुशल बरामद किया गया। पुलिस ने दोनो नाबालिगों को रेलवे स्टेशन मिर्जापुर से सकुशल बरामद किया। जिसके बाद उन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों ने पुलिस की त्वरित कार्यवाही एवं मानवीय संवेदनशीलता के कारण अपने बच्चों को सकुशल पाने के बाद पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ ही धन्यवाद दिया।

## एसडीपीजी कॉलेज मठ लार में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**देवरिया।** स्वामी देवानंद पीजी कॉलेज मठ लार में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम रविवार को शुरू हुआ। महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. ब्रह्मानंद सिंह ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता अभियान की रैली निकाली गई। रैली को मुख्य अतिथि स्वामी देवानंद इंटरमीडिएट कॉलेज मठ लार के प्रधानाचार्य शत्रुघ्न त्रिपाठी व प्राचार्य प्रो. ब्रह्मानंद सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली महाविद्यालय परिसर से निकलकर मठ वार्ड, कस्बा, मेन मार्केट, पुलिस चौकी लख्खू मोड़, सोनराबारी के रास्ते पुनः महाविद्यालय पहुंचकर समाप्त हो गई। यह विशेष शिविर 21 फरवरी तक चलेगा। सुरक्षा की दृष्टि से चौकी प्रभारी कस्बा लार कमलेश यादव व उनकी पुलिस टीम जगह-जगह मुस्तैद रहे। इस अवसर पर एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र कुमार, डॉ हेमंत कुमार मिश्र, डॉ बृजेश कुमार, दरोगा नंद कुमार यादव, कांस्टेबल अनिल कुमार मौजूद रहे।

# जज के आवास समेत तीन घरों को चोरों ने खंगाला, भारी मात्रा में जेवर व नकदी लेकर फुर्र

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले के नगर कोतवाली थाना इलाके के गोंड़ें गांव में रविवार देर रात चोरों ने ऐसा दुस्साहस दिखाया कि पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। बदमाशों ने एक ही रात में तीन घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवर और नकदी पर हाँथ साफ कर दिया। हैरानी की बात यह है कि चोरों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज राजीव सिंह के पुश्तैनी आवास को भी नहीं बख्शा।

मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने सबसे ज्यादा तांडव ध्रुव प्रताप सिंह के घर में मचाया। इस परिवार में 24 फरवरी को वैवाहिक कार्यक्रम होना है। शादी की तैयारियों के लिए घर में रखे गए लाखों रुपये के गहने, कीमती कपड़े और भारी नकदी पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। ध्रुव प्रताप सिंह के घर से लगभग 10 से 12 लाख रुपये का सामान चोरी हुआ है। खुशियों के माहौल के बीच हुई इस घटना से परिवार सदमे में है। जानकारी के मुताबिक चोर सुनियोजित तरीके से घरों के पिछले हिस्से से दाखिल हुए। जज राजीव सिंह के पुश्तैनी आवास से करीब 25 लाख रुपये की कीमत के जेवरात चोरी की बात सामने आ रही है। हालांकि दोनों घरों में कितने की चोरी हुई है इस बाबत पूछने पर नगर कोतवाल ने जांच का विषय कहते हुए कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी। लेकिन ग्रामीणों में इस बात की चर्चा है कि दोनों घरों में जेवर और नकदी पर हाँथ साफ कर चोरों ने लम्बा नुकसान पहुंचाया है।

चोरों द्वारा की गई पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में चोर संदिग्ध अवस्था में घर में दाखिल होते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में ले लिया है और अपराधियों को चिन्हित करने का प्रयास कर रही है। चोरी की घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सिटी शिवनारायण नगर कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। एक ही रात में हुई इन वारदातों ने स्थानीय पुलिस की गश्त पर भी सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस टीमें चोरों की तलाश में लगी हुई हैं। सीओ सिटी ने बताया कि चोरी के मामले में दो तहरीर पड़ी है। शिवेंद्र प्रताप सिंह व ध्रुव प्रताप सिंह ने तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी। सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर चोरों को चिन्हित करने का प्रयास जारी है। चोर जल्द ही पुलिस गिरफ्त में होंगे।

# सीडीओ ने विकास भवन के कार्यालयों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी डा. दिव्या मिश्रा द्वारा विकास भवन स्थित विभिन्न महत्वपूर्ण विभागीय कार्यालयों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी सन्तोष कुमार सिंह तथा परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण दयाराम यादव भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय, आईसीडीएस, जिला विकास कार्यालय, लघु सिंचाई कार्यालय, समाज कल्याण कार्यालय एवं समाज कल्याण कार्यालय (विकास) का गहन परीक्षण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यालयों में उपस्थिति पंजिका, गार्ड फाइल, सेवा पुस्तिकाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण शासकीय अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया। सेवा पुस्तिकाओं में पाई गई कमियों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों एवं पटल सहायकों को तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कार्यालय व्यवस्था को अधिक सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए गए। सभी कार्यालयों को निर्देशित किया गया कि आलमारियों में रखी गई पत्रावलियों का पूर्ण विवरण ए-4 आकार के कागज पर अंकित कर संबंधित आलमारी के बाहर चस्पा किया जाए, जिससे अभिलेखों की उपलब्धता एवं खोज प्रक्रिया सुगम हो सके। कार्यालयों में कार्यरत पटल सहायकों को अपने नाम एवं पदनाम की स्पष्ट नाम पट्टिका अपने पटल पर प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए गए, जिससे आमजन को सुविधा हो तथा प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बढ़े। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशों के शत-प्रतिशत अनुपालन पर बल देते हुए कहा कि कार्यालय व्यवस्था में सुधार, अभिलेखों का सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली सुशासन की आधारशिला है। निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारियों को उत्तरदायित्वपूर्ण एवं समयबद्ध कार्य निष्पादन हेतु प्रेरित किया गया।

## रासेयो करती है युवाओं में सहयोग एवं नेतृत्व क्षमता का विकास

**देवरिया।** बीआरडीपीजी कॉलेज में रविवार को सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन हुआ। इसमें शिविरार्थियों को स्वयंसेवकों के कर्त्तव्य व दायित्व की जानकारी दी गई। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. ज्ञानेंद्र सिंह व विशिष्ट अतिथि प्रो. केके ओझा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राएं तनुश्री भास्कर एवं यास्मीन ने सरस्वती वंदना और रोहन विश्वकर्मा व ऋतिक पटेल ने स्वागत गीत गाया। मुख्य अतिथि ने कहा कि सन् 1969 से राष्ट्रीय सेवा योजना अपने लक्ष्य सेवा एवं सहयोग के द्वारा युवाओं के सर्वांगीण विकास को निरंतर आगे बढ़ा रही है। रासेयो के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। इसमें समूह के लक्ष्य को स्वयं का लक्ष्य मानकर युवा अपने सामाजिक उत्तरदायित्व निर्वहन करता है, जिससे उसमें सेवा और सहयोग की भावना को बल मिलता है। जो मशीन को मानव की तरह सोचने, सीखने और निर्णय लेने में सक्षम बनाती है।

# हफ्ते में एक दिन ही आते हैं न्यूरो के डॉक्टर, परेशान हो रहे मरीज

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



मेडिकल कॉलेज में न्यूरो के मरीज का इलाज ऑर्थो के डॉक्टर से कराना पड़ रहा है। कारण कि यहां न्यूरो के डॉक्टर नहीं हैं। सप्ताह में एक दिन (बृहस्पतिवार) गोरखपुर मेडिकल कॉलेज से न्यूरो के डॉक्टर आते हैं। बाकी दिन मरीजों को आर्थो विभाग के डॉक्टर जरूरी परामर्श देते हैं। जरूरत होने पर गोरखपुर रेफर कर देते हैं। जानकारी के अनुसार, कुशीनगर मेडिकल कॉलेज में ट्यूमर, स्ट्रोक, उभरी हुई डिस्क, स्पाइनल स्टेनोसिस (रीढ़ की हड्डी का संकुचन) और सिर की चोट जैसे मामलों का उपचार मरीज पहुंच रहे हैं। न्यूरो से संबंधित बीमारियों के 40 से अधिक मरीज रोजाना मेडिकल कॉलेज पहुंचते हैं, लेकिन विशेषज्ञ न होने से रेफर करना पड़ता है। सप्ताह में जिस दिन न्यूरो के डॉक्टर आते हैं उस दिन मरीजों की संख्या 100 से अधिक हो जाती है। शुक्रवार को छितौनी की शीला, गोड़रिया के सुमंत सिंह इलाज कराने पहुंचे। न्यूरो के डॉक्टर नहीं होने के कारण आर्थो के डॉक्टर ने परामर्श दिया। डॉक्टर ने शीला को बीआरडी मेडिकल कॉलेज के न्यूरो विभाग में रेफर कर दिया।

# गाजे-बाजे के साथ निकली शिव बरात, बाबा भूतनाथ बने दूल्हा, बम-बम हुआ शहर

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



महाशिवरात्रि पर रविवार को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बाबा औघड़दानी की बरात निकाली गई। भूत-प्रेत बराती बनकर नाचे तो पूरा शहर भक्तिमय हो उठा।। औघड़दानी दूल्हा बनकर शहर की सड़कों पर निकले तो धार्मिक व सांस्कृतिक परंपरा जीवंत हो उठी।

शहर के गुदरी बाजार स्थित श्री बुढ़ियां माई मंदिर परिसर से रविवार की दोपहर बाद गाजे-बाजे और हाथी घोड़े के साथ शिव बरात निकली। महिलाओं ने मांगलिक गीत गाकर भोलेनाथ की अगवानी कर परछावन कीं। इसके बाद वैवाहिक कार्यक्रम शुरू हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिव-पार्वती का विवाह हुआ। इसी तरह शहर के गंगीराम मंदिर परिसर से शिव बरात निकाली गई। दुदही संवाद के अनुसार, कस्बा के गोला बाजार स्थित शिव पार्वती मंदिर परिसर में रविवार की दोपहर शिव बरात निकाली गई। बरात में शामिल महादेव-पावर्ती की झांकियों के साथ भगवान गणेश, नंदी, राधा-कृष्ण, भूत-प्रेत, महाकाल, भस्मी बाबा, शिव महिमा, कैलाश पर्वत और अमरनाथ की झांकी मन मोह रही थी। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्ष कर स्वागत किए। मंदिर परिसर में रविवार की रात महादेव की महाआरती और श्रृंगार हुआ। जोकवा बाजार संवाद के अनुसार स्थानीय बाजार स्थित प्राचीन शिव मंदिर से शिव बरात निकाली गई। शिव बरात धुनवलिया, मधुरिया, दहारीपट्टी, सरैया महंथ पट्टी, कोटवा करजही, रहसू बाजार, धौरहरा आदि गांव का भ्रमण कर पुनः मंदिर परिसर में पहुंची। वहां महिलाओं ने मंगलगीत गाकर शिव-पार्वती विवाह की रस्म संपन्न कराई। तमकुहीरोड संवाद सेवरही में चनरी चौराहा से भगवान शिव की भव्य शोभायात्रा व झांकी निकाली गई। बाहर से आए कलाकारों की प्रस्तुति से दर्शकों को भाव विभोर कर दिया और शिव महिमा के भक्ति गीतों पर सैकड़ों श्रद्धालु नाचते थिरकते नजर आए। यह शोभा यात्रा पूरे कस्बा का भ्रमण की।

## अमरेंद्र प्रताप सिंह मिस्टर फेशर और मुस्कान झा मिस फेशर

**देवरिया।** महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में शनिवार की रात में एमबीबीएस 2025-26 बैच के छात्रों के स्वागत में समुद्भव फेशर्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नए छात्रों को कालेज की परंपरा और महत्व के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उनके कर्तव्य व दायित्वों का बोध कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. डॉ. रजनी, डीएम दिव्या मित्तल सीएमएस डॉ. एचके मिश्रा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत, कविता, स्किट एवं विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इससे पूरे सभागार में उत्साह का वातावरण बना दिया। इस अवसर पर आयोजित मिस्टर एवं मिस फेशर्स प्रतियोगिता में अमरेंद्र प्रताप सिंह मिस्टर फेशर और मुस्कान झा मिस फेशर चुने गए।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी की हालत गम्भीर

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले में रविवार रात हथिगवां थाना इलाके में प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार हथिगवां थाना इलाके के पलएं दुधिया गांव निवासी रोहित पटेल ( 25 वर्ष ) पुत्र बृजलाल पटेल और अनिल पटेल ( 26 वर्ष ) पुत्र कल्लू पटेल रविवार रात करीब 9 बजे बाइक से कुंडा जा रहे थे। जैसे ही प्रयागराज-लखनऊ राजमार्ग पर स्थित टोल टैक्स के पास पहुंचे ही थे कि उनकी बाइक को एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुण्डा पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद रोहित पटेल को मृत घोषित कर दिया। जबकि दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल अनिल पटेल की हालत नाजुक होने के कारण उसे प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल रेफर किया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन की। पुलिस ने रोहित पटेल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले के आसपुर देवसरा थाना इलाके में हुए एक सड़क हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई। रविवार देर रात किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। मिली जानकारी के अनुसार आसपुर देवसरा थाना इलाके के टीवीपुर गांव निवासी मुन्नू दुबे दयालगंज बाजार में किराने की दुकान चलाते थे। रोज की तरह रविवार रात भी लगभग नौ बजे वह अपनी दुकान बंद कर साइकिल से घर जा रहे थे। जैसे ही वो टीवीपुर मोड़ पर, बड़े हनुमान मंदिर के सामने पहुंचे ही थे कि आसपुर देवसरा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मुन्नू दुबे साइकिल समेत सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान वहां के आसपास के ग्रामीणों ने उन्हें घायल अवस्था में देख तुरंत परिजनों को सूचित किया। परिजन उन्हें इलाज के लिए पट्टी ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने वृद्ध के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# केजीबीवी छात्राओं को मिला नया अनुभव, डीएम ने एक्सपोज़र विजिट बसों को दिखाई हरी झंडी





**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

शासन के निर्देशों के क्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (KGBV) की छात्राओं के लिए आयोजित एक्सपोज़र विजिट कार्यक्रम के तहत आज बीआरपी इंटर कॉलेज मैदान से बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी डॉ0दिनेश चन्द्र द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि एक्सपोज़र विजिट का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव कराना है, जिससे उनके ज्ञान के साथ-साथ आत्मविश्वास में भी वृद्धि हो।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान छात्राओं की सुरक्षा और समुचित व्यवस्थाएं प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाएं।

## सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

यात्रा के दौरान प्रत्येक बस में एक महिला पुलिसकर्मी, एक दरोगा तथा एक महिला शिक्षिका की तैनाती की गई है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मेडिकल किट उपलब्ध कराई गई है और सभी वाहनों की फिटनेस जांच कर सुरक्षित संचालन सुनिश्चित किया गया है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार छात्राएं वाराणसी स्थित विभिन्न शैक्षणिक एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करेंगी और तय समय पर वापस लौटेंगी।

जिलाधिकारी ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण बालिकाओं को नई दिशा और प्रेरणा देते हैं,

जिससे वे भविष्य में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित होती हैं। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0गोरखनाथ पटेल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## भतीजे ने बड़ी मां को पीटकर उतारा मौत के घाट, मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** शाहगंज सरपतहा थाना क्षेत्र के सदरूद्दीनपुर गांव में नल का पानी रास्ते में गिरने को लेकर रिश्ते में भतीजा लगने वाले युवक द्वारा अपनी ही बड़ी मां को पीटकर मौत के घाट उतारने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद जहां आरोपी फरार हो गया, वहीं गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आवश्यक छानबीन में जुटी है।

बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह गांव निवासी बुधिराम बिंद की पचपन वर्षीया पत्नी इन्द्रावती नल पर कपड़े धो रही थी, तभी पानी गिरकर रास्ते पर चला गया जिसे लेकर उपजे विवाद में भतीजा लगने वाला युवक मिथिलेश बांस से उसपर जानलेवा हमला कर दिया। जिसके बाद गंभीर रुप से घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगंज लाया गया। जहां देखते ही चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद जहां आरोपी मौके से फरार हो गया, वहीं गांव में सनसनी फ़ैल गई।

# 5 घंटे में हत्याकांड का खुलासा: रामपुर थानाध्यक्ष विनोद कुमार की तेज कार्रवाई से आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जनपद के रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आशापुर में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब खेत में एक युवक का शव मिला।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम के साथ जांच शुरू की। शुरुआती जांच में युवक के सिर पर ईंट से वार कर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई।

मृतक की पहचान बृजेश यादव पुत्र निवासी ग्राम मेहदी, थाना सिकरारा के रूप में हुई। घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष विनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तेजी से जांच शुरू की।

घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए, आसपास के लोगों से पूछताछ की गई और तकनीकी सर्विलांस का सहारा लिया गया। महज 5 घंटे के भीतर पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

जांच में सामने आया कि पैसों के लेन-देन को लेकर मृतक और उसके मामा के लड़के रोहित यादव के बीच विवाद चल रहा था। इसी विवाद में आवेश में आकर रोहित ने ईट से सिर पर वार कर बृजेश की हत्या कर दी और शव को खेत में छोड़कर फरार हो गया था।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष विनोद कुमार की त्वरित कार्रवाई और कुशल नेतृत्व की क्षेत्र में सराहना हो रही है। महज पांच घंटे में हत्या जैसे गंभीर मामले का सफल अनावरण कर पुलिस ने अपनी सक्रियता और तत्परता का परिचय दिया है।

# ब्राह्मण समाज पर विवादित टिप्पणी करने वाले के विरूद्ध मुकदमा दर्ज




**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

ब्राह्मण समाज पर विवादित टिप्पणी और अपशब्द कहने पर प्रमोद यादव पुत्र रमाकांत यादव निवासी पिपरा हिक्कका के विरूद्ध ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष नवीन दूबे और राष्ट्रीय सवर्ण शक्ति मोर्चा अध्यक्ष रामजी पाण्डेय के पहल पर वाल्टरगंज पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

नवीन दूबे और रामजी पाण्डेय ने थानाध्यक्ष से कहा कि ब्राह्मण समाज पर अभद्र टिप्पणी करने वाले प्रमोद यादव को तत्काल गिरफ्तार किया जाय जिससे भविष्य में कोई इस प्रकार का दुस्साहस न कर सके।

वाल्टरगंज थाने पर मौजूद ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रशन्त पाण्डेय, सहारा संघर्ष समिति के अध्यक्ष अभयदेव शुक्ला, ब्राह्मण महासभा के जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र शुक्ल, अंकित त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा, पंडित राम कृष्ण मोनू दुबे, अंकित त्रिपाठी, ओम प्रकाश ओझा, प्रियंक शुक्ला, मनीष तिवारी यशवंत तिवारी, संतोष शुक्ला, संजय शुक्ला, राजन पाण्डेय, सोनू चौबे,विपुल पाण्डेय, योगेश पाण्डेय, निखिलेश पाण्डे, बृजेश शुक्ला, ऋषि पाल सिंह, राजन पाण्डेय, लालजी शुक्ल, सोनू उपाध्याय, मंटू दुबे, सौरभ दुबे, पवन मिश्रा, विभोर पाठक, सनी पाठक, शिव प्रकाश मिश्रा आदि लोगों ने समाज मे ऐसे कृत्य करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग किया।

## टी डी कालेज में 65 वाँ वार्षिक खेलकूद प्रारंभ

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** टी डी कॉलेज के 65 वें वर्षिक खेल कूद समारोह माहाविद्यालय के उमानाथ सिंह स्टेडियम में प्रारंभ हुआ जिसका उदघाटन जिला अधिकारी जौनपुर डॉ दिनेश चन्द्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने मशाल प्रज्ज्वलित करके 65वें वर्षिक खेल को समारोह के शुभारंभ की विधिवत घोषणा किया और खिलाड़ियों को आशीर्वचन प्रदान करते हु? कहा कि खेल में अनुशासन अत्यधिक महत्वपूर्ण है सभी को अनुशासन में रहकर जीवन को उच्चतम शिखर पर ले जाना चाहिए। प्राचार्य प्रोफेसर राम आसरे सिंह ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल कूद अत्यधिक महत्वपूर्ण है और इस तरफ के आयोजन से प्रतिभा उभरने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर प्रो. हिमांशु सिंह तथा अनुशास्ता मंडल के समस्त सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर महाविद्यालय क्रीड़ा समिति के सदस्य प्रोफेसर मनोज कुमार सिंह, प्रोफेसर हरी ओम त्रिपाठी, प्रोफेसर राहुल सिंह, प्रोफेसर माया सिंह, डॉ विपिन कुमार सिंह, डॉ प्रशांत कुमार पांडेय, डॉ रमेश चंद्र यादव, डॉ अजय कुमार सिंह,आदि उपस्थित होकर आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन किया।

# डायट बस्ती में नैतिक शिक्षा को लेकर एक दिवसीय संगोष्ठी सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बस्ती में सोमवार को छात्रों में नैतिक एवं मानवीय मूल्यों के विकास विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। संगोष्ठी में जनपद के समस्त विकासखंडों से कुल 45 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया तथा निर्धारित विषयों पर अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने विद्यालयी जीवन में नैतिक मूल्यों के व्यवहारिक क्रियान्वयन, सामाजिक उत्तरदायित्व, सहानुभूति, अनुशासन एवं जीवन कौशल के महत्व पर विस्तृत विचार रखे।

मुख्य वक्ता शिव हर्ष किसान पीजी कॉलेज की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) रीना पाठक ने कहा कि नैतिक शिक्षा केवल पाठ्यक्रम का विषय नहीं, बल्कि जीवन पद्धति है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों के लिए आदर्श बनें और अपने आचरण के माध्यम से मूल्यों का संचार करें।

विशिष्ट वक्ता डॉ. राजेश सिंह एवं ओम प्रकाश आर्य ने भारतीय संस्कृति और साहित्य में निहित नैतिक मूल्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञानार्जन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण भी है। उन्होंने शिक्षण प्रक्रिया में नैतिक प्रसंगों को शामिल करने तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को व्यवहार में उतारने पर बल दिया।

डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के मुख्य स्तंभ हैं। इस प्रकार के सेमिनार शिक्षकों को मूल्य आधारित शिक्षा की दिशा में प्रेरित करते हैं। नोडल प्रवक्ता वंदना चौधरी ने बताया कि संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिकता, संवेदनशीलता एवं मानवीय मूल्यों के विकास में शिक्षकों की भूमिका को और प्रभावी बनाना है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा शुक्ला एवं डॉ. रविनाथ ने किया। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर प्रवक्ता शशि दर्शन त्रिपाठी, डॉ. गोविन्द प्रसाद, अलीउद्दीन, मो. इमरान खान, कुलदीप चौधरी, रमेश विश्वकर्मा, अजय कुमार पाण्डेय, अन्नपूर्णा दुबे, आदित्य प्रकाश, सरिता त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# जौनपुर: गड्ढे में डूबने से 5 वर्षीय मासूम की मौत, रामपुर क्षेत्र में मातम

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर जिले के रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जदईपुर गोरा पट्टी गांव में सोमवार सुबह एक हृदय विदारक घटना सामने आई। गड्ढे में डूबने से 5 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सूफियान (5 वर्ष) पुत्र मुख्तार शाह रविवार शाम करीब 6 बजे घर से लापता हो गया था। परिजनों ने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन जब बच्चे का कोई पता नहीं चला तो पीआरवी 112 पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से देर रात तक तलाश अभियान चलाया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी।

सोमवार सुबह पुनः खोजबीन के दौरान घर से लगभग 100 मीटर दूरी पर बने एक सोख्ता (गड्ढे) में बच्चे का शव उतराया मिला। बताया जा रहा है कि गड्ढे में करीब 4 से 5 फीट तक पानी भरा हुआ था। शव मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और गांव में मातम छा गया। सूचना पर पहुंची रामपुर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी विनोद कुमार के अनुसार प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि बच्चा खेलते समय गड्ढे में गिर गया, जिससे डूबने से उसकी मृत्यु हो गई। हालांकि वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि खुले पड़े गड्ढों को तत्काल सुरक्षित कराया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# रामपुर में अज्ञात युवक की ईंट से कुच-कुच कर युवक की हत्या कर सरसों के खेत में फेंका शव

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जिले के रामपुर थाना क्षेत्रके आशापुर फेरूपुर वरुणा नदी के किनारे सरसों के खेत में घाट पर अज्ञात 23 वर्षीय युवक की मुंह को ईट से कुच-कुच कर फेंका गया शव देखे जाने से ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं, थानाध्यक्ष रामपुर एवं फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई है प्रथम दृष्टया युवक की शव को देखने से हत्या होना मालूम पड़ता है। मौके से पुलिस ने एक बाइक भी बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार रामपुर थाना क्षेत्र के आशापुर फेरुपुर गांव में स्थित वरुणा नदी की किनारे सरसों के खेत में एक अज्ञात युवक की 23 वर्षीय युवक की शव ग्रामीणों ने देखी। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने थानाध्यक्ष रामपुर विनोद कुमार को दिया मौके पर सूचना पाकर पहुंचे थानाध्यक्ष ने युवक की शव देखने के बाद हत्या जैसी प्रतीत होने पर उन्होंने तुरंत क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं परमानंद कुशवाहा एवं फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी हुई है।

मौके पर स्थिति को देखने से ही पता चल रहा है कि जिस सरसों के खेत में युवक का शव मिला उस जगह पर और लोग मौजूद रहे क्योंकि थोड़ी दूर पर ही एक बाइक बरामद हुई बाइक के साइलेंसर पर पांव के निशान भी देखें गए एवं कुछ शराब की बोतल आदि वहीं पड़ा थे और एक बोतल को तोड़कर एवं किसी धारदार हथियार एवं ईट से मुंह कुच कुचकर युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई है।

फिलहाल हत्या किस कारण से हुई क्यों हुई यह पुलिस की जांच का विषय है फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर हत्या के कारणों की तलाश शुरू कर दिया है।

# मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराएं: डीएम

**जन एक्सप्रेस। हाथरस**

जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की जनपद स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में करते हुए जिलाधिकारी अतुल वत्स ने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का रूटीन टीकाकरण कराये जाने के निर्देश दिए। जिला स्वास्थ्य समिति के अंतर्गत आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने ओ0पी0डी0, आई0पी0डी0, अल्ट्रासाउण्ड, एक्स-रे, पैथोलोजी, जननी सुरक्षा योजना/भुगतान, एफ0आर0यू0, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आर0बी0एस0के0), परिवार नियोजन, राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टिक्षीणता नियंत्रण, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के संचालन, एम्बुलेंस 108, नेशनल एम्बुलेंस सेवा 102, पी.पी.पी. परियोजना, मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड निर्माण, नियमित टीकाकरण, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, पी.सी.पी.एन.डी.टी., आदि योजनाओ के प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त एमओआईसी को सीएचसी में प्रारम्भ किए गए आयरन सुक्रोज सप्ताह के सफल क्रियान्वयन हेतु जनप्रतिनिगणों कि सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यक्रम में माध्यम से अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभ मिल सके। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत सहपऊ में प्रगति कम होने पर आपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिए। पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से किए गए भुगतान संबंधी प्रस्तुत रिपोर्ट संतोषजनक न होने पर सम्बन्धित की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के नियमित टीकाकरण, बच्चों में कुपोषण की स्थिति की जांच एवं विभागीय स्तर पर नियमित समीक्षा सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी लाभार्थी टीकाकरण से वंचित न रह जाए। जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के प्रभावी संचालन, ग्रामीण स्तर पर कार्यरत आशा एवं एएनएम की कार्यप्रणाली, संस्थागत प्रसव, आभा आईडी, आशाओं के भुगतान आदि की गहन समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि संबंधित चिकित्साधिकारी प्रत्येक आशा/एएनएम के कार्यों की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करें। आभा आईडी बनाने के कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय अधिकारियों/एम.ओ.आई.सी. से कहा कि सुनिश्चित करें कि गर्भवती महिलाओं का प्रसव सरकारी चिकित्सालयों में ही हो। गर्भवती महिलाओं के प्रथम चरण से लेकर प्रसव उपरांत तक दिये जाने वाले लाभों तथा भुगतान ससमय कराने के निर्देश दिए। 'महिलाओं एवं किशोरियों में हीमोग्लोबिन की कमी दूर किए जाने हेतु सर्वप्रथम गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच कराने, हीमोग्लोबिन बढ़ाने हेतु आहार (डाइट) के संबंध में जागरूक करने तथा आवश्यकता अनुसार उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने 108 और 112 एंबुलेंस सेवाओं को निर्धारित समय में मरीज तक पहुंचाने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में मरीज को उपचार से वंचित नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी अधिकारी दायित्वबोध के साथ कार्य करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला सूचना अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, एम.ओ.आई.सी. सहित अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# 25 हजार के इनामी को पुलिस मुठभेड़ में लगी गोली

## फौजी हत्या कांड का आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। हाथरस**

यूपी के हाथरस जिले के थाना सादाबाद क्षेत्र में हुए सनसनीखेज हत्याकांड के आरोपी 25 हजार रुपये के इनामी हेमन्त को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

गत 5 फरवरी 2026 को थाना सादाबाद क्षेत्र के चन्द्रा फार्म हाउस के पास अज्ञात हमलावरों ने फायरिंग कर अखिलेश कुमार की हत्या कर दी थी। मृतक अखिलेश कुमार भारतीय सेना में सैनिक था और हाथरस न्यायालय से तारीख कर अपने मित्र की कार से आगरा की ओर जा रहा था। तभी ईको कार और मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की बहन डौली कुमारी की तहरीर पर थाना सादाबाद में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पहले ही 4 आरोपी जा चुके हैं जेल। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक चिरंजीवी नाथ सिन्हा के निर्देश पर एसओजी, सर्विलांस और थाना पुलिस की पांच टीमें गठित की गई थीं। 7 फरवरी को नामजद आरोपी बोबी उर्फ विशाल और राजा उर्फ राहुल को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। 9 फरवरी को हरियाणा पुलिस ने घटना में शामिल कमलकांत और विक्रम सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अब तक कुल चार आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं।

25 हजार का इनाम था घोषित आरोपी हेमन्त पुत्र जगवीर निवासी समदपुर थाना सादाबाद पर 10 फरवरी 2026 को 25,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस को उसकी लगातार तलाश थी।

## मुठभेड़ में घायल हुआ आरोपी

16 फरवरी 2026 को एसओजी टीम और थाना सादाबाद पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी विसावर विधिपुर बंबा की ओर मौजूद है। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी करने पर आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस की जवाबी फायरिंग में हेमन्त के पैर में गोली लग गई। उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और एक बजाज सीटी 100 मोटरसाइकिल बरामद की है।

# कर्बला की कुर्बानी इंसानियत का पैगाम, जौनपुर में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जमीने मुबारक कदम रसूल छोटी लाइन इमामबारगाह (भंडारी स्टेशन के समीप) शिया पंजतनी कमेटी के तत्वावधान में 28वां ऑल इंडिया मजलिस-ए-अज़ा व कदीम जुलूस अकीदत और एहतराम के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में देश के नामचीन शिया धर्मगुरुओं ने शिरकत कर कर्बला के पैगाम को इंसानियत की राह दिखाने वाला बताया।

मुजफ्फरनगर से तशरीफ लाए मौलाना सैय्यद अजादार हुसैन ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि इमाम हुसैन (अ.स.) की कर्बला में दी गई कुर्बानी कयामत तक इंसानियत को जुल्म के खिलाफ खड़े होने का हौसला देती रहेगी। उन्होंने कहा कि दुनिया के इतिहास में अनेक कुर्बानियां दी गई, लेकिन कर्बला जैसी मिसाल किसी भी मजहब में नहीं मिलती। दिल्ली से आए मौलाना सैय्यद नामदार हुसैन व मौलाना इब्ने हसन जैदी ने कहा कि कर्बला की दास्तान जब भी बयान होती है, तो इंसानियत का सिर झुक जाता है। मैदान-ए-कर्बला में बुजुर्गों से लेकर मासूम बच्चों तक पर जो सितम ढाया गया, वह मानवता को झकझोर देने वाला है। अम्बेडकरनगर से आए मौलाना बाक़र मेहदी ने कहा कि इमाम हुसैन (अ.स.) का संदेश सिर्फ मातम तक सीमित न रहे, बल्कि समाज में जागरूकता और इंसाफ की रोशनी फैलाए।

मजलिस की शुरुआत कारी फ़ज़ल आज़मी ने तिलावत-ए-क़ुरआन पाक से की। सोज़ख्वानी सैय्यद गौहर अली जैदी व हमनवां ने पेश की। पेशखानी में डॉ. शोहरत, हसन फतेहपुरी, वसी जौनपुरी, आबाद, खुमैनी आफाकी, डॉ. मोहम्मद मेहदी आज़ाद व मेहंदी जौनपुरी ने अपने कलाम से कर्बला के शहीदों को नजराना-ए-अकीदत पेश किया। अलविदाई मजलिस में मौलाना सैय्यद अजादार हुसैन ने हजरत मोहम्मद साहब और उनके नवासों की कुर्बानियों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने हक और इंसाफ की खातिर अपना लहू कुर्बान कर दिया, लेकिन जुल्म के आगे सिर नहीं झुकाया। मजलिस के बाद शबीहे ताबूत, अलम मुबारक व जुलजनाह का कदीम जुलूस निकाला गया।

# रोटी-सब्जी में दिखा हुनर का दमखम, जनपद स्तरीय पाक-कला प्रतियोगिता में 30 रसोइयों ने बिखेरा स्वाद का जादू

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

डायट परिसर में सोमवार को आयोजित जनपद स्तरीय पाक-कला प्रतियोगिता में जिले भर से आई 30 रसोइयों ने अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया।

मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) की गुणवत्ता और पोषण स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में रोटी और सब्जी के निर्धारित मेन्यू को प्रतिभागियों ने अपने-अपने अंदाज में स्वादिष्ट रूप दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

निर्णायक मंडल द्वारा स्वाद, स्वच्छता, पोषण और प्रस्तुति के आधार पर मूल्यांकन किया गया।

प्रथम पुरस्कारः संतरा देवी, उच्च प्राथमिक विद्यालय गुरैनी, शाहगंज द्वितीय पुरस्कारः मीना गौड़, इंग्लिश मीडियम प्रा.वि. चकताली, सिरकोनी तृतीय पुरस्कारः निशा देवी, कम्पोजिट विद्यालय आदर्श प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को क्रमशः ?3500, ?2500 और ?1500 नकद पुरस्कार व प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। अन्य 27 प्रतिभागियों को 300 का सांत्वना पुरस्कार तथा सभी रसोइयों को ?300 मार्ग व्यय दिया गया। फर्म गहना कोठी प्रतिष्ठान के श्री विनीत सेठ द्वारा सभी 30 रसोइयों को एक-एक साड़ी भेंट की गई।

पोषण और संस्कार पर जोर जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ भोजन से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है।

उन्होंने रसोइयों से हरी साग-सब्जियों के साथ सहजन, नींबू, करौंदा और आंवला जैसे आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर खाद्य पदार्थों के उपयोग पर विशेष ध्यान देने की अपील की।

# एमआर स्कूल अभियान 2026 का शुभारंभ, 16 से 27 फरवरी तक चलेगा टीकाकरण अभियान

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



जनपद में बच्चों को खसरा एवं रूबेला जैसी संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एमआर स्कूल अभियान 2026 का शुभारंभ सोमवार को किया गया। यह अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक जनपद के समस्त सरकारी एवं निजी विद्यालयों में संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत कक्षा 1 से 5 तक, लगभग 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का एमआर टीकाकरण किया जाएगा।

अभियान का शुभारंभ योगेश वर्मा, विधायक सदर लखीमपुर, द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष गुप्ता ने भी कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला तथा जनस्वास्थ्य के दृष्टिकोण से एमआर टीकाकरण की महत्ता को रेखांकित किया।

कार्यक्रम का आयोजन सीबी सिंह गौड इंटर कॉलेज, सलेमपुर परिसर में किया गया, जहां विद्यालय परिवार के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ रवि सिंह, डब्ल्यूएचओ से डॉ विकास सिंह तथा स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि एमआर स्कूल अभियान बच्चों को गंभीर एवं संक्रामक रोगों से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने अभिभावकों एवं शिक्षकों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को इसका लाभ मिल सके और जनपद को रोगमुक्त बनाने की दिशा में सार्थक कदम उठाया जा सके।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी दी कि अभियान के अंतर्गत जनपद लखीमपुर खीरी के सभी चिन्हित विद्यालयों में स्वास्थ्य विभाग की प्रशिक्षित टीमों द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार टीकाकरण, जागरूकता एवं परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई जाएँगी। उन्होंने बताया कि अभियान की सफलता के लिए स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं विद्यालय प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है।

कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु संबंधित विभागों एवं विद्यालय प्रशासन द्वारा निरंतर समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे एमआर स्कूल अभियान 2026 को जनपद में सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

## इंद्रेश कुमार के जन्मदिन पर लखीमपुर में उमड़ा 'सद्भावना' का सैलाब

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

जब इरादे नेक हों और मंशा भाईचारे की हो, तो इबादतगाहें दिलों को जोड़ने का सबसे बड़ा केंद्र बन जाती हैं। उत्तर प्रदेश के जनपद लखीमपुर में आज ऐसी ही एक रूहानी और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (ऋरूस्र) के वरिष्ठ प्रचारक और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (रूक्रूरू) के मार्गदर्शक डॉ. इंद्रेश कुमार के जन्मदिन को देशभर में 'सद्भावना सप्ताह' के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद की सुप्रसिद्ध मथना शरीफ दरगाह पर अकीदत के साथ 'सद्भावना चादर' पेश की गई। दुआओं में गूँजा अमन और लंबी उम्र का पैगाम मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रांत संयोजक शेर अली खान ने कार्यकर्ताओं के साथ दरगाह पहुंचकर चादरपोशी की। इस दौरान डॉ. इंद्रेश कुमार के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की दुआ मांगी गई।

# थाने के सामने लगा है गंदगी का अंबार, उगी बड़ी बड़ी घास, ग्रामीणों ने संक्रमण फैलने की जताई आशंका

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**



**गोंदलामऊ।** विकास खंड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत संदना कस्बे में थाने के गेट के सामने कचरे का अंबार लगा हुआ है। लेकिन सरकार की ओर से लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को अपने पास-पड़ोस में साफ-सफाई रखने के लिए जागरुकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है।

स्वच्छता अभियान के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। शहर से लेकर गांव तक लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके बावजूद सरकार का यह अभियान दम तोड़ता दिख रहा है। कस्बा संदना में थाना गेट के सामने जमा हुआ कचरा स्वच्छता अभियान को मुंह चिढ़ा रहा है।आश्चर्य की बात यह है कि इस मार्ग से जिम्मेदारों का हमेशा आना जाना लगा रहता है। किसी का ध्यान इस गंदगी पर नहीं जा रहा है। संदना थाने के गेट के सामने की गंदगी पर साफ-सफाई के प्रति कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कचरे के ढेर पर बीमारियां पनप रहीं हैं। यहां से उठने वाली बदबू से लोग भी परेशान रहते हैं। मलेरिया व डेंगू जैसी जानलेवा बीमारी का भी भय हमेशा बना रहता है। ग्रामीण कुलदीप, कृष्णा, अमित, राहुल, शुभम, आदि लोगो ने सफाई कराए जाने की मांग की है। इस सम्बंध में जब खंड विकास अधिकारी गोंदलामऊ संदीप कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जल्द से जल्द साफ सफाई कराई जाएगी।

# जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पलिया ने बसंत कालीन गन्ना बुवाई अभियान को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी**



बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड यूनिट पलिया द्वारा बसंत कालीन गन्ना बुवाई को बढ़ावा देने हेतु किसान जागरूकता रैली चीनी मिल गेट से निकाली गई, रैली को जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिथिलेश पांडेय व केन हेड राजीव तोमर ने फीता काटकर शुभारंभ किया । तथा रैली को हरी झंडी दिखाकर कर रवाना किया। उक्त कार्य जिला गन्ना अधिकारी के निर्देशन में किया जा रहा है।जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने विभाग द्वारा स्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई अधिक से अधिक क्षेत्रफल में करने व बीज सुरक्षित रखने का सुझाव दिया।जागरूकता रैली के सम्बंध में जानकारी देते हुए केन हेड राजीव तोमर ने बताया कि यह रैली चीनी मिल परिक्षेत्र के सैकड़ो गांव में से होकर गुजरेगी तथा किसानों को बसंत कालीन गन्ना बुवाई के सम्बन्ध में जागरूक करेगी उन्होंने यह भी बताया की रैली के साथ चीनी मिल प्रबंधन एवं गन्ना विभाग के तमाम अधिकारी गण किसानों को वैज्ञानिक विधि से खेती करने तथा स्वस्थ व निरोग गन्ना उत्पादन करने के संबंध में जानकारी दी जाएगी। सभी किसान भाइयों से अनुरोध है कि अपना गन्ना चीन मिल को ही आपूर्ति करें और अपने बेसिक कोटा को मजबूत बनाए रखें। महाप्रबंधक गन्ना ने अपने संबोधन में किशन भाइयों से अपील की कि उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे को0 0118, को0 15023, कोलख014201, कोशा0 13235 एवं जलभराव वाले क्षेत्र में को0 98014, कोलख0 94184 की बुवाई करके अधिक पैदावार प्राप्त करने की सलाह दी। साथ ही साथ किसान भाइयों यह भी अपील की कि प्रतिबंधित एवं अनामित गन्ना प्रजातियों की बुवाई कदापि न करें। चीनी मिल द्वारा इन प्रजातियों का बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। श्री तोमर ने बताया कि यह रैली 15 दिनों तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से सायं 5 बजे तक भिन्न भिन्न क्षेत्रों में जाकर प्रचार वाहन व गोष्ठी के माध्यम से ट्रेंच विधि से गन्ना बोने के लाभ,

पेडी फसल से अधिक पैदावार प्राप्त करने के तरीकों के साथ साथ चीनी मिल द्वारा अनुदान पर उपलब्ध कराए जा रहे भूमि शोधन के लिए ट्राईकोडर्मा एवं बीज शोधन के लिए फफूंदी नाशक के प्रयोग क्यों आवश्यक हैं आदि की विस्तृत जानकारी किसानों को दी जाएगी।इस अवसर पर जितेन्द्र सिंह राना,प्रवीन खोखर, अशोक मौर्य, सहित काफी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सभासदों ने लगाई नामित जांच अधिकारी से जांच किए जाने की मांग

**जन एक्सप्रेस। सुनहरा**

लखीमपुर खीरी। मामला नगर पंचायत खीरी टाउन में किए गए फर्जीवाड़ा और भ्रस्टाचार से जुड़ा बताया जाता है। सभासदों ने नायाब तहसील दार सदर को दिए गए प्रार्थना पत्र में कथन किया है कि गत .माह पूर्व खीरी टाउन नगर पंचायत में हुए भ्रस्टाचार के विरूद्ध उच्च न्यायालय लखनऊ में एक याचिका दाखिल की थी जिसमें न्यायालय ने मामले की लिखित शिकायत नगर विकास सचिव से करने के दिए गए निर्देशों के क्रम में कई सभासदों ने नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव से शिकायत की थी। जिसमें जिलाधिकारी खीरी को मामले की जांच करने के आदेश दिए गए थे। जिलाधिकारी खीरी ने नगर पंचायत खीरी में हुए भ्रस्टाचार की जांच के लिए नायाब तहसील दार खीरी को जांच अधिकारी नामित करते हुए जांच के आदेश दिए थे।लकिन जांच अधिकारी द्वारा मामले की आज तक जांच शुरू नहीं की गई। शिकायत कर्ता मकसूद अली और जही रूल हासन द्मड्डु आरोप है जांच न होने से अध्यक्ष नगर पंचायत के पति फहीम अहमद ने तीन सभासदों से मिलीभगत कर ली और दबाब बनाकर अपने पक्ष में शपथ पत्र लें लिए की वह जांच नहीं कराना चाहते हैं। शपथ पत्र देकर मुकर जाना एक संगीन अपराध की श्रेणी में आता है। शिकायत कर्तागणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। जिससे सच्चाई सामने आ सके और हुए भ्रस्टाचार का खुलासा हो सके।

# देवकली गांव मे आधी अधूरी नाली बनाने से ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**राम सिंह चौधरी**

ग्राम प्रधान देवकली ने बताया कि गामीणो के विरोध करने के पश्चात कई बार जेई व ठेकेदार से इसकी सिकायत की गई लेकिन आधी नाली नही बनी। सुशील कुमार जेई पीडब्लूडी लखीमपुर ने बताया कि वहां गांव के अन्दर नाली बनाना उचित नही लगा यदि ग्रामीण नाली बनाना चाह रहे है तो सर्वे कराकर नाली बनई जायेगी।

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**



गोला तहसील क्षेत्र के अंतर्गत गोला जडौरा लगभग नौ किलोमीटर मार्ग विगत लगभग सावन माह के कुछ महीने पहले हि कर दिया गया था।जिसके लगभग छः महीने के पश्चात उस मार्ग पर निकली पुलियों व गांव मे सडको के किनारे सडक का पानी निकलने के लिये सडक के किनारे पीडब्लूडी विभाग की तरफ से नाली का निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन रोड के किनारे नाली बनबा रहे ठेकेदारो के द्वारा गांव की सूरूआत मे व गाव के समापन मे लगभग दस से पंद्रह मीटर मीटर की नाली का निर्माण कराया गया है।जिसके चलते ग्रामीण राम विलास, राम सागर, चमेली देवी, नरेंद्र कुमार, रैम निवास, आनंद कुमार, हेमराज गौतम ने बताया कि बरसात मे पानी नाली पुरी बनने के कारण हमारे घरो मे भर रहा है, जवकि कई बार हमने ठेकेदार से कहा तो उसने कहा कि बाबा देगे लेकिन पूरा ऐक माह होने को है नाली नही बनाई गई है। जिससे ग्रामीणो का शब्र फूट गया और वह गांव के ग्राम प्रधान के साथ सडक के किनारे रोड के ठेकेदार, जेई व खिलाफ प्रदर्शन करने लगे, गोला उप जिला अधिकरी को ज्ञापन सौपने की तैयारी कर रहे है।

## लिफ्ट में डेढ़ घंटे फंसा रहा युवक, पुलिस ने सुरक्षित निकाला

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** सोमवार को परिवार न्यायालय परिसर में उस समय खलबली मच गई, जब सौरभ दीक्षित उर्फ समाधान, तारीख पर अपने वकील से मिलने आए और लिफ्ट में फंस गए। मोहल्ला तीर्थ गोला गोकर्णनाथ के निवासी सौरभ ने बताया कि वह लिफ्ट से ऊपर गए थे और वकील से मुलाकात के बाद जब नीचे आने लगे तो लिफ्ट अचानक नीचे आकर बंद हो गई और दरवाजा नहीं खुला। करीब डेढ़ घंटे तक लिफ्ट में फंसे रहने पर उन्होंने जिलाधिकारी को फोन कर सूचना दी और अपने परिचितों को भी जानकारी दी। सूचना मिलते ही जेल चौकी पुलिस और फायर विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। घटना की खबर फैलते ही न्यायालय परिसर में वकीलों और लोगों की भीड़ जमा हो गई। बाद में लिफ्ट मरम्मत कर्मचारी चाबी लेकर पहुंचा और बाहर से लॉक खोलकर सौरभ को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना के बाद लिफ्ट की तकनीकी जांच कराई गई।

# नगर पालिका प्रांगण में सफाई मित्रों व कर्मचारियों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



नगर पालिका लखीमपुर प्रांगण में सफाई मित्रों एवं समस्त पालिका कर्मचारियों/अधिकारियों के स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ आरएम गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी/डिप्टी सीएमओ डॉ. लालजी पासी तथा डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रमोद वर्मा उपस्थित रहे। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा व्यापक स्तर पर जांच एवं उपचार सेवाएं प्रदान की गई। कुल 271 लोगों की ओपीडी की गई। शिविर के दौरान 32 टीबी (टीवी) जांच, 46 एक्स-रे, 110 लोगों की बीपी व शुगर जांच की गई। इसके साथ ही 30 मलेरिया जांच भी की गई, जिससे विभिन्न रोगों की समय रहते स्क्रीनिंग संभव हो सकी। जांच के उपरांत डॉक्टर्स द्वारा आवश्यकतानुसार मरीजों को निःशुल्क दवाएं भी लिखीं गई गई। कैंप में 11 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित इस शिविर में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बेहतर सेवाएं दी गई। नगर पालिका के सफाई मित्र प्रायः अपने स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील नहीं रहते हैं, ऐसे में एक ही स्थान पर कई प्रकार की जांच और दवाओं की सुविधा मिलना उनके लिए अत्यंत लाभकारी है। इससे अनेक बीमारियों की पहचान प्रारंभिक अवस्था में हो सकी है। उन्होंने इस विशेष स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के लिए सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने नगर पालिका के समस्त सफाई मित्रों कर्मचारी और अधिकारियों से अपील करी कि अपने व अपने परिवार के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें क्योंकि जब वह स्वस्थ रहेंगे तभी एक स्वस्थ व स्वच्छ समाज की स्थापना में अपना योगदान दे सकेंगे।स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों से कर्मचारियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है और समय पर उपचार मिलने से गंभीर बीमारियों से बचाव संभव होता है। शिविर में बड़ी संख्या में सफाई मित्रों और कर्मचारियों ने पहुंचकर सेवाओं का लाभ उठाया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### ग्राम बौठा में नर्मदेश्वर महादेव शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** में नर्मदेश्वर शिवलिंग की तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सोमवार 16 फरवरी को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ सैकड़ो ग्राम वासी क्षेत्रवासियों महिला पुरुषों ने प्रथम जलाधिवास के दिन देवकली तीर्थ से जल भरकर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरुआत आचार्यो के मंत्रोच्चारण व हवन पूजन के साथ किया आयोजक शरद कुमार पांडे ने बताया प्रथम दिवस जलाधिवास व वेदी पूजन कार्यक्रम आज सम्पन्न हुआ है द्वितीय दिवस दूसरे दिन अन्नाधिवास मिष्ठानवास सपंन्न होगा तृतीय दिवस 18 फरवरी को शोभायात्रा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम व भंडारा सम्पन्न होगा। इस अवसर पर कलश यात्रा में सुबोध कुमार पांडे वीरेंद्र अवस्थी अमित मिश्रा विद्यानिवास पांडे लक्ष्मीनिवास पांडे नीतीश पांडे देवेश पांडे सहित सैकड़ों भक्त कलश यात्रा में शामिल हुए।

### चाइनीज मांझा की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** तमाम प्रतिबंधों के बावजूद फ्लिप्कार्ट, ऐमेज़ॉन और तमाम ऑनलाइन समूहों के द्वारा चाइनीज मांझा जिसे अब मौत का मांझा भी कहा जाने लगा है की धड़ल्ले से की जा रही बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को सम्बोधित एक ज्ञापन हुसैनी टाइगर्स संगठन की जानिब से जिला मजिस्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी को दिया गया जिसमे प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर हुसैन जिला महामंत्री ज़फ़र अली खान जिला उपाध्यक्ष आफ़ताब खान नगर अध्यक्ष कमर आलम आदि लोग मौजूद रहे।

### नाली को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** सचेंडी थाना क्षेत्र के लाल्हेपुर गांव में नाली को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। मामले में पुलिस ने दो नामजद आरोपियों समेत कुछ अज्ञात महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पीड़ित लवकुश ने तहरीर देकर बताया कि गांव के ही शनी यादव ने उसकी नाली बंद कर दी थी, जिससे उसके घर में पानी भर गया और परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ा। पीड़ित का आरोप है कि जब वह नाली खोलने के लिए मौके पर पहुंचा तो वहां मौजूद शनी यादव, मान सिंह और उनके घर की महिलाओं ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर आने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। वही थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### अनफिट वाहनों के संचालन से करोड़ों की कर चोरी का आरोप

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** केन्द्रीय कार्यशाला में तैनात उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के पुराने स्टोर वाहनों के संचालन को लेकर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। शिकायतकर्ता कल्याणपुर निवासी जयराम सिंह ने आरोप लगाया है कि वर्ष 1966 और 1976 मॉडल के कई वाहन वर्ष 2001 में ही आरटीओ कानपुर द्वारा अनफिट घोषित कर दिए गए थे, इसके बावजूद इन्हें वर्षों तक बिना फिटनेस प्रमाणपत्र और बिना वैधानिक कर जमा कराए सड़कों पर चलाया जाता रहा। शिकायत के अनुसार कुछ बसों को आरटीओ की अनुमति के बिना परिवर्तित कर ट्रक के रूप में इस्तेमाल किया गया। बस बॉडी हटाकर ट्रक बॉडी लगाए जाने के बावजूद न तो पुनः पंजीकरण कराया गया और न ही कर निर्धारण किया गया, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ। यह भी आरोप है कि करीब 25 वर्षों से अनफिट घोषित वाहनों से न तो कर वसूली की गई और न ही रोडवेज अधिकारियों ने कर जमा कराया। मामले की शिकायत शासन-प्रशासन से लेकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कार्यालय तक पांच बार भेजी गई, लेकिन हर बार गठित जांच समितियों की रिपोर्ट कथित रूप से अधिकारियों और वाहन स्वामियों की मिलीभगत के चलते दबा दी गई। शिकायतकर्ता का कहना है कि 50 वर्ष से अधिक पुराने इन वाहनों को आज तक नीलाम नहीं कराया गया, जबकि नियमों के तहत ऐसे अनफिट और पुराने वाहनों का समय पर निस्तारण अनिवार्य है।

## थाना ककवन पुलिस की बड़ी सफलता: 16,000 रुपये साइबर ठगी से वापस कराए

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

थाना ककवन पुलिस ने एक बार फिर तत्परता और तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए साइबर ठगी के शिकार युवक के 16,000 रुपये सकुशल वापस कराए। यह कार्यवाही दिनांक 16 को की गई। पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट कानपुर नगर के निर्देशन तथा पुलिस उपायुक्त पश्चिम, अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम एवं सहायक पुलिस उपायुक्त बिल्हौर के कुशल मार्गदर्शन में थाना ककवन पुलिस टीम ने यह सराहनीय सफलता प्राप्त की। क्या था मामला। ग्राम मलखरा, थाना ककवन निवासी विकास कुमार पुत्र महावीर के साथ साइबर ठगी की घटना घटित हुई थी, जिसमें उनके खाते से 16,000 रुपये निकाल लिए गए थे।

पीड़ित द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद थाना ककवन पुलिस ने एनसीआरपी पोर्टल की सहायता से त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई शुरू की।तकनीकी विश्लेषण और त्वरित समन्वय के माध्यम से पुलिस ने पूरी राशि को सुरक्षित कराते हुए पीड़ित को वापस दिलाया।

16,000 रुपये (पूर्ण धनराशि) बरामद करने वाली टीम। जितेन्द्र सिंह राजपूत - थानाध्यक्ष, थाना ककवन, उ0नि0 श्री यादवेन्द्र यादव - थाना ककवन, धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित विकास कुमार ने थाना ककवन पुलिस की कार्यप्रणाली की जमकर सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। जनहित में संदेश थाना ककवन पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल एनसीआरपी पोर्टल अथवा नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

इस सफल कार्यवाही से एक बार फिर सिद्ध हुआ है कि थाना ककवन पुलिस जनसेवा और सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध

ULB T-1

# Office of the Executive Officer, Nagar Panchayat Harraiya, District- Basti(U.P.)

**Letter No.: 825 (6)/NPH/WWPU_SFC/E-Tender/2025-26** **Dated: 16 February, 2026**

**Notice Inviting Tender for E-Tendering**

The NAGAR PANCHAYAT HARRAIYA, DISTRICT-BASTI invites the percentage rate bids for Utilising of Grants under Schemes S.B.M.-Urban 2.0 with Town contribution and SFC through e-tendering system from the eligible Contractors registered with autonomous body/Public Sector Department/State Government/Central Government or any government department in appropriate class applicable as the case may be. The Name with Estimated cost, EMD amount, Bid submission Date/Time, Class of work and Details of Term & Condition for Bid is available on Website http://etender.up.nic.in. **Cost of Bid Document:** as per column 6 (non-refundable). To be deposited in the account of **Nagar Panchayat Harraiya, Basti through RTGS/NEFT/ONLINE in HDFC Bank, Branch-Harraiya, Dist.-Basti in The Name of SECURITY DEPOSITE ACCOUNT No.-50100640349280(IFSC Code-HDFC0004739) by Internet Banking only. After deposited of bid document's Cost (Tender Fee) receipt uploaded on http://etender.up.nic.in. All concerned please note that the bidding process will not move onward if the bid document's Cost (Tender Fee) is not paid in by internet banking.**

1. The Bidder may submit bids for any or all of the works.
2. Date of availability of bid Document on Website : 18.02.2026 After 10:00 AM
3. Last date/Time for receipt of bid through e-procurement : 11.03.2026 up to 18:00 PM
4. Date of opening of bids through e-procurement : 12.03.2026 at 01:00 PM
5. The Employer has right to issue addendum/corrigendum as per ITB clause-9 on-line which will not be published any newspaper. All prospective biders are advised to keep regular watch and visit e- tender portal regularly.
6. For further details please log on to http://etender.up.nic.in and download the bid document/ Upload the BID.

**(Shiv Pratap Singh)**
E.O./Employer/Tender Inviting Officer
Nagar Panchayat Harraiya, Basti

# राहुल को संसद चलाने में रूचि नहीं: रिजिजू

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने एक बार फिर एनजीओ का हवाला देते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को घेरा है। रिजिजू ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता संसद के सुचारू संचालन में रुचि नहीं रखते। इतना ही नहीं रिजिजू ने अपने बयान में कहा कि कुछ गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) ने उन्हें सिखाया है कि उनकी पार्टी के लिए 'अच्छे दिन' आएंगे और इसीलिए वे सदन को बाधित कर रहे हैं। किरेन रिजिजू ने यह भी कहा कि सरकार संसद में स्थिति को शांत करने के लिए कांग्रेस को लेकर कोई और अतिरिक्त कदम नहीं उठाने जा रही है, क्योंकि उन्होंने सदन के सुचारू रूप से चलने के लिए 'कई प्रयास' किए थे, लेकिन वे व्यर्थ रहे। न्यूज एजेंसी पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में किरेन रिजिजू ने संसद में चले गतिरोध और राहुल गांधी को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी।

### 'राहुल गांधी को सदन चलाने में कोई दिलचस्पी नहीं'

उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी को सदन चलाने में कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्हें सिर्फ मुद्दे बनाने में दिलचस्पी है। कुछ गैर सरकारी संगठनों ने राहुल गांधी को सिखाया है कि तुम्हारा समय आएगा, लेकिन उनका समय नहीं आएगा। अगले चुनावों में लोकसभा में उनकी सीटों की संख्या और भी कम हो जाएगी।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस हताश है, क्योंकि पार्टी लगातार चुनाव हार रही है। वे स्थिति को बदलने के लिए बेताब हैं। अरुणाचल पश्चिम स्थित अपने लोकसभा क्षेत्र के दौरे पर गए रिजिजू ने कहा कि एनडीए को विपक्ष के सदन को बाधित करने से कोई समस्या नहीं है, क्योंकि उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल और कुछ अन्य लोगों से बात करने सहित स्थिति को शांत करने के कई प्रयास किए थे। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि संसद में छोटी पार्टियों द्वारा कांग्रेस पर सदन को बाधित न करने का दबाव था।

### 'सारा विपक्ष कांग्रेस के साथ नहीं', बोले रिजिजू

केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि संसद में छोटी पार्टियों की तरफ से कांग्रेस पर दबाव था कि वह सदन में रुकावट न डाले, क्योंकि इससे उन्हें बोलने का समय नहीं मिलता। उन्होंने कहा, 'सारा विपक्ष कांग्रेस के साथ नहीं है। छोटी पार्टियां अपनी-अपनी पार्टी के समय का इस्तेमाल नहीं कर पा रही हैं। छोटी पार्टियां राहुल गांधी से नाखुश हैं। उनमें से कुछ ने तो स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव पर साइन भी नहीं किया।

### संसद में दिखा भारी गतिरोध

रिजिजू ने कहा कि अन्य राजनीतिक दलों के कुछ सदस्य उनसे लगातार कह रहे थे कि वे चाहते हैं कि सदन का कामकाज जारी रहे। बता दें कि लोकसभा में बजट सत्र के पहले भाग के अधिकांश दिनों में व्यवधान और स्थगन देखने को मिले, जब अध्यक्ष ने गांधी को पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे के 'अप्रकाशित संस्मरण' के अंशों पर आधारित एक लेख का हवाला देने से रोक दिया, जिसमें 2020 के भारत-चीन संघर्ष का जिक्र है।

### संसद का सत्र 9 मार्च को फिर होगा शुरू

सदन में अनुशासनहीन व्यवहार के लिए विपक्ष के आठ सदस्यों को बजट सत्र के शेष समय के लिए निलंबित कर दिया गया है। वहीं विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी पेश किया और उन्हें पद से हटाने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने 'स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण' तरीके से काम किया है। अब संसद का सत्र 9 मार्च को फिर से शुरू होगा और 2 अप्रैल को समाप्त होगा।

# अबू सलेम को नहीं मिली राहत

## कोर्ट ने सजा पूरी होने के दावे वाली याचिका पर सुनवाई से किया इनकार



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने 1993 मुंबई बम धमाकों के आरोपी और कुख्यात गैंगस्टर अबू सलेम की उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है, जिसमें उसने खुद को तुरंत रिहा करने की मांग की थी। सलेम का दावा है कि वह 25 साल की सजा पूरी कर चुका है और पिछले 10 महीनों से उसे गैर-कानूनी हिरासत में रखा गया है।

### सुप्रीम कोर्ट बॉम्बे हाई कोर्ट जाने का दिया निर्देश

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सलेम के वकील से कहा कि वे इस मामले को बॉम्बे हाई कोर्ट में ही उठाएं। बेंच ने साफ किया कि हाई कोर्ट ने अभी सिर्फ अंतरिम राहत देने से मना किया है, इसलिए सलेम को वहीं जाकर अपनी अंतिम बहस पूरी करनी चाहिए। सलेम ने बॉम्बे हाई कोर्ट के जुलाई 2025 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें कोर्ट ने कहा था कि प्रथम दृष्यता में उसकी 25 साल की सजा अभी पूरी नहीं हुई है। सलेम के वकील ने महाराष्ट्र जेल नियमों का हवाला देते हुए दलील दी कि अगर अच्छे बर्ताव के बदले मिलने वाली छूट को जोड़ लिया जाए, तो सलेम अपनी सजा काट चुका है। वकील ने यह भी आरोप लगाया कि जेल प्रशासन ने जो हलफनामा दिया है, उसमें गिनती की गलती है।

### सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?

सुनवाई के दौरान जस्टिस नाथ ने कड़ी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि सलेम को समाज के लिए कुछ अच्छा न करने की वजह से 25 साल की सजा मिली थी। उसे टेररिस्ट एंड डिसरप्टिव एक्टिविटीज (प्रिवेंशन) एक्ट (टीएडीए) जैसे गंभीर कानून के तहत दोषी ठहराया गया है। कोर्ट ने सलेम को अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति दी और उसे हाई कोर्ट में मामले की सुनवाई के लिए अर्जी देने की छूट दी।

### कौन है अबू सलेम?

अबू सलेम 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट केस का दोषी है। उसे लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 11 नवंबर 2005 को पुर्तगाल से भारत लाया गया था। भारत और पुर्तगाल के बीच हुए समझौते के तहत सलेम को मौत की सजा नहीं दी जा सकती और उसकी जेल की सजा 25 साल से ज्यादा नहीं हो सकती।

# भारत युद्धाभ्यास मिलन के लिए तैयार, नौसेना ने तीन देशों के जहाजों का किया स्वागत



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। विशाखापत्तनम**

भारत 'मिलन-2026' नौसैनिक युद्धाभ्यास की मेजबानी करने जा रहा है। ऐसे में भारतीय नौसेना ने रविवार को थाईलैंड, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के नौसैनिक जहाजों का स्वागत किया। हर दूसरे वर्ष आयोजित होने वाले इस युद्धाभ्यास का उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सहयोग और सुरक्षा को बढ़ावा देना है। तीन देशों के नौसैनिक जहाजों के बारे में एक्स पर कई पोस्टों में विवरण साझा करते हुए भारतीय नौसेना की पूर्वी नौसेना कमान ने कहा, 'स्वागत है! भारतीय नौसेना रॉयल थाई नौसेना के अपतटीय गश्ती पोत एचटीएमएस क्राबी का विशाखापत्तनम पहुंचने पर स्वागत करती है, जो आईएफआर 2026 इंडिया और मिलन 2026 में भाग लेने के लिए आई है।' ऐसे ही दो अन्य पोस्ट में रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना का फ्रिगेट एचएमएएस वारामुंगा और श्रीलंकाई नौसेना के एसएलएनएस नंदी मित्रा और एसएलएनएस सागरा की भी जानकारी दी।

### दो चरणों में होगी नौसैनिक युद्धाभ्यास

भारत के सबसे बड़े नौसैनिक आयोजनों में से एक अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा (आईएफआर) में मिलन अभ्यास के दौरान इस बार 65 देशों के प्रतिनिधित्व के साथ 19 विदेशी युद्धपोतों सहित 71 जहाजों की भागीदारी देखने को मिलेगी। मिलन अभ्यास 19-20 फरवरी को बंदरगाह चरण में और 21-25 फरवरी को बंगाल की खाड़ी में समुद्री चरण में होगा। गौरतलब है कि आईएनएस विक्रांत पहले ही विशाखापत्तनम पहुंच चुका है और इस भव्य आईएफआर का हिस्सा होगा। 18 फरवरी को राष्ट्रपति द्वारा समुद्र में आईएफआर की समीक्षा की जाएगी। इस कार्यक्रम में कुल 71 जहाज भाग लेंगे, जिन्हें छह श्रेणियों में व्यवस्थित किया गया है, जिनमें 19 विदेशी युद्धपोत और भारतीय नौसेना के 45 जहाज शामिल हैं। शेष जहाजों में तटरक्षक बल, व्यापारिक नौसेना और अनुसंधान पोत शामिल हैं।

### 1995 में चार देशों के साथ हुई थी शुरुआत

दो चरणों में होने वाले इस नौसैनिक युद्धाभ्यास में अमेरिका, रूस, फ्रांस और जापान सहित कई देशों के साथ संयुक्त अभ्यास होगा। हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी में 25 तटीय देशों के नौसेना प्रमुख शामिल हैं। समुद्री डकैती, आपदा राहत और अवैध गतिविधियों से निपटने के लिए साझा कार्यप्रणाली पर भी चर्चा होगी। बता दें कि मिलान सैन्य अभ्यास, जिसकी शुरुआत 1995 में केवल चार देशों के साथ हुई थी, अब विश्व भर की 65 नौसेनाओं को शामिल कर चुका है।

# 'भाजपा के दरवाजे खुले, सुरक्षित सीट से लड़ाएंगे चुनाव' भूपेन बोरा के इस्तीफे के बाद सीएम सरमा का ऑफर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



असम की राजनीति में सोमवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया। वरिष्ठ नेता और पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा ने पार्टी छोड़ दी है। इसके बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने उन्हें भाजपा में शामिल होने का खुला न्योता दे दिया।

### सुरक्षित सीट से चुनाव जिताने की कोशिश

सीएम सरमा ने कहा कि अगर भूपेन बोरा भाजपा में शामिल होते हैं, तो उन्हें सुरक्षित सीट से चुनाव जिताने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि वह मंगलवार शाम को बोरा के आवास पर जाकर उनके भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करेंगे। हालांकि, सरमा ने स्पष्ट किया कि अब तक बोरा या भाजपा के बीच किसी प्रकार की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष बातचीत नहीं हुई है।

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना: 25 लाख महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपये, सीएम ने ट्रांसफर किए 2,500 करोड़

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1, अणे मार्ग स्थित संकल्प सभागार से 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' के तहत 25 लाख लाभुक महिलाओं के खाते में 10,000 रुपये प्रति महिला की दर से 2,500 करोड़ रुपये का अंतरण किया। इसके पूर्व 1 करोड़ 56 लाख महिलाओं के खाते में 15,600 करोड़ रुपये पहले ही अंतरित किए जा चुके हैं। अब कुल 1 करोड़ 81 लाख महिलाओं के खाते में 18,100 करोड़ रुपये की राशि पहुंचाई जा चुकी है।

### मुख्यमंत्री का संदेश और लाभार्थियों का अभिनंदन

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बड़ी संख्या में जुड़ीं सभी महिला लाभार्थियों का हार्दिक अभिनंदन करता हूँ। बहुत खुशी की बात है कि आज 'महिला रोजगार योजना' के तहत 25 लाख महिलाओं को दस-दस हजार रुपये की सहायता राशि भेजी जा रही है। कुल मिलाकर 1 करोड़ 81 लाख महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस योजना से कई महिलाओं ने अपनी पसंद का रोजगार शुरू किया है। जो महिलाएं अपना रोजगार अच्छे से करेंगी, उन्हें आगे 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब जो परिवार बचे हैं, उन्हें भी जल्द ही सहायता राशि दी जाएगी।



### सात निश्चय-3 और योजनाओं का विवरण

अगले 5 वर्षों (2025-2030) में विकास की गति को तेज करने के लिए 'सात निश्चय-3' का गठन किया गया है। इसके अंतर्गत पहले निश्चय 'दोगुना रोजगार-दोगुनी आय' के तहत राज्य की प्रति व्यक्ति औसत आय को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए हर परिवार की एक महिला को 10,000 रुपये तक की सहायता दी जा रही है। राज्य सरकार द्वारा 26 सितंबर से 28 नवंबर 2025 तक कुल 5 चरणों में 1 करोड़ 56 लाख महिला लाभुकों के खाते में राशि अंतरित की गई। इसमें ग्रामीण क्षेत्र में 1 करोड़ 44 लाख और शहरी क्षेत्र में 12 लाख लाभुकों के खाते शामिल थे। आज 25 लाख महिला लाभुकों को 10,000 रुपये प्रति लाभुक की दर से कुल 2,500 करोड़ रुपये का अंतरण किया गया।

### महिला सशक्तिकरण पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरू से ही महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया गया है। पहले बिहार में स्वयं सहायता समूह की संख्या बहुत कम थी। वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर राज्य में स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया जिसे 'जीविका' नाम दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10,000 रुपये की राशि महिलाओं को अपना रोजगार शुरू करने में मदद करेगी। इससे परिवार खुशहाल होगा और बिहार का विकास तेजी से होगा। महिलाओं में आत्मविश्वास देखकर उन्हें बहुत खुशी होती है।

### लाभार्थियों के अनुभव

चंदू भारती, मुजफ्फरपुर जिले की रहने वाली और वैष्णवी जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी, ने बताया कि योजना की राशि से उन्होंने गाय खरीदी और दूध बेचकर आमदनी शुरू की। आगे 2 लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता से सिलाई सेंटर खोलने की योजना है। शबीना खातून, नालंदा जिले की रहने वाली और मोहादिया जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी, ने बताया कि योजना की राशि से उन्होंने दूध का व्यवसाय शुरू किया है। उन्होंने कहा कि इससे उनका जीवन बदल गया और आत्मविश्वास बढ़ा। योजना से उनके परिवार खुशहाल हुए और बच्चों की पढ़ाई व जीवन स्तर में सुधार हुआ।

### कार्यक्रम और उपस्थित अधिकारी


कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इसके अलावा, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारी, लाभार्थी और गणमान्य व्यक्ति जुड़े हुए थे। कार्यक्रम में 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' पर आधारित एक लघु फिल्म की प्रस्तुति भी की गई।

# दिल्ली पुलिस स्थापना दिवस में शामिल हुए केंद्रीय गृह मंत्री नए आपराधिक कानूनों को बताया उपलब्धि

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस परेड में समारोह में पहुंचे। यहां उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा आने वाले समय में देश में तीन नए आपराधिक कानून लागू हो जाएंगे। इससे देश में आपराधिक मामलों में सजा की दर 80 फीसदी बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा माओवादी हिंसा के खिलाफ लड़ाई अपने आखिरी दौर में है और इस वर्ष मार्च तक यह खतरा हमेशा के लिए खत्म होने का भरोसा जताया। उन्होंने आगे बताया कि पिछले 11 वर्षों में देश ने बहुत कुछ हासिल किया है। इसमें ये तीन नए न्याय आधारित आपराधिक कानून भी शामिल हैं। यह कानून लागू होने के बाद मामलों का निपटारा करने और सजा कू दर को बढ़ाने में मददगार साबित होंगे। गृह मंत्री ने तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का जिक्र भी किया। इन सभी ने 1 जुलाई 2024 को आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह ली।

# पहाड़ खोदकर चीन ने बना डाले परमाणु ठिकाने सैटेलाइट तस्वीरों से बड़ा खुलासा, दिखे बड़े-बड़े बंकर



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बीजिंग**

अमेरिका ने कई बार यह दावा किया कि चीन ने गुप्त रूप से परमाणु परीक्षण किया है। हालांकि चीन ने इस तरह के दावों को नकारा और अमेरिका के आरोप को निराधार और सरासर झूठ बताया, लेकिन इन सब आरोप-प्रत्यारोप के बीच ड्रैगन की सीक्रेट चाल का खुलासा हो गया है। जिसके बाद भारत की टेंशन बढ़ सकती है।

### चीन की नई चाल का सैटेलाइट तस्वीरों से खुलासा

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार चीन अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को तेजी से बढ़ा रहा है। बीजिंग दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत में पहाड़ों के अंदर गुप्त रूप से परमाणु हथियारों से जुड़ी सुविधाओं का तेजी से विस्तार कर रहा है। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में रविवार को बताया कि 2022 और 2026 के बीच ली गई उपग्रह तस्वीरों के भू-स्थानिक विश्लेषण से दक्षिण-पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत में गुप्त परमाणु हथियार सुविधाओं के महत्वपूर्ण विस्तार का पता चला है।

### घाटी में नए बने बंकर और दीवारें दिखी

भू-स्थानिक खुफिया विशेषज्ञ रेनी बाबियारज द्वारा साझा किए गए निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि 2019 से चीन के परमाणु निर्माण में तेजी आई है, जो देश की रणनीतिक क्षमताओं में एक अहम मोड़ है। सिचुआन में जिटोंग नाम की एक साइट पर इमेज से घाटी में नए बने बंकर और दीवारें दिखती हैं। उस जगह पर एक नए बने कॉम्प्लेक्स में बड़ा पाइपिंग इंफ्रास्ट्रक्चर है, जिसके बारे में एनालिस्ट्स का कहना है कि यह उन सुविधाओं से मेल खाता है, जो खतरनाक मटीरियल को हैंडल करती हैं।

### इसलिए किया जा रहा बंकरों का इस्तेमाल

विश्लेषण में बताए गए एक्सपर्ट्स का अंदाजा है कि बंकरों का इस्तेमाल शायद उच्च-विस्फोटक परीक्षण करने के लिए किया जा रहा है। यह एक प्रक्रिया है, जिसका इस्तेमाल केमिकल डेटोनेटर को रिफाइन करने के लिए किया जाता है, जो एक वॉरहेड में न्यूक्लियर मटीरियल को कंप्रेस करते हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक चीन लगातार अपनी रणनीतिक स्थिति को मजबूर करने में जुटा है।

# बंगाल में एईआरओ अफसरों के निलंबन पर सियासी घमासान, भाजपा-टीएमसी आमने सामने, लगाए एक दूसरे पर आरोप

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग ने एक फैसले से सियासी हलचल तेज हो गई है। मामले में आयोग ने सात असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (एईआरओ) को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इन अधिकारियों पर वोटर लिस्ट सुधारने के काम में लापरवाही और अपनी शक्तियों के गलत इस्तेमाल का आरोप है। भाजपा के वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी ने इस फैसले को ऐतिहासिक बताया है। सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को कहा कि यह पहली बार है जब चुनाव आयोग ने सीधे सजा देने के अपने कानूनी अधिकार का इस्तेमाल किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार ने इन अधिकारियों को गलत काम करने के लिए उकसाया था। अधिकारी ने चेतावनी दी कि अगर राज्य सरकार ने इन लोगों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू नहीं की।

# सबरीमाला में महिलाओं के साथ भेदभाव मामले में नौ जजों की पीठ गठित, सात अप्रैल से होगी सुनवाई

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट की 9-न्यायाधीशों की बेंच 7 अप्रैल से धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के भेदभाव के मामलों पर सुनवाई शुरू करेगी। इस मामले में प्रमुख रूप से केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि सभी पक्ष अपनी लिखित दलीलें 14 मार्च तक जमा करें। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह सबरीमाला फैसले की समीक्षा का समर्थन करते हैं। बेंच में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली शामिल हैं। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ वकील परमेश्वर और शिवम सिंह को एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त किया है, ताकि न्यायालय को आवश्यक मार्गदर्शन और पक्षों की दलीलों का विश्लेषण प्रदान किया जा सके। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया है कि सुनवाई 22 अप्रैल तक पूरी की जाएगी। सबरीमाला फैसले की समीक्षा का समर्थन करने वाले पक्षों के लिए कृष्ण कुमार सिंह को नोडल काउंसल नियुक्त किया गया है, जबकि फैसले का विरोध करने वालों के लिए शश्वती परी को नोडल काउंसल बनाया गया। नेता प्रतिपक्ष वी डी सतीशन ने मुख्यमंत्री विजयन से पूछा कि क्या सरकार अब भी सुप्रीम कोर्ट में दायर अपने पुराने हलफनामे के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार महिलाओं के प्रवेश के पक्ष में है तो उसे मजबूती से अदालत में यही बात रखनी चाहिए। अगर नहीं है तो हलफनामा वापस लिया जाए। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने भी कहा कि पूरे केरल में सरकार से साफ रुख की मांग हो रही है और पीछे हटना जनता के साथ धोखा होगा। सत्तारूढ़ दल सीपीआई(एम) ने विपक्ष के आरोपों को खारिज किया है। पार्टी के राज्य सचिव एम वी गोविंदन ने कहा कि सरकार अपना पक्ष अदालत में ही रखेगी और अभी इसे सार्वजनिक करना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा कि भक्तों की भावनाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों दोनों का सम्मान किया जाएगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता ए विजयराघवन ने भी कहा कि यह मामला बेहद जटिल है और सभी पक्षों को सुनने के बाद ही कोई ठोस फैसला लिया जाना चाहिए।

### सुनवाई से पहले बढ़ी सियासी हलचल

यह मुद्दा इसलिए फिर सामने आया है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट सोमवार को 2018 के फैसले से जुड़े रिव्यू और रिट याचिकाओं पर विचार करने वाला है। उस फैसले में हर उम्र की महिलाओं को भगवान अयप्पा के मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी गई थी। विपक्षी कांग्रेस का कहना है कि सरकार को अदालत में जाने से पहले जनता को अपना रुख साफ-साफ बताना चाहिए। उनका आरोप है कि सरकार इस संवेदनशील मुद्दे पर अब तक असमंजस की स्थिति में है। 11 मई 2020 को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि पांच-न्यायाधीशों की बेंच सीमित समीक्षा शक्तियों के तहत कानून के सवालों को बड़े बेंच को भेज सकती है। 2018 के सबरीमाला फैसले ने सभी उम्र की महिलाओं के मंदिर प्रवेश को अनुमति दी थी।सुप्रीम कोर्ट ने धार्मिक स्वतंत्रता और संविधान के अनुच्छेद 25 एवं 26 के दायरे पर सात प्रमुख सवाल भी तैयार किए हैं। इसमें यह भी स्पष्ट किया गया कि धार्मिक समूह या संप्रदाय की प्रथाओं को किसी अन्य व्यक्ति द्वारा पीआईएल (जनहित याचिका) के माध्यम से चुनौती दी जा सकती है या नहीं। सबरीमाला मामले के अलावा बेंच ने मस्जिदों और दरगाहों में मुस्लिम महिलाओं के प्रवेश और पारसी महिलाओं के अगियारी (पवित्र अग्नि स्थल) में प्रवेश से जुड़े मुद्दों को भी बड़े बेंच के समक्ष भेजा है।

# डंपिंग ग्राउंड के मुद्दे पर शुरू हुई राजनीति कांग्रेस ने लगाया किसानों के उत्पीड़न का आरोप



**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

लोनी क्षेत्र के मीरपुर गांव में बीते दिवस हुई पुलिसिया लाठी चार्ज की गूंज लखनऊ तक सुनाई दिया। विपक्ष के नेता इसे नागरिकों के साथ अत्याचार तो सत्ताधारी इसे न्यायालय के निर्णय के तहत बताकर कुछ भी कहने से बचने का प्रयास किया। जबकि घटना स्थल पर किसानों के धरना फिर आरम्भ हो गया है। पुलिस कार्यवाही के बाद से धरने की संख्या पर असर पड़ा है लेकिन विपक्ष के नेताओं के लगातार पहुंचने से जनबल बढ़ा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा के धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों के साथ खड़े होने की बात कही है। जबकि कल की घटना की कड़ी निंदा करते हुए क्षेत्रीय जनभावना के तहत कार्य करने की बात प्रशासन से कही। जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा बोले किसानों की आवाज दबाने की हर साजिश का डटकर होगा विरोध करेगी। उन्होंने कहा किसान देश की रीढ़ हैं। यदि उनकी आवाज को दबाया जाएगा तो कांग्रेस का हर एक सिपाही उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा। हम सरकार की मंशा को सफल नहीं होने देंगे। किसानों के समर्थन में पहुंचे कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में पीसीसी सदस्य राजाराम भारती, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष उमेश त्यागी, जिला महामंत्री रिजवान मलिक, महफूज अली, विनोद धामा, बीडी दुबे और जिला सचिव सत्य प्रकाश त्यागी सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

### किसानों के साथ एकजुटता का संदेश

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने प्रभावित किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और हर स्तर पर संघर्ष का भरोसा दिलाया। नेताओं ने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध हर नागरिक का अधिकार है और किसानों पर बल प्रयोग अस्वीकार्य है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों के साथ अन्याय बंद नहीं हुआ तो पार्टी व्यापक आंदोलन छेड़ने से पीछे नहीं हटेगी।